देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



जम्मू कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे... 12

सफेद हाथी बना, 32 लाख रुपए से कूड़ा निस्तारण... 10




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 223
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 27 मई, 2024


# योगी सरकार में थर-थर कांप रहे हैं माफिया

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीरजापुर में जनसभा को किया संबोधित

- कहा, इंडी गठबंधन धार्मिक आधार पर आरक्षण देकर बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहता है
- आपके एक वोट से राम मंदिर बना और मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी बन रहा: पीएम मोदी
- बोले पीएम, यूपी में योगी सरकार मेरे सफाई अभियान को बहादुरी से बढ़ा रही है आगे
- पीएम ने रॉबर्ट्सगंज, मीरजापुर लोकसभा और दुद्धी विधानसभा के लिए किया प्रचार
- नेक नियत, नेक नीतियां और नेशन फर्स्ट के कारण हमें मिल रहा जनता का प्यार - मोदी
- सपा ने 2012 में भी किया था धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का प्रयास - मोदी

**जन एक्सप्रेस । मीरजापुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया के सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। पीएम ने कहा कि सपा सरकार में जनता थर थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर थर कांप रहे हैं। पीएम मोदी रविवार को यहां मझवां में मीरजापुर से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

### ज्येष्ठ का महीना हमारी परंपरा में विशेष

पीएम मोदी ने मां विंध्यवासिनी, बड़ी शीतला, मां अष्टभुजी और काली खोह को प्रणाम करते हुए कहा कि ज्येष्ठ का महीना हमारी परंपरा में विशेष होता है। इसका हर मंगलवार बहुत खास होता है। कोई इसे बड़ा मंगल कहता है, तो कोई बुढ़वा मंगल। इस बार ये बुढ़वा मंगल और भी विशेष है क्योंकि 500 साल बाद ये पहला बड़ा मंगल होने वाला है, जब बजरंगबली के आराध्य प्रभु श्रीराम अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजे होंगे। ये इतनी बड़ी खुशी है कि हम सब से ज्यादा तो बजरंगबली खुश होंगे। ये मंगल अवसर और इतना बड़ा पुण्य कार्य आपके एक वोट के कारण आया है।



### धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में यूपी विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। सपा ने डंके की चोट पर कहा था कि वो इसके लिए संविधान तक बदल देगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया इसमें फिर मुसलमानों को आरक्षण देने का ऐलान किया। सपा ने घोषणा की थी कि पुलिस और पीएसी में भी 15 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दिया जाएगा। ये लोग अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीनने में लगे हैं। ये पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक मुसलमानों को देते रहे हैं, मगर कभी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इसपर रोक लगाती है। इसे देखते हुए अब इन्होंने आखिरी उपाय के रूप में संविधान में बदलाव करना चाहते हैं।

### कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। ये लोग घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। ये पकड़े हुए आतंकियों को छोड़ते थे और आतंकवादियों को पकड़ने वाले पुलिसवालों को सस्पेंड कर देते थे। इन्होंने पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है। हमारे योगी जी और उनकी सरकार मेरे स्वच्छता अभियान को बहुत बहादुरी से आगे बढ़ा रहे हैं।

### मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि 6 चरणों के चुनाव में देश ने तीसरी बार बीजेपी और एनडीए की बहुत मजबूत सरकार बनना पक्का कर दिया है। भारत ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन क्यों बनाया, इसका सीधा सीधा कारण है हमारी नेक नियत, नेक नीतियां और नेशन फर्स्ट। उन्होंने कहा कि हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।



### आप सिर्फ एमपी नहीं पीएम भी चुन रहे हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस वाले वोट बैंक को समर्पित है, जबकि मोदी गरीब, दलित पिछड़ों के हितों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज नारी शक्ति का अनुपम उदाहरण है। बहन रिंकी कोल रॉबर्ट्सगंज की पहली महिला उम्मीदवार हैं। पीएम ने कहा कि मैं बचपन में कप प्लेट धोते धोते बड़ा हुआ हूं। यहां आपका एक एक वोट नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

## जन सुविधाओं के लिए तरसाने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसाना है: सीएम

### सीएम ने मीरजापुर एवं रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट

- बोले सीएम, पीएम ने 140 करोड़ देशवासियों को परिवार मानकर उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए किया काम
- बोले, मीरजापुर और सोनभद्र में संसाधनों को लूटने वालों से हिसाब लेने का वक्त आ गया है
- पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्ते पर दौड़ रहा प्रदेश, मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज इसका उदाहरण

**जन एक्सप्रेस । मीरजापुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत, जो आज दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हुआ है। जिसने दुनिया में अपने सम्मान को मजबूती के साथ बढ़ाया है। 10 वर्षों में भारत ने अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ विकास के नए-नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ जनता को परिवार मानकर हर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मीरजापुर एवं रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशियों के लिए मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहे। सीएम योगी ने जनसभा में केंद्रीय मंत्री एवं मीरजापुर से प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज लोकसभा की प्रत्याशी व विधायक रिंकी कोल के पक्ष में वोट की अपील की।

### जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मीरजापुर और सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। कमिश्नरी में जल्द ही विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी, इसलिए वे विकास के बारे में नहीं सोचती थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अकेले मीरजापुर में एक लाख से अधिक गरीबों को सर ढकने के लिए पीएम आवास उपलब्ध कराए हैं। मीरजापुर और सोनभद्र में हंड्रेड परसेंट सैचुरेशन के लक्ष्य के साथ कोल, गौड़, चेरो, थारू, मुसहर जाति के लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। यहां की जनता 2014 से पहले एक-एक बूंद पानी के लिए तरसती थी। यह हाल आजादी के 70 वर्षों तक रहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में हर घर नल योजना के तहत मीरजापुर और सोनभद्र में हर नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया। ऐसे में मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज में एनडीए के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाना है। सीएम योगी ने कहा कि देश में सबसे अधिक कांग्रेस और प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने शासन किया। इसके बावजूद इन्होंने आपको एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया है।

### श्रवण कुमार को अपने बुजुर्ग मां-बाप को कंधे पर बैठाकर दर्शन नहीं कराने पड़ते

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत में विरासत का सम्मान हो रहा है। देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की जो यात्रा प्रारंभ की है, मीरजापुर और सोनभद्र इसका उदाहरण है। सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम नये रूप में पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वहीं अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। पहले विंध्यवासिनी धाम में नवरात्रि के दौरान लोग सशंकित रहते थे कि यहां कब क्या हो जाए, लेकिन आज विंध्यवासिनी धाम में मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का काम अंतिम दौर में है। अब यहां किसी श्रवण कुमार को बुजुर्ग मां-बाप को कंधे पर कांवड़ में बैठाकर दर्शन कराने की नौबत नहीं आएगी, क्योंकि रोपवे बनकर तैयार हो गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल, दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ आदि उपस्थित थे।

## देशभर में दस लाख से ज्यादा सड़क हादसों में बीमा के दावे लंबित, पीड़ितों को मदद का इंतजार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में सड़क हादसों को लेकर कई तरह की जानकारियां सामने आती रहती हैं। ऐसे में आरटीआई के जरिए ये बात सामने आई है कि 10,46,163 मोटर हादसे, जो कि 80,455 करोड़ के दावे देशभर में लंबित पड़े हैं। बीमा के ये मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साल 2018-19 से 2022-23 के दौरान ये जानकारी आरटीआई से सामने आई है।

### आरटीआई से हासिल की गई जानकारी

सुप्रीम कोर्ट के वकील केसी जैन ने अप्रैल 2024 में इरडा यानी इंश्योरेंस रेग्युलेटरी एंड डेवलेपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ये जानकारी आरटीआई के जरिए दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर में मोटर वाहन हादसे के लंबित दावों की राज्य और जिला के आधार पर दी है। मोटर वाहन के लंबित दावों को लेकर पिछले पांच सालों में केंद्र सरकार की तरफ से कोई कदम उठाया गया है या नहीं। अगर उठाया गया है तो उसकी जानकारी। इरडा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, और 2022-23 के दौरान मोटर वाहन हादसों के लंबित दावों की संख्या 9,09,166, 9,39,160, 10,08,332, 10,39,323 और 10,46,163 रही। वहीं, इस दौरान दावों की राशि क्रमशः 2,713 करोड़ रुपये, 61,051 करोड़ रुपये, 70,722 करोड़ रुपये, 74,718 करोड़ रुपये, और 80,455 करोड़ रुपये रहा।

### इरडा ने दी अहम जानकारी

इरडा के मुताबिक, वह जिला और राज्य के आधार पर मोटर थर्ड पार्टी दावों की जानकारी नहीं जुटाता है। वहीं, सड़क सुरक्षा कार्यकर्ता ने इस बात पर चिंता जताई कि सड़क हादसे में पीड़ित को आर्थिक मदद मिलने में औसतन 4 साल का समय लगता है इरडा की जानकारी के मुताबिक, 2022-23 में मोटर हादसों के 10,39,323 नए मामले सामने आए, मगर इसमें से सिर्फ 29 फीसदी मामलों में ही सेटलमेंट किया गया। इन दावों को पूरा करने में भी लगभग 4 साल का वक्त लगाया गया। जैन ने सुप्रीम कोर्ट में सिविल विट पिटीशन दायर कहा कि सड़क हादसों के पीड़ितों को देर से मिलने वाली आर्थिक मदद और फैसले को लेकर एप्लिकेशन दी।

## उड़नखटोले में बैठकर बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेंगे श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली मथुरा-वृंदावन में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु रोप-वे के जरिए आराध्य बांकेबिहारी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों तक पहुंच सकेंगे। इस परियोजना से शुरुआत वृंदावन से की जाएगी। प्रस्तावित क्षेत्र का शनिवार को उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों ने तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण किया। रोप-वे के बनने के बाद वृंदावन में लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। इस योजना पर 80 से 100 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर खर्च आने का प्रारंभिक अनुमान है। परियोजना तीन चरणों में पूरी होगी। पहले और दूसरे चरण के तहत वृंदावन और तीसरे चरण में मथुरा में विस्तार होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने नेशनल रोप-वे डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर वृहद रोप-वे का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह और नेशनल रोप-वे डेवलपमेंट प्रोग्राम के सीईओ प्रकाश गौड़ सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सीईओ ने बताया कि रोप-वे का प्लान तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण में यह छटीकरा मार्ग पर वैष्णो देवी मंदिर से शुरू होकर बिहारीजी मंदिर होकर दारुक पार्किंग तक जाएगा। इसके बीच चंद्रोदय मंदिर, मल्टीलेवल पार्किंग, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर, अटल्ला चुंगी तक आठ स्टेशन बनाए जाएंगे। पूरी दूरी में 40 टावर बनाए जाएंगे। पहले चरण में बनने वाला रोप-वे 7.9 किमी लंबा होगा।

## चलती रोडवेज बस में लगी आग
### खिड़कियों से कूद कर यात्रियों ने बचाई जान

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



खैर थाना अंतर्गत अलीगढ़-पलवल-खैर हाईवे स्थित गांव सुजानपुर और गौमत चौराहे के बीच 26 मई की दोपहर शॉर्ट सर्किट से एक रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख बस में बैठी 60-70 सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने राहगीरों की मदद से खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। पुलिस कंट्रोल रूम को बस में आग लगने की सूचना दी गई, जिस पर फायर ब्रिगेड कर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे। बस में आग पर काबू पा लिया गया। बुद्ध विहार डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी87T1966 नोएडा से 60-70 सवारियां लेकर अलीगढ़ की तरफ जा रही थी। जैसे ही बस गांव सुजानपुर और गौमत चौराहे के बीच पहुंची, तभी अचानक बस में आग की लपटें उठने लगीं। हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने आग लगने की सूचना रोडवेज बस चालक को दी। चालक ने बस को सड़क किनारे लगा दिया। बस में आग लगने की जानकारी होते ही सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में से निकलने के लिए यात्रियों ने राहगीरों की मदद ली और शीशे की खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। रोडवेज बस को जलता देख ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करने लगे, पर आग नहीं बुझी। सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड के कर्मी पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। रोडवेज के चालक-परिचालक ने बताया कि चलती रोडवेज बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

## नागपुर, औरंगाबाद और गोवा की उड़ानें दो जुलाई से शुरू

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इंडिगो की अमौसी एयरपोर्ट से नागपुर, औरंगाबाद होते हुए गोवा की कनेक्टिंग उड़ानें दो जुलाई से शुरू होंगी। इनका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जल्द बुकिंग खोल दी जाएगी। इनका किराया तीन से पांच हजार रुपये के बीच होगा। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7462 सुबह 7.30 बजे लखनऊ से रवाना होकर सुबह 9.20 बजे नागपुर पहुंचेगी। वापसी में गोवा से फ्लाइट 6ई-7467 दोपहर 2.10 बजे रवाना होकर शाम 4.10 बजे औरंगाबाद और वहां से शाम 4.40 बजे उड़ान भरकर शाम 6.10 बजे नागपुर पहुंचेगी। इसके बाद नागपुर से शाम 6.30 बजे रवाना होकर रात सवा आठ बजे लखनऊ पहुंचेगी।

**रिपोर्ट** इन खिलाड़ियों ने आगरा के जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में जारी 14वें फेडरेशन कप के दूसरे दिन एरोबिक्स फिटनेस एंड स्पोर्ट्स में मेडल जीते

## थाइलैंड में होने वाली एशिया चैंपियनशिप में धाक जमाएंगे यूपी के खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

- प्रदेश में युवाओं के खेल के प्रति बदले माहौल से पिछले दिनों में कई प्रतिभा सामने आई हैं
- थाईलैंड में भी मेडलों की झड़ी लगने की है उम्मीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी प्रदेश और देश ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय फलक पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने और छाप छोड़ने को बेताब हैं। प्रदेश के कई युवा खिलाड़ियों ने थाइलैंड में होने वाली एशिया चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का किया है।

इन खिलाड़ियों ने आगरा के जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में जारी 14वें फेडरेशन कप के दूसरे दिन एरोबिक्स फिटनेस एंड स्पोर्ट्स में मेडल जीते। साथ ही, थाइलैंड में होने वाली एशिया चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का किया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदेश में युवाओं के खेल के प्रति बदले माहौल ने पिछले दिनों में कई प्रतिभाओं को सामने लाया है। अब फेडरेशन कप में शानदार प्रदेश ने युवाओं की प्रतिभा को एक बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका दिया है।



### अपनी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का मौका मिलेगा

अब एशियन चैंपियनशिप में उन्हें अपनी प्रतिभा को बड़े स्तर पर दिखाने का मौका मिलेगा। इसको लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ इससे जुड़े लोगों में खुशी दिख रही है।

### बधाई का तांता लगा, मिला आशीर्वाद

चुने गए युवा खिलाड़ियों को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। घर परिवार के साथ ही खेल संघ वह शुभचिंतकों से खूब आशीर्वाद मिल रहा है। यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे और सचिव राहुल पालीवाल के अलावा बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार, एरोबिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष देशमुख, यूपी एरोबिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. यश पाराशर, महासचिव एमएल साहू ने आयोजन सचिव मालविका बाजपेई के अलावा यूपी टीम कोच राहुल राज और विजय कुमार को इन नतीजों के लिए मुबारकबाद दी।

### लखनऊ के खिलाड़ियों का भी दबदबा

लखनऊ के नूरा, अनाहत, आरना के अलावा यूपी के अन्य हिस्सों से वैष्णवी, शुभ, और कार्तिक ने अंडर-12 में सिल्वर मेडल जीता। अंडर-19 मेगा इवेंट में आकाश, आर्यांशी, यशस्वी, साक्षी, नव्या और पलक ने सिल्वर मेडल जीत सीनियर इवेंट में स्टेट के लिए मेडल जीते। इन युवा प्रतिभाओं ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

# पूर्व सांसद रेवती रमण पर चुनाव प्रभावित करने के आरोप में केस

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



करेली में शनिवार को गठबंधन प्रत्याशी के पिता व पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के मतदान केंद्र के बाहर पहुंचने पर हंगामा हो गया। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, आचार संहिता उल्लंघन के साथ चुनाव प्रभावित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उन्हें मय चालक हिरासत में ले लिया गया। फिर आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मामले में चालक व 50 अज्ञात समर्थकों को भी आरोपी बनाया गया है। उधर पूर्व सांसद ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया। पूर्व सांसद प्रयागराज लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता हैं। वह शनिवार शाम चार बजे के करीब अचानक करेली के 60 फीट रोड पर स्थित राजस्व प्रशिक्षण मतदान केंद्र के पास पहुंच गए। उनके पहुंचते ही वहां समर्थकों की भीड़ जुट गई। जानकारी पर पहुंचे एसीपी करेली पुष्कर वर्मा से उनकी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद उन्हें थाने में लाकर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बाद में प्रत्याशी उज्जवल रमण के पहुंचने पर उन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद छोड़ दिया गया। उधर सपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में निर्वाचन कार्य देख रहे केके श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से बात की है। रिपोर्ट करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार राय की तहरीर पर दर्ज की गई। इसमें बताया कि मतदान के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुंवर रेवती रमण सिंह वाहन में गनर के साथ आकर मतदान केंद्र लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र के सामने रुके हैं। समर्थकों को अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर देखा कि वहां काफी भीड़ लगी थी। रेवती रमण फॉर्च्यूनर कार में चालक चंद्रशेखर व दो गनर संग बैठे थे। वाहन पास मांगने पर चालक ने जिला निर्वाचन, प्रयागराज का दिनांक 07/05/2024 को निर्गत वाहन पास दिखाया जिसमें 23.05.2024 की शाम 05:00 बजे तक अनुमति अंकित है। निर्देश के विपरीत पास वाहन के शीशे पर भी चस्पा नहीं था। वाहन के आगे दाहिने तरफ सपा का झंडा लगा था व अंदर तीन और झंडे लगे मिले। आरोप है कि समर्थक पुलिस के विरुद्ध मुर्दाबाद का नारा लगाने लगे व अमर्यादित बातें करते हुए चुनाव बहिष्कार व किसी भी मतदाता को वोट नहीं डालने देने की बात कहने लगे। काफी समझाने के बाद भी शांत नहीं हुए और समर्थकों समेत पुलिस पार्टी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास करने लगे।

**''मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया जा रहा था। यह शिकायत मिलने पर मैं करेली गया। वहां पुलिस अफसर ने अभद्रता की। इसके बाद मुझे थाने चलने को कहा गया, जिस पर मैं थाने में जाकर बैठ गया। अभद्रता के मामले में मैं भी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा लिखाऊंगा''**

**- रेवती रमण सिंह, पूर्व सांसद**

# रोशनदान उखाड़कर चोरों ने लाखों के आभूषण किए पार

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**



मकान की दीवाल से रोशनदान को तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां से चोर सोने चांदी के कीमती आभूषण सहित नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। ग्रहस्वामी की सूचना मिलते ही सीओ व थानाध्यक्ष फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहोनी निवासी राजेंद्र भदौरिया के पशुबाड़ा में रोशनदान लगा हुआ है। पशुबाड़े में लगे रोशनदान को निकालकर चोर सूर्य प्रताप सिंह के घर के अंदर घुस गए। घर में घुसे चोरों ने कमरे के अंदर रखे बक्सा व अटैची खंगालनी शुरू कर दी, और जिसमें रखी सोने की जंजीर, मंगलसूत्र, वृजवाला, टोक्स, तोडिया व सहित 7 हजार रुपए नगद लेकर चम्पत हो गए। सुबह जागे ग्रहस्वामी के परिजनों ने कमरे के अंदर बिखरा पड़ा सामान देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने खबर पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही सीओ शैलेन्द्र वाजपेई, एसओ नागेन्द्र पाठक पहुंच गए और उन्होंने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने पडोसी राजेन्द्र भदौरिया के पशुबाड़ा में फैली पानी की बोतल, पालीथिन को कब्जा में ले लिया। वही घर से करीब 100 मीटर दूर बगैचा में पालीथिन, छोटी गोलक सहित सामान पड़ा मिला। फिलहाल मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी बारीकी से साक्ष्य एकत्रित किए। मामले में सीओ शैलेन्द्र वाजपेई का कहना हैं कि फारेंसिंग जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चोरी का खुलासा हो सकेगा।

## पुलिस ने चोर को चोरी के 2 बोरी गेहूं के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में रैपुरा पुलिस ने एक चोर को 2 बोरी चोरी के गेंहू के साथ गिरफ्तार किया। रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बीती 24 मई को लवलेश चन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी रामपुर ने थाना रैपुरा में सूचना दी कि उनके ही गांव के नानबाबू ने अपने कुछ साथियों के साथ उनके दूसरे मकान से लोहे की टीन की छत को तोडकर घर के अन्दर रखा गल्ला चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना रैपुरा में अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष रैपुरा ने उप निरीक्षक रविकान्त राय को आरोपी की गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी के लिए निर्देशित किया। उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उप निरीक्षक यूटी नितिश यादव द्वारा नानबाबू को उसके घर से चोरी की 2 बोरी गेंहू के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सुमित्रानन्दन पंत स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए जेपी मिश्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चित्रकूट के जेपी मिश्रा को स्वतंत्रता सेनानी वैद्य केशवराम मेमोरियल सोसाइटी उत्तर प्रदेश द्वारा सुमित्रानन्दन पंत स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। सहारनपुर में बीती 20 मई को पद्म विभूषण सुमित्रा नन्दन पंत के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में चित्रकूट के जेपी इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि इस वर्ष पद्मविभूषण सुमित्रा नन्दन पंत स्मृति सम्मान से कुल 68 लोगों को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि जेपी मिश्र को वर्ष 2018 में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सहारनपुर से सम्मान प्राप्त कर वापस लौटे प्रधानाचार्य जेपी मिश्र का जिला मुख्यालय में स्वागत किया गया। लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मिश्र के सम्मान से जिले का गौरव बढ़ा है।

# खेत में फेंका गया जहरीली पदार्थ खाने से डेढ़ दर्जन से अधिक बकरियों की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवॉ कला में खेत में फेंका गया जहरीला पदार्थ खाने से डेढ़ दर्जन बकरियों की मौत हो गई। जबकि करीब तीन दर्जन बकरियां बीमारी की चपेट में आ गई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवॉ कला निवासी जय सिंह, सीताराम, अरविंद, बालदास, सुखई समेत करीब आधा दर्जन लोगों ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह धगुवा के रहने बाले गरीब मजदूर है। जो मुकेश बाबा पटेल के खेत में पिपरमेंट की कटाई कर रहे थे, साथ में अपनी बकरिया भी खेत में चराने के लिए ले गए थे। बताया कि सभी लोग दो-तीन दिनों से पिपरमेंट के खेत में कटाई कर रहे थे। वहीं पीड़ितो ने बताया कि बीती रात मुकेश बाबा पटेल व अमित पटेल द्वारा खेत में जहरीला पदार्थ फेंक दिया गया। जैसे ही बकरियों ने घास खाई गई तो वहीं मौके पर ही डेढ दर्जन से अधिक बकरियों की मौत हो गई। जिनकी कीमत लगभग दो लाख रूपय बताई, इतना ही नहीं लगभग 30 बकरियां बीमार हो गई जिनकी स्थिति खराब होने पर उनका इलाज चल रहा है। कहना है कि खेत मालिक द्वारा फेके गए जहरीले पदार्थ से बकरियों की मौत हुई है। फिलहाल तहरीर के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को सूचित किया। मामले में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली गई है। जल्द डॉक्टर द्वारा बकरियों की जांच कर कर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने सुरागौ से बिरजा कुण्ड तक चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को कामतानाथ परिक्रमा चित्रकूट में कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा 116वां स्वच्छता अभियान सुरागौ से बिरजा कुंड तक चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें। साथ ही पर्यावरण को साफ रखने में मदद करें।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता को ध्यान में रखकर महात्मा गांधी ने स्वच्छता को लेकर देशवासियों को जागरूक किया था। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक मुहिम है जो कि आम जनता के सहयोग से ही सफल हो सकती है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग है। हम सब को मिलकर कामतानाथ पर्वत को कचरा मुक्त बनाने में सहयोग करना होगा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि हम सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें।

इस मौके पर जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, कृष्णा शुक्ला, वन विभाग से रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में पूर्व चेयरमैन के पुत्र की मौत, साथी गंभीर हालत में हुआ रेफर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** सड़क हादसे में पूर्व चेयरमैन के पुत्र की मौत हो गई। साथ ही एक साथी घायल हो गया जिसे उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वही दो अन्य साथी हादसे में बाल बाल बच गए। जालौन के पूर्व चेयरमैन गिरीश गुप्ता का लड़का आशीष गुप्ता शनिवार को अपने साथियों के साथ दतिया पीतांबरा माई के दर्शन करने गए थे। जहां से देर रात को सभी लोग वापस लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे पर ग्राम भुजोंद के पास उनकी कार का टायर पंचर हो गया। जिसके चलते आशीष और संजय टायर बदल रहे थे। जबकि साइड में विवेक और अविनाश खड़े हुए थे। तभी तेज़ रफ़्तार ट्रक ने आशीष और संजय को कुचल दिया। जिसमें चेयरमैन पुत्र आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि संजय को हालत नाजुक होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर जालौन आई तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर रवाना हुए और परिवार में मातम छा गया।

## नगर से गायब किशोरी को पुलिस ने 10 घंटे में किया बरामद

**कालपी।** नगर से 24 मई की शाम को गायब हुई 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी को टरननगंज चौकी इंचार्ज ने सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मालूम हो कि नगर के मोहल्ला मनीगंज निवास में 16 वर्षीय किशोरी 24 मई की शाम को बाजार जाने के लिए निकली थी। लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा कालपी कोतवाली में दर्ज कराया था। बाजार से गायब हुई किशोरी को बरामद करने के लिए कोतवाल कामता प्रसाद तथा चौकी चार्ज अभिलाख सिंह जुटे हुए थे। घटना के 8-10 घंटे के अंदर फुलपावर चौराहे में किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। जबकि एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि बरामद किशोरी को न्यायालय के समक्ष 164 के तहत बयान दर्ज कराए जाएंगे। बयान के आधार पर पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी।

## दो गांवों में लगी आग को बुझाने में उरई तथा कालपी की दमकल गाड़ियां जुटी

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** तहसील क्षेत्र में यमुना नदी के तटवर्ती दो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। आग बुझाने के लिये उरई तथा कालपी की दमकल वाहन को ले जाकर कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि 25/26 मई की रात में ग्राम मैनूपुर में गांव के बाहर स्थित अरविन्द कुमार पुत्र मंगली की झोपड़ी में रखे भूसे में आग सुलगने लगी धीरे-धीरे आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव किया आग की बिकराल रुप देखकर उरई से एक अन्य दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। काफी देर के बाद कर्मचारियों को आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। इसी तरह शनिवार सुबह यमुना नदी किनारे बसे ग्राम हीरापुर में अनुराग पुत्र रघुराज के कच्चे घर में आग लग गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से पहुंचे। दमकल कर्मियों को आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक फायरमैन अमृतलाल फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा फायरमैन शिवकुमार फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह फायरमैन मानवेंद्र सिंह शामिल रहे।

## पुलिस एवं आबकारी टीम की संयुक्त छापेमारी में 2 महिला आरोपी गिरफ्तार'

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय एवं आबकारी निरीक्षक के के मिश्रा तथा हमराही द्वारा संयुक्त रुप से ग्राम बराछी में छापेमारी करते हुये दुज्जी, सुनीता निवासीगण बराछी थाना मऊ को 35 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण व 2 क्विंटल लहन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना मऊ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान मऊ थाने के उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह, उप निरीक्षक रामकृत यादव, आरक्षी प्रवीण पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षी सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# परिचय सम्मेलन में विवाह के लिए सहमत हुए पांच जोड़े

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सामाजिक संस्था दृष्टि में दृष्टिबाधित दिव्यांगों के विवाह के लिए रविवार को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन गुलाबचन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी समिति के अध्यक्ष योगेश जैन ने की। संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि दृष्टि द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांगों के सामाजिक पुनर्वास के लिए विगत 17 वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि समाज में दृष्टिबाधितों की उपेक्षा की जाती है। इसी कारण आज 100 से अधिक विवाह योग्य युवा दिल्ली, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से विवाह के लिए आए है। इनमे से बहुज सारे तो सरकारी नौकरी कर रहे है। इसी तरह 50 से 60 लडकियां भी दूर से अपने अभिभावकों के साथ आयी है। परिचय सम्मेलन के प्रारम्भ में युवाओं ने खुले मंच से अपना परिचय दिया और अपनी वरीयताओं से अवगत कराते हुए अपनी बात रखी। जिसे कन्या पक्ष से लडकियों एवं उनके अभिभावकों ने ध्यान से सुना। बीच में कई लोगों ने क्रास प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएं जिनका वर पक्ष द्वारा निराकरण किया गया। पांच जोडों जिनमें गाजीपुर जिले से आयी गुलाबी देवी का मउनाथ भंजन के गोबर्धन भारती के साथ, गाजीपुर के ही रमेश सिंह यादव का धार मध्य प्रदेश की पिंकी मण्डलोई के साथ, हमीरपुर की गोमती का पाली राजस्थान के कल्याण सिंह के साथ, गया बिहार की पूनम कुमारी का लोहदा चित्रकूट के सन्तोष यादव के साथ और जालौन जिले के शशी एवं राजेश शादी के लिए रजामंद हुए। जबकि 20 जोड़ों ने अपने घर जाकर और मंत्रणा करने के बाद फैसला लेने की बात की। कार्यक्रम का संचालन सचिव बलबीर सिंह ने किया।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पीडी गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, जयश्री जोग, वर्षा गुप्ता, अनीता सिंह, पंकज दुबे, बसन्त लाल, रघुनाथ प्रसाद, अरूण कुमार, ऑल इण्डिया कन्फेडेरेश ऑफ द ब्लाण्ड दिल्ली से आये प्रोजेक्ट मैनेजर सुधांशु शुक्ला, प्रोजेक्ट ऑफीसर अजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी नगर ने स्ट्रांग रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की विधान सभा चित्रकूट एवं विधान सभा मऊ, मानिकपुर के स्ट्रॉग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की जांच की गयी। साथ ही कन्ट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गयी। साथ ही निर्देशित किया गया कि किसी भी व्यक्ति, वाहन को अन्दर प्रवेश न करने दिया जाए। ड्यूटी के दौरान सावधानी पूर्वक जांच करें। इस दौरान चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

## खेत में चर रही तीन बकरियों को गाड़ी में भरकर ले गए बदमाश

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** मवेशियों की चोरी करने वाले बदमाश एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम नादई के पास खेतों में चर रही तीन बकरियों को बदमाश अपनी गाड़ी में भरकर रफूचक्कर कर हो गए। पीड़ित पशुपालक ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित पशुपालक नन्हे निवासी ग्राम बड़ी नादई ने न्यामतपुर चौकी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अपने पुत्र अरविंद के साथ न्यामतपुर रोड में सड़क के किनारे बकरियां चरा रहा था। तभी एक कार में सवार होकर बदमाश आए तथा तीन बकरियों को गाड़ी में भरकर चुराकर ले गए। बकरियों को चुराने की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले जोल्हूपुर-कदौरा क्षेत्र में भी बदमाश पशुपालकों की बकरियों के चोरी करने की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इस घटना के बाद पशुपालकों में भय व्याप्त है।

## मोबाइल समेत शातिर चोरों को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट।** राजकीय रेलवे पुलिस मानिकपुर टीम ने दो शातिर चोर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से लगभग 40 हजार कीमत के तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि झांसी के रेलवे पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव के निर्देश पर चोरी, लूट, जहरखुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के लिए रेलवे पुलिस उपाधीक्षक नईम खान मंषूरी के पर्यवेक्षण में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर चार से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के लवकुश नगर थाने के पंचम नगर के निवासी करन अहिरवार व मैहर जिले के नागौर थाने के मोहन्ना गांव के निवासी प्रीतम कोल को गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने किया भैंस चोरी की घटना का अनावरण 2 आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 4 भैंसें बरामद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना सरधुवा पुलिस टीम ने भैस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तों को चोरी की 04 भैंसों के साथ गिरफ्तार किया।

सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीती 21 मई को लवकुश यादव पुत्र रामऔतार यादव निवासी भदेदू ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी 4 भैंस चोरी कर ली हैं। इस सूचना पर थाना सरधुवा में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा ने उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा को भैंस बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा तथा आरक्षी राहुल पुरी द्वारा राकेश सिंह व रामराज निषाद निवासीगण भदेदू को चोरी की 4 भैंसों के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 15 मई को आवेदिका अर्चना श्रीवास्तव पत्नी अजय कुमार श्रीवास्तव निवासी पटेल तिराहा ने अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत की थी। कोतवाली कर्वी पुलिस टीम को मोबाइल की लोकेशन प्राप्त हुयी। जिसमें कोतवाली कर्वी में नियुक्त उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय एवं उप निरीक्षक यूटी नीरज कुमासर, महिला उप निरीक्षक यूटी आकांक्षा, कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेन्द्र कुमार द्वारा मोबाइल को बरामद किया गया। साथ ही मोबाइल स्वामी अर्चना श्रीवास्तव को कोतवाली कर्वी बुलाकर मोबाइल उनके सुपुर्द किया गया।

# यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले 83 दो पहिया, चार पहिया वाहन का हुआ चालान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात जागरुकता अभियान के अंर्तगत यातायात नियमों का उल्लघंन कर यात्रा करने वाले कुल 83 दो पहिया, चार पहिया वाहनों का कुल 1,88,500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया। जांच के दौरान प्रभारी यातायात द्वारा वाहनों में लगे हूटर, सायरन, ब्लैक फिल्म हटवाये गये। साथ ही मालवाहक वाहनों में सवारी भरकर चलने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किये। नो-एण्ट्री का उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर ट्रक को सीज किया गया। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सडक पर यात्रा करते समय दो पहिया पर हेलमेट, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है। ट्रैक्टर ट्राली एवं माल वाहनों से तीर्थयात्रियों का परिवहन कर रहे वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी तथा किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि यातायात नियमों का पालन करें।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 27 मई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं। तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 44.2 (+4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.6 (+3.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 48 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 16 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक


फोटो संख्या 1


फोटो संख्या 2



फोटो संख्या 3


फोटो संख्या 4

# जोन एक के जिम्मेदारों ने के.डी.ए. को लगवा डाला 500 करोड़ के राजस्व का चूना

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**
**कमलेश फाइटर**

कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन में तैनात प्रवर्तन के ज़िम्मेदार अधिकारियों के कारण प्राधिकरण और सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व की क्षति पहुंच रही है। लेकिन ऐसा नहीं है कि जोन एक के अलावा अन्य तीनों जोनों में सरकार के राजस्व को क्षति न पहुंचाई जा रही हो परंतु सबसे ज्यादा राजस्व को क्षति जोन एक में पहुंचाई जा रही है। प्राधिकरण में निचले क्रम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर निगाह रखने के लिए सचिव से लेकर अपर सचिव और प्रवर्तन प्रभारी तैनात हैं लेकिन इन लोगों ने अपने ऊपर गांधारी रूपी पट्टी बांध रखी है सिर्फ अपने दफ्तरों में बैठकर ए.सी. की हवा खाया करते हैं, जो कुछ भी रिपोर्ट अवर अभियंता और सुपरवाइजर लगाकर देते हैं इस पर अपने हस्ताक्षर की चिड़िया बैठालकर कर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर लेते हैं। आज जन एक्सप्रेस सरकार और जनता को बताने जा रहा है कि कैसे जोन एक में सचिव अपर सचिव और प्रवर्तन प्रभारी की अनदेखी के कारण लगभग साल भर के अंदर पांच सौ करोड रुपए के राजस्व को क्षति पहुंची है

सर्वप्रथम ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में चमनगंज, बेकनगंज, बजरिया, जी टी रोड का हिस्सा, मूलगंज, परेड, अनवरगंज, कोपरगंज, परेड, घंटाघर, चौक, बिरहाना रोड आदि बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर बहु मनचली इमारत तने वाले बिल्डर पैसा कमाने के लिए बिल्डिंग तो बना लेते हैं लेकिन उसका नक्शा नहीं पास करते हैं और 99 फ़ीसदी बिल्डिंग व्यवसायिक उपयोग के लिए निर्मित होती हैं। ऊंचे दामों में बिल्डर बिल्डिंग को जमकर बेचते हैं लेकीन जॉन एक में बैठे जिम्मेदार अपना सुविधा स्वरूप तो ले लेते हैं लेकिन सरकारी राजस्व की क्षति को तनिक भी नहीं देखते हैं।


अवैध निर्माण से बिल्डर मालामाल
के.डी.ए. हो रहा कंगाल

* जोन एक के प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों के नजर फेरने के कारण अरबो रुपए के राजस्व को पहुंच चुकी है क्षति

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर का कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) कहने को तो डेवलपमेंट अथॉरिटी है लेकिन असल में यह डेवलपमेंट शहर का नहीं बिल्डरों का कर रही है। प्रवर्तन विभाग में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठ गांठ कर बिल्डर दिन दूनी रात चौगुनी सरकार के राजस्व को क्षति पहुंचाकर कर तरक्की कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण दिन प्रतिदिन कंगाल होता जा रहा है। प्राधिकरण को राजस्व की क्षति पहुंचाने में प्रवर्तन

पूर्ण रूप से दर्जनों बिल्डर कर रहे अवैध निर्माण

प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित चमनगंज, बेकनगंज, मूलगंज, लाटूश रोड, नाला रोड, आदि क्षेत्रों मे सैकड़ो अवैध निर्माण हो चुके हैं जो एक नहीं पांच मंजिल से भी ऊपर जा चुके हैं। जन एक्सप्रेस दावे के साथ यह पुष्टि कर रहा है कि इन क्षेत्रों में दर्जनों बिल्डरों के निर्माण हैं वह 90 फ़ीसदी पूर्ण रूप से अवैध हैं। जब इन पर कोई प्राधिकरण की कार्रवाई चलती है तो यह बाद में अपने आप को बचाने के लिए एक लाख रुपए तक की राशि जमा करके मैप दाखिल कर देते हैं। कुछ ही दिनों में फिर से अवैध निर्माण शुरू करके उन्हें ऊंचे दामों में बेचते हैं। और यह निर्माण पूर्ण रूप से कमर्शियल होते है।

एक अवैध बिल्डिंग से औसतन 15 से 20 लाख रुपए के राजस्व की पहुंचती है क्षति

प्रवर्तन के बड़े जिम्मेदार अधिकारी से लेकर सुपरवाइजर तक लेते हैं मोटी रकम

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जो पूर्ण रूप से अवैध निर्माण होते है उनसे नज़रें फेरने का नजराना अज्ञात सुविधा शुल्क के रूप में



## इस निर्माण ने भी पहुंचाई है करोड़ों की क्षति



आपको इस बॉक्स में जो तस्वीर नजर आ रही है। यह तस्वीर निर्माण के आरंभ होने के पहले की है। वर्तमान में जो निर्माण अवैध निर्माण कर्ता के द्वारा जो जोन एक में किया गया है उसे निर्माण को शायद जिम्मेदार अधिकारी नहीं देख पाए हैं लेकिन इस निर्माण ने भी करोड़ों रुपए की क्षति प्राधिकरण को पहुंचाई है।

## 280 करोड़ रुपए के राजस्व की क्षति एक ही निर्माण से हुई केडीए को

कानपुर विकास प्राधिकरण में ही तैनात कुछ जिम्मेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जोन एक में एक ही क्षेत्र का ऐसा निर्माण हो गया है जिसमें अगर सचिव अपर सचिव नक्शा विभाग और प्रवर्तन प्रभारी जेई चाहते तो प्राधिकरण को सबसे पहले 280 करोड रुपए का फायदा होता। और उसके बाद कम से कम व्यावसायिक निर्माण के उपयोग पर पांच सौ करोड़ का अलग फायदा होता लेकिन जिम्मेदारों ने सिर्फ और सिर्फ अपनी जेब भरी जिस कारण केडीए कंगाल होने की राह पर चल पड़ा है।

## करोड़ों रुपए केडीए को मिल जाते इन चार निर्माण से

आपको चार तस्वीरें जो नजर आ रही है जिनको हमने नंबर 1,2, 3, और 4 दिया है। इनमें से एक दो तीन नंबर की इमारत चमनगंज क्षेत्र में बनी हुई हैं इन इमारत का नक्शा कानपुर विकास प्राधिकरण से कतई पास नहीं कराया गया है। और आपको तस्वीर नंबर चार जो नजर आ रही है यह तस्वीर जोन एक के बिराहाना रोड की है। इस निर्माण का नक्शा भी पास नहीं है। इन चारों निर्माण से अगर व्यावसायिक शुल्क प्राधिकरण के नियमों के अनुसार वसूला जाता तो करोड़ों में होता। हद तो यह है कि इनका नक्शा ही नहीं पास है। जो अधिकारी सड़क के किनारे गरीबों को अवैध बता कर हटा देते हैं तो सोचिए इन इमारत पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की तो उन्हें अपनी जेब में भरने के लिए कितना सुविधा शुल्क मिला होगा।

## जल्द ही और हो सकती हैं दो जनहित याचिकाएं या मामला पहुंचेगा सीएम तक

शहर की दो समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा केडीए के अवैध निर्माण के अभियान को रोकने के लिए तथा जो सरकारी राजस्व को क्षति वर्तमान के अधिकारियों के कार्यकाल में पहुंची है उसके लिए जनहित याचिकाएं दाखिल करने की तैयारी आरंभ हो चुकी है। पहले भी जन एक्सप्रेस ने लिखा था कि एक जनहित याचिका प्राधिकरण के खिलाफ हाई कोर्ट इलाहाबाद में पड़ने वाली है जो वर्तमान समय में पड़ चुकी है और उसमें केडीए समेत अन्य विभागों से जवाब भी मांगा गया है। जिन संस्थाओं ने तैयारी की है उन्होंने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि वह इलेक्शन खत्म होने के तत्काल बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में भी उनसे शिकायत करेंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्कूटी सवार महिला की ट्रक के नीचे दबकर मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना चौबेपुर क्षेत्र के मरियानी गांव के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी. घटना में ट्रक के नीचे आई महिला की पहियों के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मरियानी गांव के सामने कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक में एक स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. घटना में स्कूटी गिरते ही युवती ट्रक के पिछले पहिए के नीचे जा गिरी और पहियों के नीचे दबकर युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद मौके पर भीड़ को आता देख ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के नीचे दबी महिला का शव बाहर निकलवाया और उसकी पहचान करने के प्रयास शुरू किए. स्कूटी में मिले प्रपत्रों के आधार पर युवती की पहचान शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव निवासी कैलाश चंद्र की 25 वर्षीय बेटी रुचि यादव के रूप में की गई। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रुचि यादव स्कूटी द्वारा कानपुर से कोचिंग पढ़ाने के बाद अपने घर आ रही थी तभी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई. पुलिस ने फोन कॉल के माध्यम से परिजनों को घटना की सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### प्रेमी युगल का पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात।** शिवली कोतवाली अंतर्गत रामपुर शिवली में एक प्रेमी युगल द्वारा फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के कारणों की जांच कर रही है। शिवली कोतवाली के क्षेत्राधिकारी संजीव सिरोही ने बताया कि शिवली रामपुर का रहने वाला मदन और शकुंतला नामक युवती को लेकर फरार हो गया था जिस पर लड़की के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने छानबीन शुरू की और दोनों को बरामद कर लिया।

पुलिस ने युवक मदन को जेल भेज दिया और युवती ने परिजनों के साथ जाने से मना करने पर उसको नारी निकेतन सुधार गृह भेज दिया था। कुछ दिन बाद शकुंतला अपने परिजनों के साथ रहने लगी वही मदन जेल से जब वापस गांव आया तो सुबह युवती शकुंतला के साथ खुद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली वही गांव में प्रेमी युगल द्वारा फांसी लगाई जाने से सनसनी फैली हुई है। पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

### थाना नौबस्ता क्षेत्र में मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना नौबस्ता क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना कर्ता सुनील यादव पुत्र जगमोहन सिंह निवासी वाई-ब्लॉक किदवई नगर द्वारा लिखित रूप से सूचना दी गई की यशोदा नगर बाईपास से 100 मीटर श्रीराम स्कूल के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है जो नशेड़ी प्रवृत्ति का होना प्रतीत होता है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पहचान का प्रयास किया गया लेकिन काफी देर तक पता करने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुटी हुई है।

### एक्सीडेंट में कार चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना गोविन्द नगर क्षेत्र में एक कार का एक्सीडेंट हो जाने से चालक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार च10 गाड़ी पर मयंक शुक्ला पुत्र स्वर्गीय गिरजा शंकर शुक्ला उम्र 44 वर्ष निवासी एचआईजी 295 रतनलाल नगर थाना गोविंद नगर बेहोशी हालत में ड्राइविंग सीट पर बैठे थे। मयंक शुक्ला को एंबुलेंस के माध्यम से उनकी पत्नी व पुत्र के साथ हैलेट अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

## भोजपुरी महासभा ने पुलिस कमिश्नर का किया सम्मान और सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने भोजपुरी महासभा के लोगों को लेकर पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया ज्ञापन दिया। इस दौरान बताया कि पुलिस द्वारा पीछे से फोटो खींचकर चालान भेजना, मोटरसाइकिल पर व्यापारी द्वारा झोले में माल ले जाना चौराहे पर रोक झोला चेक करने के मामले में रोक लगे। श्री गहमरी ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि अगर गाड़ी का चालान करना ही है तो गाड़ी रोक कर उसकी गलती बता कर चालान काटें, मोटरसाइकिल पर झोला लेकर लेकर जा रहा व्यापारी का अगर संदिग्ध हो तो चेक करें हर चौराहा पर चेकिंग होने से व्यापारी परेशान हो जाता है। पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया आपकी इन मांगों पर ध्यान देंगे। भोजपुरी महासभा के लोगों ने पुलिस कमिश्नर द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव शहर में ट्रैफिक में सुधार अपराध में सुधार को लेकर उनका सम्मान किया।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से फैजुद्दीन प्रभात पाल अमन ठाकुर सनम ठाकुर घनश्याम आशू आरिफ अमित यादव रमाकांत राजेश मिश्रा अजीत शुक्ला गुलाब यादव राकेश झा आदि मौजूद लोग थे।

## हरिश्चंद्र अग्रवाल के शहादत दिवस पर व्यापारियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



स्व.हरिश्चन्द्र अग्रवाल कि पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प दिवस व सम्मान समारोह के आयोजन मे पदाधिकारियों ने महानगर की विभिन्न बाजारों के वरिष्ठ व्यापारियों को पगड़ी, शाल व मोती की माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान मे बीकानेर वाला रेस्तरा के हाल मे किदवई नगर मे स्व हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प दिवस व सम्मान समारोह के अवसर पर महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह, महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार आदि पदाधिकारियों ने महानगर की विभिन्न बाजारों के वरिष्ठ व्यापारियों मे होज़री मार्केट कोपरगंज से लगभग 80 वर्षीय जयराम दास आहूजा, मार्बल मार्केट व्यापारी एसो. के अध्यक्ष अशोक केसरवानी, कलक्टरगंज गल्ला मंडी से सबसे पुरानी फर्म के मालिक दयानन्द अग्रवाल, मरीजों की मदद करने वाले दवा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष रज्जन जायसवाल और धार्मिक व अन्य सामाजिक सेवाओं मे सक्रिय रहने वाले खोया व्यापार मंडल हटिया के उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला गुड्डू को पगड़ी, शाल व मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। गुरुजिन्दर सिंह ने बताया कि सन 1979 मे बिक्रीकर के सर्वे छापे के खिलाफ पूरे प्रदेश मे चल रहे आंदोलन के तहत लखनऊ मे पुलिस की गोली से स्व हरिशचंद्र अग्रवाल की शहादत हुई थी

और हमारा संघठन पूरे प्रदेश मे प्रत्येक वर्ष की भाति स्व हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पुण्यतिथि मना रहा है और इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में जान लेने वाला आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीती 21 मई को पांच महिलाओं को टक्कर मारकर फरार होने वाले आरोपी ड्राइवर को महाराजपुर पुलिस ने धर दबोचा है। कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि महाराजपुर थाना क्षेत्र के सड़क के किनारे खड़ी 05 महिलाओं को टक्कर मारकर चालक मौके से कार छोड़ कर भाग गया जिसमें 03 महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा 02 की हालत गम्भीर होने के कारण काशीराम अस्पातल में भर्ती कराया गया जिसमें दौराने इलाज एक महिला की मृत्यु हो गई तथा एक महिला का इलाज चल रहा है जो गम्भीर रूप से घायल है। जिसमें थाना महाराजपुर में लॉ एण्ड आर्डर की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसमें शवों के क्रियाकर्म के पश्चात वादी मुकदमा जितेन्द्र द्विवेदी पुत्र स्व0 उमेश चन्द्र द्विवेदी निवासी चन्दन चक्की हाथीपुर थाना महाराजपुर द्वारा 23 मई को थाने पर उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर मु0अ0सं0 0183/ 24 धारा 279/ 338/304ए भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस वालो ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी का नाम बलराम पुत्र रविन्द्र कुमार नि0 अकबरपुर सैन थाना बिल्हौर है आरोपी डी0एल0 नहीं दिखा सका कहा कि मेरे पास डी0एल0 नहीं है मैने मो0 अहमद से रजिस्ट्र्ड एग्रीमेन्ट कर गाड़ी ली थी तभी से मै गाड़ी चला रहा हूं आज मै गाड़ी लेकर सरसौल कार बाजार बेचने आया था परन्तु बात नही बनने पर मै पुरवामीर से सवारी लेकर कानपुर जा रहा था गाड़ी में गैस खत्म होने पर पुरवामीर स्थित वीपीसीएल पेट्रोल पम्प पर मैने 200 रूपये का पेट्रोल भराया था तथा पैसा न होने के कारण गाड़ी के कागजात पम्प मैनजर को दे दिया था।

## तेरापंथ भवन में रक्त दान शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रक्तदान महादान के संकल्प को लेकर तेरापंथ भवन में एक रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जहां पर सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर रक्तदान किया इस कार्यक्रम का आयोजन तेरापंथ युवक परिषद व तेरापंथ धर्म संघ के युवाओं के द्वारा किया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए दिलीप मालू और अजय कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर का यह आयोजन पिछले 15 वर्ष से हो रहा है जिसमें आम जनमानस बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है और रक्तदान करके अपने जीवन को सफल बनाता है उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है क्योंकि भगवान का दिया अल्प नहीं होता और रक्त का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से कई बीमारियों से भी बचा जा सकता है क्योंकि रक्तदान करने के बाद जो शरीर में नया खून बनता है उसे लोग कई रोगों से मुक्त भी हो जाते हैं।

## बलात्कार के आरोपी को जालौन से दबोचा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना रायपुरवा पुलिस ने बलात्कार के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी सेंट्रल ने 25000 का इनाम देने की घोषणा भी की है।

डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद जालौन का मोहल्ला टरनलगंज थाना कालपी निवासी शिवम शर्मा लगातार थाना रायपुरवा पर दर्ज बलात्कार के मुक़दमे में पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। रविवार को जनपद जालौन के राजा ढाबे के पास से आरोपी को रायपुरवा पुलिस टीम ने धर दबोचा है। आवश्यक विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्रामीणों के घेरने पर ट्रक छोड़कर भागे गौ तस्कर

**जन एक्सप्रेस/ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा पशुओं की बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है, देर रात गौवंश लादकर जा रहे गौ तस्करों को ग्रामीणों ने घेरा तो तस्कर ट्रक में लदे मवेशियों को छोड़कर भाग गए। मौके पर पहुची पुलिस ने ट्रक और मवेशियों को कब्जे में लेकर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के सवैया हसन गांव के निकट का है जहां गौ तस्कर ट्रक में गौ वंशो को लादकर ले जारहे थे तभी जानकारी मिलने पर ग्रामीण जब तक मौके पर पहुचते, उसके पहले ही वहाँ मौजूद लोग मौके से भाग निकले। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मौके पर लगभग 50 गौ वंशो को ले जाया जा रहा था आशंका जताई जा रही है कि ये गौ तस्करी का खेल पिछले कई दिनों से चल रहा है जिसमे स्थानीय लोगों की संलिप्तता बताई जा रही है फ़िलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बीज की 17 दुकानों पर छापा, धान के बीज के 38 नमूने भरे

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** धान के बीज की गुणवत्ता को जांचने के साथ कालाबाजारी रोकने के लिए अपर जिला कृषि अधिकारी ने 17 दुकानों पर छापा मारा इस दौरान 38 नमूने संग्रहित किये गए। अपर जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी में मुंशीगंज, दरियापुर, जगतपुर, मधवापुर, दुर्गागंज, कुटिया चौराहा, मुराई का बाग, डलमऊ, घुरवारा, मनेहरु, खागीपुर सड़वा बाजार में बीज बिक्री केन्द्रों पर छापा मारा 17 दुकानों से विभिन्न के धान बीजों के 38 नमूने भरकर जाँच के लिए भेजे गए। खामिया मिलने पर दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश कुमार पाण्डे ने बताया कि बीज के नमूनो को जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है जाँच में नमूने फेल होने पर दुकानदारों पर कार्यवाही की जाएगी। उनहोंने बीज आपूर्तिकर्ता कंपनियों, संस्थाओं विक्रेताओं को गुणवत्ता युक्त प्रमाणित व आधारीय बीजों की आपूर्ति के निर्देश दिए बताया कि पीओएस मशीन से ही किसानों को धान का बीज दिया जाएगा।

### सड़क पर पड़ी केबल दे रही दुर्घटना को दावत, जिम्मेदार नही दे रहे ध्यान

**जन एक्सप्रेस/रूदौली- अयोध्या।** रूदौली तहसील क्षेत्र के मवई चौराहा स्थित पटरंगा मार्ग पर इंटरनेट केबल बीच सड़क पर लगभग एक सप्ताह से पड़ी हुई है, जिम्मेदार अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।ऐसा नही है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मार्ग से नही गुजरते हैं, लेकिन अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नही करना चाहते हैं। सड़क पर पड़ी केबल से अक्सर बाइक फिसल जाती है और कई बाइक सवार गिरने से बाल-बाल बच चुके हैं। स्थानीय निवासी महेश चंद्र गुप्ता, सर्वेश मिश्रा, राजेश शर्मा, साकिब, रामदेव यादव आदि लोगो ने बताया एक सप्ताह से अधिक हो गया इंटरनेट केबल बीच सड़क पर पड़ी हुई है आये दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। केवल हटाने के लिए कोई कर्मचारी अभी तक नहीं आया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर केबल हटवाई जाएगी।

# जिला जज ने जेल का निरीक्षण कर जाना बंदियों का हाल

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद कारागार मरैला औचक निरीक्षण करने पहुंचे राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, और भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं सुधा यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद न्यायालय द्वारा अंशुमन गर्ग, जेल अधीक्षक जिला कारागार तथा अन्य कारागार अधिकारीगण की उपस्थिति में जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाकशाला में बन्दियों हेतु सायंकाल का भोजन तैयार किया जा रहा था, जांच करते हुये बन्दियों को गुणवत्ता युक्त भोजन दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं बन्दियों के पीने हेतु स्वच्छ पानी तथा वाटर टैंक आदि के लिये निर्देशित किया गया। कारागार, उच्च सुरक्षित बैरक तथा अन्य बैरकों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता की जांच की गई तथा अधिक से अधिक स्वच्छता किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। कारागार में अन्य आवश्यक सुविधाओं की एवं उनकी स्वच्छता की जांच की गई तथा जेल अधीक्षक को स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों की स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली गई एवं बीमार बन्दियों का हाल चाल पूछा गया।जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, किसी को अस्वस्थता होने पर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा अपर जिला जज/सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ कारागार के उच्च सुरक्षित बैरक तथा अन्य बैरकों का निरीक्षण किया गया एवं बन्दियों से बात कर उनकी समस्या सुनी गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अधीक्षक, जिला कारागार को कारागार में बन्दियों के उपयोग हेतु निर्मित स्नानागार एवं शौचालय की साफ-सफाई उनमें यदि किसी प्रकार की मरम्मत की आवश्यकता हो तो उस पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बैरकों में आने वाली सीलन एवं पानी टपकने की समस्या पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया तथा बन्दियों को विभिन्न कार्यों हेतु जल की व्यवस्था एवं पीने हेतु शुद्ध ठण्डे पेयजल की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कारागार में निरूद्ध समस्त बन्दियों को नियमानुसार समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाएं एवं शातिर बन्दियों पर कड़ी निगरानी रखे व कारागार परिसर के अन्दर कोई भी प्रतिबन्धित सामग्री न आने पाये।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

कोतवाली के रुदौली के लखमीपुर गांव के निकट बाइक सवार युवक को विपरीत दिशा से रही पिकअप ने टक्कर मार दी। घायल बाइक सवार युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली से मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर किया गया है।

रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे कोतवाली रुदौली के ग्राम खुसका आजाद नगर निवासी राम भवन ( 20) पुत्र रामचंद्र बाइक से अपनी बहन के घर सरायपीर जा रहे थे। रुदौली भेलसर मार्ग के लखमीपुर मोड़ के निकट विपरीत दिशा से आ रहे पिकप ने टक्कर मार दी।

उधर से गुजर रहे ई रिक्शा चालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अखिलेश उपाध्याय ने गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया टक्कर मारने के बाद पिकअप को लेकर ड्राइवर भाग निकला है।

## रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत, शरीर दो टुकड़ों में बंट गया




**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को दो सड़क दुर्घटना हुई। पहली सड़क दुर्घटना में रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत हो गई और उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। एक टुकड़ा बस में फंस जाने के कारण डेढ़ किलोमीटर दूर गिरा। जिसने भी यह हादसा देखा कांप कर रह गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा।रविवार सुबह सनाहा गांव निवासी बीतना (55) पत्नी जगजीवन यादव राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के अरकुना चौराहे स्थित सड़क पार कर रही थी। इसी बीच अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही रोडवेज बस ने महिला को टक्कर ने मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव के दो टुकड़े हो गए। एक टुकड़ा अरकुना चौराहे पर दूसरा डेढ़ किलोमीटर मुबारकगंज चौराहे पर जा गिरा।यह दुर्घटना देख लोगों के कलेजे दहल गए। इसे लेकर हलका इंचार्ज हरे कृष्णा ने बताया कि शव के दो टुकड़े हो गए थे। जिससे इकठ्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बस को चौकी में खड़ा करा लिया गया है और चालक परिचालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक मृतका के परिवार से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू का पंजीकरण शिविर 28 से

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जन्म से कटे होंठ और कटे तालू वाले बच्चे खिलखिलाकर मुस्कुरा सकेंगे। बच्चों की इस जन्मजात विकृति को दूर करने के लिए स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से कटे होंठ एवं कटे तालू के मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जिले के साथ-साथ ब्लॉकों में भी किया जाएगा। यह जानकारी बुद्धवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन ने दी। उन्होंने बताया कि रुदौली, मवई एवं खण्डासा ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र- रुदौली में 28 मई,मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज एवं तारुन ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक

**✻ शिविर का आयोजन जिले के साथ-साथ ब्लॉकों में भी किया जाएगा**

स्वास्थ्य केंद्र - मिल्कीपुर में 29 मई, मसौधा, सोहावल, बीकापुर, मयाबाजार एवं पूराबाज़ार ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण जिला चिकित्सालय (पुरुष) जनपद- अयोध्या में दिनांक 30 मई व समस्त ब्लॉक व शहरी क्षेत्र के छूटे हुए मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण जिला चिकित्सालय में 31 मई को समय प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक लगाया जाएगा। सीएमओ ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे यदि आपके घर में या आसपास हैं, तो उनका पंजीकरण अवश्य कराएं और बच्चों को उनके चेहरे पर मुस्कान देने में विभाग का सहयोग करें।पंजीकृत मरीजों का सम्पूर्ण इलाज हेल्थ सिटी हॉस्पिटल लखनऊ में डॉ वैभव खन्ना प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्माइल ट्रेन प्लास्टिक सर्जन एवं डॉ आदर्श कुमार सीनियर प्लास्टिक सर्जन के द्वारा निःशुल्क किया जायेगा। अपर मुख्यचिकित्साधिकारी, नोडल आर बी एस के डॉ बी एन यादव ने बताया कि कुछ नवजात शिशुओं में जन्मजात विकार हो जाते हैं । उनमें से अधिकांश विकार ठीक हो सकते हैं, यदि उनका समय पर पहचान और उपचार किया जाए।जागरुकता की कमी के कारण बच्चों में आए विकार को पहचान नहीं पाते और आगे चलकर ऐसे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से विकृत हो जाते हैं।

## घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र अंतर्गत जैसुखपुर गांव शनिवार रात्रि को एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की रात्रि 12 बजे जयसुखपुर गांव में वाहिद खान पुत्र सफीक खान (35) ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर संदेह होने पर घर वाले के साथ एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी मवई ले आये। जिसको डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डकैती और हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



इनायतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टकसरा गांव में 15 मई की रात हुई डकैती व हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि 15 मई की रात इनायतनगर थाना क्षेत्र के टकसरा गांव में हुई डकैती व डीजे संचालक छेदी लाल चौरसिया की हत्या हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे में लगी इनायतनगर पुलिस, स्वाट सर्विलांस टीम ने सूचना के आधार के शाहगंज - कुचेरा मार्ग से घटना के आरोपियों निखिल निवासी ग्राम बिहारीपुर थाना पुराकलंदर, मुकेश निवासी मुबारकगंज थाना रौनाही, अर्जुन निवासी अरुवावां थाना पूराकलंदर, शनि निवासी अरुवावां थाना पूराकलंदर व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर डकैती में गया डीजे से संबंधित सामान बरामद कर लिया गया है।

## दुर्घटना में एक की मौत, दो चोटहिल

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर-अयोध्या**

अयोध्या इलाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को कोतवाली कोतवाली बीकापुर के अंतर्गत खजुराहट पथर कट तिराहे पर रविवार को दिन मे लगभग एक बजे हुई हृदय बिदारक दुर्घटना से थर्रा उठे लोग और यह कहने के लिए मजबूर होते देखे गये। कि ईश्वर इन बच्चों के परिवार को इतनी बड़ी सजा न दे। दुर्घटना उस समय घटी जब हरीश पुत्र खदेरु उम्र लगभग 23 वर्ष सिहोरिया थाना कूरेभार जनपद सुल्तानपुर का निवासी बताया गया तथा परिवार के मोनू पुत्र रंजीत 15 वर्षीय के साथ पारूआ (बसंतपुर) अपने रिश्तेदारी में आया था और वहां से पुनः सिहोरिया आपने घर जाते समय रिश्ते दार मोनू पुत्र राम तीरथ उम्र लगभग 18 साल निवासी परूआ (बसंतपुर) को साथ लेकर जा रहे थे। की पथर कट तिराहे पर पूरब की तरफ से एक मैजिक लोडिंग गाड़ी जिसका नंबर यू पी 42 सी टी 1693 बताई गयी है। हाईवे पर चढ़ ही रही थी कि तभी मोटरसाइकिल संख्या यू पी 44 ए ई 2980 हीरो डीलक्स जाकर मैजिक लोडिंग गाड़ी के बीच से लड़ गयी थी। ओर तीनों लोगों को गंभीर चोट पहुंची सूचना पर पहुंची पुलिस गाड़ी 112 हरीश पुत्र खदेरु को ले कर सीएचसी पहुंची जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे व्यक्ति मोनू पुत्र राम तीरथ उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी (बसंतपुर) परूआ को विक्रम गाड़ी से सी एच सी बीकापुर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। और मोनू पुत्र रंजीत को हल्की चोट होने पर प्राथमिक उपचार करके हरीश के साथ जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा सूचना देने पर सभी के परिजन सी एच सी मे आये जिससे मृतक मोनू पुत्र राम तीरथ के शव की पहचान करवा कर स्थानीय पुलिस पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मंगल कलश यात्रा के साथ प्रज्ञा पुराण कथा का श्रीगणेश



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

गायत्री परिवार द्वारा तिलोई अमेठी में रविवार को गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ।छब्बीस मई से तीस मई तक चलने वाली कथा के पहले दिन सैकड़ों महिलाओं, श्रद्धालुओं व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा हनुमान गढ़ी तिलोई से आरंभ होकर राजभवन, रजिस्ट्री ऑफिस, पूरेनिहाल सिंह, पाकरगांव, मोहनगंज, तहसील के सामने से होते हुए,पवित्र सरोवर सैम्बसी में जल भरते हुए धरमेधाम चेतरा बुजुर्ग होते हुए कथा यज्ञ स्थल हनुमान गढ़ी पर समाप्त हुई।पीले वस्त्रों में सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख कर मंगल प्रज्ञा गीत गाते हुए इस यात्रा में प्रतिभाग किया।

कथा स्थल पर पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराने वाली टोली नायिका सुषमा तिवारी, महिमा तिवारी, जगन्नाथ ने गायत्री माता की आरती सम्पन्न कराई। और मंगल कलश यात्रा का पूजन कौशल किशोर एवं राधे श्याम तिवारी ने कराते हुए बताया कि आज के युग धर्म को निभाने हेतु वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पं श्रीराम शर्मा आचार्य रचित पावन प्रज्ञा पुराण कथा के सूत्रों का अवगाहन इस कथा में होगा।मंगल यात्रा का श्रीगणेश झण्डी दिखा कर डा त्रिवेणी सिंह जनपद समन्वयक ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार गयाबख्श सिंह ने व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रधान तिलोई अमिता गौतम, प्रधान चेतरा बुजुर्ग मोनू जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र बहादुर सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, आचार्य शिव शंकर सिंह, बहन रूबी सिंह, माया देवी, भानुमित्र अवस्थी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्ट फेडरेशन रायबरेली में सौंपी गई जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



फार्मासिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश रायबरेली जनपद में फार्मासिस्ट संवर्ग में एकता स्थापित करने हेतु गंगाधर शुक्ल को अध्यक्ष, चीफ फार्मासिस्ट सी एच सी महाराजगंज रायबरेली, शिवकुमार वर्मा को मंत्री, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सालय सलेथु महाराजगंज रायबरेली, अशोक कुमार दूबे को उपाध्यक्ष, वेटरनरी फार्मासिस्ट जिला पशु चिकित्सालय रायबरेली, लक्ष्मीकांत सिंह को संगठन मंत्री, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट जिला होम्योपैथिक कार्यालय रायबरेली नामित किया गया। जिनके द्वारा जनपद स्तर पर शेष कार्यकारिणी का विस्तार समस्त विधाओं के फार्मासिस्ट की बैठक कर सर्वसम्मत से करते हुए कर्मचारियों की जायज समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। साथ मे ही फार्मासिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के द्वारा विभिन्न विधाओं के सेवा निर्वित फार्मासिस्ट के पदाधिकारियों को भी नामित किया गया। जिनमें सतीश दीक्षित को अध्यक्ष, सेवनिर्वित चीफ फार्मासिस्ट, दृगपाल वर्मा सेवा निर्वित आयुर्वेदिक चीफ फार्मासिस्ट, बेनी बहादुर सिंह को संगठन मंत्री, सेवा निर्वित होमियोपैथिक चीफ फार्मासिस्ट नामित किया गया।

# पुरोहित समाज की कार्यकारिणी भंग करने का गलत संदेश लोगों तक पहुंचाया वह निंदनीय, गलत और फर्जी : दुर्गेश कुमार पांडेय

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



श्रीअयोध्या तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के द्वारा घोषणा की जा रही है कि मैं दुर्गेश कुमार पांडेय अध्यक्ष, ओम प्रकाश पांडेय महामंत्री तीर्थ पुरोहित समाज अयोध्याधाम कि एक व्यक्ति विशेष द्वारा जो पुरोहित समाज की कार्यकारिणी भंग करने का गलत संदेश लोगों तक पहुंचाया है। वह निंदनीय, गलत और फर्जी है। तीर्थ पुरोहित समाज के सभी पदाधिकारी व समाज के सदस्यगणों की ओर से यह संदेश लोगों तक पहुंचाया गया है कि उनका बयान गलत था। हमारे तीर्थ पुरोहित समाज के सभापति महोदय से चर्चा के बाद यह कहा गया है कि एक व्यक्ति विशेष के कहने मात्र से तीर्थ पुरोहित समाज समिति को भंग कभी नहीं किया जा सकता है। समिति भंग का अधिकार, शक्ति मात्र सभापति को ही होता है। पुरोहित समाज के अध्यक्ष और महामंत्री 3 वर्षों के लिए नियुक्त होता है। इनका विधिक रूप से चुनाव होता है। अध्यक्ष दुर्गेश पांडे, महामंत्री ओमप्रकाश पांडे, चुनाव में खड़े थे। उस समय एक सप्ताह के अंदर कोई और विपक्षी नहीं खड़ा हुआ था। जिसके चलते पूर्व सभापति शंभू नाथ पांडे जी ने इन दोनो को पदाधिकारी नियुक्त किया था। समाज के सभी लोगों ने इनको माला पहनाकर स्वागत सम्मान भी किया था। तभी से ये समाज के विधिक रूप से तीन वर्षो के लिए अध्यक्ष और महामंत्री हैं। समाज के ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन भी है। पुरोहित समाज अध्यक्ष व महामंत्री के कार्यों से पूरी तरह से संतुष्ट भी है। यह कार्यकारिणी आगामी तीन वर्ष पूरा करेगी, जिसमें पूरे पुरोहित समाज का सहयोग, आशीर्वाद अपेक्षित है।

## कुबेर टीले पर लगाए जायेंगे रामायण कालीन पौधे

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कुबेर टीले पर लगाए जायेंगे रामायण कालीन पौधे, राम मंदिर परिसर में बने अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को नहीं उतारने होंगे जूते और चप्पल, सितंबर तक पूरा हो जाएगा सातों मंदिरों का निर्माण कार्य, राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा का बयान, ट्रस्ट का प्रयास राम मंदिर के साथ-साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं को दर्शन करने का प्रयास, सितंबर तक सात मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, शेषावतार मंदिर भी बनकर पूर्ण हो जाएगा, कुबेर टीले का कार्य लगभग पूरा, जटायु महाराज भी स्थापित हो चुके हैं, जो श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आते हैं वह कुबेर टीले के दिशा में भी जाएं, कुबेर टीले पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे।

## कठिन योग आसन से बचें जो शरीर की गर्मी को बढ़ा सकते हैं : प्रदीप पांडेय

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली द्वारा संचालित प्रातः दैनिक निरूशुल्क योग शिविर राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में तौलिया वितरण का कार्यक्रम संपन्न। योग के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है।

योग नहीं तो कुछ भी नहीं। योग का महत्त्व भूत भविष्य और वर्तमान तीनों कालों में रहा है। इसके बिना मानव का अस्तित्व विलुप्त हो जाता है। हमारी चेतना को मूलाधार चक्र से होते हुए स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा चक्र सहस्त्रार चक्र तक की यात्रा करनी होती है। जीवन में बिना अध्यात्मिक योग गुरू के स्वयं को जानना असंभव है। मानवरूपी काया में व्याप्त अंधकार अज्ञानता को हटाकर प्रकाशरूपी ज्ञान, आत्मोत्कर्ष, आत्मुन्नत्ति, आत्मकल्याण और आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करना ही हम सबका अंतिम लक्ष्य है। आज योग शिविर में आने वाले सभी आध्यात्मिक साधकों को संयोजक के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए तौलिया वितरित की गई। लोगों को कुछ देकर एवं सेवा करके आनंद की अनुभूति होती है।उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने व्यक्त किया। सिद्धार्थ दुबे ने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय पर्व, जयंती, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण अभियान, सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान, गीता पर व्याख्यान, मेडिकल जांच कैंप, योग शिविर का कार्यक्रम कौशल विकास संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, इंटर कॉलेज, जिला जेल कारागार, स्टेडियम, पार्क, वृद्धाश्रम, अनाथालय, कंप्यूटर संस्थान में निरूशुल्क योग शिविर का कार्यक्रम किया जाता है। योगाचार्य बृजमोहन के द्वारा योग कक्षा में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ऋषि पतंजलि अष्टांग योग की शिक्षा एवं उनके द्वारा रचित योगदर्शन की जानकारी दी जाती है। आहार विहार, दैनिक दिनचर्या के साथ साथ स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक की जानकारी विभिन्न बीमारियों में दी जाती है। उपस्थित साधकरू राज अग्रहरि, अनुराग, आरती, सरला मौर्या, श्रेष्ठा शुक्ला, सिद्धार्थ दुबे, ईशान दुबे, आरके सिंह, श्रेया सिंह राकेश यादव, दिनेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 43°C | 29°C |
| कानपुर | 44°C | 30°C |
| देहरादून | 39°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 46°C | 32°C |

# आपॅरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस ने लुटेरे के पैर पर मारी गोली

- शातिर लुटेरे दो बदमाशों पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे
- उसरना गांव में बदमाशों ने गल्ला व्यापारी से की थी गोली चलाकर लूट

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी





**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना अंतर्गत शनिवार देर रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। बता दें कि आपॅरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस ने लुटेरों के पैर में गोली मारकर अदीब और रेहान गाजी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बीते गुरुवार को लुटेरों ने इटौंजा के उसरना गांव में गल्ला व्यापारी से लूटपाट की थी। फिलहाल, पुलिस ने गल्ला व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पर्दाफाश कर मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो अवैध तमंचा, दो अदद खोखा कारतूस, दो, अदद जिन्दा कारतूस, तीन मोबाइल फोन, 8300 की नगदी और वारदात में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की है। बीते 22 मई की दोपहर करीब 12-15 बजे नाकाबपोश बदमाशों ने इटौजा के उसरना गांव निवासी गल्ला व्यापारी मो. आरिफ की दुकान में घुसकर उस पर तंमचे से गोली चला दी थी। बदमाशों का निशान मिस हो गया और गोली दीवार में धंस गई थी। जिसके बाद बदमाश फिर से तमंचे में दूसरी कारतूस लोड करने लगे तब गल्ला व्यापारी बदमाशों को धक्का देते दुकान से बाहर भाग निकला था। इसके बाद लुटेरे दुकान में रखी नगदी लूटकर वहां से भाग निकले थे। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी (एडीसीपी) जितेंद्र दुबे ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में लगातार छानबीन कर रही थी। इसी कड़ी में शनिवार रात पुलिस को बदमाशों के बारे में सटीक सूचना मिली तभी सूचना के आधार पर पुलिस इटौंजा क्षेत्र में बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी अचानक बाइक सवार लुटेरे वहां पहुंचे। बदमाश पुलिस को देखकर वहां से भागने लगे,पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी तभी जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अदीब के पैर पर गोली मारी। जबकि रेहान गाजी ने आत्मसमर्पण कर दिया। गोली लगने से अतीब घायल हो गया। वहीं अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच,सर्विलांस और स्थानीय थाने से कुल 4 टीमें बनाई गई थी। बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए बाराबंकी जनपद के कुर्सी थाना अंतर्गत अनवारी गांव निवासी अदीब पर कुल 09 अपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में बाराबंकी की कुर्सी पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। जबकि साथी रेहान गाजी के खिलाफ इटौजा, गुड़म्बा और जानकीपुरम थाने में 04 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

# लखनऊ की यह संस्था जरूरतमंद बच्चों व गरीबों के लिए वरदान देती निशुल्क भोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ की यह संस्था जरूरतमंद बच्चों के लिए बनी वरदान, निःशुल्क भोजन के साथ उनके सपनों को भी दे रही नई उड़ान आज हम आपको ऐसी संस्था के बारे में बताएंगे, जो पिछले कई वर्षों से गरीब बच्चों, निराश्रित, अकिंचन व जरूरतमंदो को निःशुल्क भोजन कराने के लिए अग्रसर है साथ ही गरीब बच्चों के सपनों को भी दे रही नई उड़ान जी हाँ हम बात कर रहे है इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया बैसे तो इस धरती पर रह रहे हर एक शख्स के भोजन की व्यवस्था ईश्वर ने कर रखी है, लेकिन कुछ असहाय और जरूरतमंद बच्चे इससे वंचित हैं। भूख कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि काफी हद तक मानव निर्मित आपदा है। इसलिए, मुझे लगता है, भारत को भूख मुक्त बनाना हमारा कर्तव्य है।

इसी क्रम में संस्था की वरिष्ठ सदस्य एड. अंजू गुप्ता ने कहा परन्तु इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी होना अति आवश्यक है और संस्था सभी जनमानस से अपील करती है कि जो भी व्यक्ति सेवा भाव से हमारी संस्था के साथ जुड़ना चाहते है एवं सहयोग प्रदान करना चाहते है उन सभी का हार्दिक स्वागत है। जो लोग आर्थिक सहयोग ना करके अपनी सेवाएं देना चाहते है उनका भी हार्दिक स्वागत है। एस. के. मिश्रा ने कहा यह एक पुण्य कार्य है जिसमें आप अपनी स्वेच्छा से अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं। यदि आप इस नेक प्रयास में सहयोग देना चाहते हैं, तो कृपया निःसंकोच संस्था से संपर्क करें।आप भी आइये इस नेक कार्य का हिस्सा बनिये आपका योगदान न केवल जरूरतमंदों के लिए मददगार होगा, बल्कि आपको भी आत्मिक संतोष और पुण्य का अनुभव कराएगा। आइए, मिलकर इस सेवा कार्य में भाग लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएँ। संजय श्रीवास्तव ने बताया दुनिया ऐसे लोगों और कारणों से भरी हुई है जिन पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है और जमीनी स्तर के प्रयासों से लेकर बड़े पैमाने पर परोपकार तक, विभिन्न प्रकार के धर्मार्थ दान स्वयं प्रकट होते हैं। अनुराग जायसवाल जी कहते है धर्मार्थ दान की अपनी विरासत शुरू करने में कभी देर नहीं होती। चाहे आप एक अनुभवी परोपकारी व्यक्ति हों या बस अपनी धर्मार्थ यात्रा पर निकल रहे हों, ऐसे अनगिनत तरीके हैं जिनसे आपकी उदारता जीवन बदल सकता है और एक बेहतर दुनिया को आकार देने में मदद कर सकती है। आज के इस कार्यक्रम में शामिल एस. के. मिश्रा, प्रेम आनन्द श्रीवास्तव, सुबोध मिश्रा, अनुराग जायसवाल, जीतेन्द्र द्विवेदी, आशीष श्रीवास्तव, अलोक धर, रजनीश मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, रंजीत कश्यप, वीरेंद्र शर्मा, नवीन कुमार, वरुण कश्यप, एड. अंजू गुप्ता, साधना मिश्रा, ज्योति गुप्ता सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज भी पूर्वांचल में

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 मई को मऊ, गाजीपुर, सोनभद्र व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:25 बजे जनता इंटर कॉलेज के सामने मैदान, रानीपुर, मुहम्मदाबाद, गोहाना, मऊ में घोसी लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:35 बजे महादेवा मंदिर प्रांगण के सामने श्री हरिद्वार गिरीजी का खेत बैजलपुर, मुहम्मदाबाद गाजीपुर में बलिया लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:10 बजे रामलीला मैदान, दुद्धी, सोनभद्र में रॉबर्ट्सगंज लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 03:40 बजे सर्वोदय इंटर कॉलेज का मैदान, सेवापुरी, वाराणसी मे जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 04:45 बजे रामआसरे वाटिका, कचहरी के पास, वाराणसी में अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,21,801 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,71,917 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 10020 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10166 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 595 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5216 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया।25 मई को पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये। 4783 लोगों को पाबन्द किया गया। बिना लाइसेंस के 35 शस्त्र व 34 कारतूस बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 29 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने बरामद की अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 25 मई तक 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9164.17 लाख रुपये नकद धनराशि, 5598.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 23969.96 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 5958.69 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किये गये।25 मई को प्रमुख जब्ती में बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75.84 किग्रा ड्रग, हापुड़ की हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख की 105 किग्रा ड्रग पकड़ी गयी।

### भाजपा को अपनी हार का अंदाजा हो गया है: राजेन्द्र चौधरी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने छठे चरण के मतदान के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत देकर भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा को अपनी हार का अंदाजा हो गया है इसलिए वह अराजकता और सत्ता का दुरुपयोग करने पर आमादा हो गई है। लोकतंत्र में भाजपा द्वारा किया जा रहा कृत्य शर्मिंदा करने वाला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया में बाधा डालना लोकतंत्र को कलंकित करना है। अंबेडकर नगर में तो टांडा में एक बीएलओ को भाजपाइयों ने पीट दिया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया। पार्टी के प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद रखा गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद उर्फ लवकुश वर्मा को भी पुलिस ने घर में बंधक बना रखा। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं व बेटियों के प्रति बढ़ते अपराध से क्षुब्ध होकर जनता का आक्रोश भाजपा पर फूट पड़ा है।

### अमित शाह आज कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में रहेंगे

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को यूपी के चुनावी दौरे पर रहेंगे। शाह कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। शाह की पहली सभा उदित नारायण डिग्री कॉलेज, कुशीनगर होगी। जबकि दूसरी सभा लालमणि ऋषि इंटर कॉलेज मैदान, हल्दीरामपुर, बेल्थरा रोड, बलिया में है। इसके बाद गृहमंत्री चंदौली लोकसभा के लिए वाराणसी जिले के गोसांईपुर पलही पट्टी में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। शाह की तीनों सभाओं में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

# कुशल बूथ प्रबंधन विजय का आधार : धर्मपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजीपुर व मऊ जिले में घोसी लोकसभा की संचालन समिति, लोकसभा के संयोजक व प्रभारी, विधानसभा संचालन समिति, विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ संवाद किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव अपने अंतिम चरण की ओर बढ रहा है। चुनाव की रणनीति को बूथ केन्द्रित करते हुए हर घर तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र पहुंचाने का काम करना है। कुशल बूथ प्रबंधन से बूथ स्तर पर विजय की रणनीति के तहत काम करते हुए अभियान चलाकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान का आग्रह प्रत्येक मतदाता से करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कुशल बूथ प्रबंधन से ही बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त होता है और बूथ प्रबंधन का आधार बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख है। प्रत्येक बूथ पर मजबूत व्यूह रचना तैयार करके हमें तय करना है कि अधिक से अधिक मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंचे। इसके साथ फर्जी मतदान रोकने के लिए भी सजग रहना है। चुनाव को बड़े अन्तर से जीतने के लिए हमें मतदान पूर्ण होने तक परिश्रम के साथ कार्य करना है और मतदान सम्पन्न होने तक बूथ पर डटे रहना है। भाजपा अबकी बार 400 पार और उत्तर प्रदेश में 80 अबकी बार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता किसी भी लक्ष्य को अपने परिश्रम से प्राप्त करने में सक्षम है। वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के संकल्प की सिद्धि के लिए भाजपा कार्यकर्ता अर्हिनश कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की योजनाओं,ऐतिहासिक निर्णयों तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत हुआ है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही देश के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्रों का विकास हो रहा है। देश के गरीब वर्ग को आवास, बिजली, पानी, रक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य की गारंटी मोदी जी ने दी है। देश का किसान खुशहाल हुआ है तथा भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। भ्रष्टाचारी और अपराधी सलाखों के पीछे है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी, माफियाराज सहित भ्रष्टाचार से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है।

# प्राइमरी शिक्षकों को डीबीटी की तैयारी का फरमान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- अधिकारियों को गर्मियों की छुट्टियों में आई डीबीटी और यूनिफॉर्म की याद
- स्कूल में छात्रों की संख्या और आधार सीडिंग की पूरी डिटेल भेजने के निर्देश



एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हुआ। डेढ़ महीना बीत गया। बेसिक शिक्षा विभाग को अब बच्चों की यूनिफॉर्म और बैग के लिए तैयारी की याद आई है, वह भी गर्मियों की छुट्टियों में। अब शिक्षकों को कहा जा रहा है कि वे बच्चों का ब्योरा, आधार सीडिंग सहित डीबीटी की सभी तैयारियों पूरी कर लें। अब सवाल ये उठता है कि स्कूल बंद हैं। शिक्षक और बच्चों की छुट्टियां हैं तो ये तैयारी कैसे होगी ?प्रदेश के बेसिक स्कूलों में बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते-मोजे के लिए सरकार अब डीबीटी के माध्यम से अभिभावक के खाते में 1200 रुपये एकमुश्त भेजती है। अप्रैल से सत्र शुरू हो जाता है। हर साल लेटलतीफी और तकनीकी दिक्कतों के कारण सभी बच्चों के खाते में सत्र के अंत तक यह धनराशि नहीं पहुंच पाती।इस बार भी एक अप्रैल से अभी तक इसकी प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है। अब बेसिक शिक्षा निदेशक ने आदेश दिया है कि 30 मई तक इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। कहा गया है कि जो छात्र स्कूल छोड़ गए हैं, उनके नाम हटाए जाएं और जो नए दाखिल हुए हैं, उनके नाम जोड़े जाएं। उसके बाद पूरा ब्योरा भेजा जाए। इसमें आधार सीडिंग का ब्योरा अपलोड किया जाए।शिक्षकों का कहना है कि गर्मियों की छुट्टियों में यह आदेश किया गया है। शिक्षक हर समय अपने पास पूरा ब्योरा नहीं रखते। स्कूल में दस्तावेज होते हैं। उसे देखकर भरना होता है। छुट्टियों में शिक्षक घूमने और अन्य काम से बाहर भी जाते हैं। बाहर के कुछ अपने घर या मूल निवास पर चले जाते हैं। जब स्कूल खुले थे, तभी यह काम करा लेना चाहिए था। इससे तो अब बच्चों की यूनिफॉर्म का काम और लेट होगा। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल कहते हैं कि ज्यादातर ब्योरा ऑनलाइन होता है। अभी से तैयारी के लिए इसलिए कहा जा रहा है ताकि आचार संहिता खत्म होते ही धनराशि अभिभावकों के खाते में भेजी जा सके।

# 18 वीं लोकसभा का चुनाव : न पक्ष ने उछाला न विपक्ष ने कोई 'नारा'

- 'जय हिंद' का उदघोष होते ही झलकने लगती नेताजी सुभाष चंद्र बोस की छवि

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**भाजपा ने एक और चुनावी नारा दिया राम रोटी और स्थिरता और इसका असर हुआ**

1984 का चुनाव इंदिरा गांधी की शहादत पर लड़ा गया था परंतु जब 1991 के चुनाव प्रचार में राजीव गांधी उतरे तो उन्होंने नारा दिया, वोट स्थिरता के लिए, वोट कांग्रेस के लिए। 1996 के आते आते भाजपा की राजनीतिक पकड़ देश पर होने लगी, तो भाजपा ने नारा दिया सबको परखा बारी बारी, अबकी बारी अटल बिहारी। उसके तुंरत बाद भाजपा ने एक और चुनावी नारा दिया राम, रोटी और स्थिरता और इसका असर हुआ। भाजपा लगभग केंद्र में 6 साल सरकार चलाने में सफल रही। 2002 में भाजपा ने अपना चुनाव स्लोगन इंडिया शाइनिंग दिया तो लोगों ने इसे नहीं अपनाया और भाजपा सत्ता से बाहर हो गई।केवल आम चुनाव में ही नारे या स्लोगन हिट नहीं हुए बल्कि राज्यों के चुनाव में भी नारों का बड़ा असर रहा। बंगाल में ममता बनर्जी ने मां, माटी और मानुष का नारा दिया और सत्ता में आ बैठी। बिहार में भी एक नारा खूब चला कि जब तक रहेगा समोसे में आलू तब तक बिहार में रहेगा लालू। यूपी में समय समय पर नारों ने चुनाव में राजनीतिक दलों की नैय्या पार लगायी है। देश में सत्ता परिवर्तन की लहर 2014 में आई तो भाजपा ने इसे भुनाने के लिए कई लोकप्रिय नारे दिए। जिनमें सबसे प्रमुख नारा रहा अच्छे दिन आनेवाले हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को केंद्र में रखकर जब भाजपा ने एक चुनावी गीत मैं देश नहीं बिकने दूंगा जारी किया तो लोगों ने इसे खूब सराहा। अबकी बार मोदी सरकार के नारे ने लोकमानस बनाने में बड़ी मदद किया था। मोदी के बनारस से चुनाव लड़ने के फैसले के बाद एक और नारा काफी बुलंद हुआ, वह था हर हर मोदी, घर घर मोदी। 2019 के आम चुनाव में जब भाजपा ने चौकीदार शब्द के साथ यह नारा गढ़ा कि मैं हूं चौकीदार यह नारा पाकिस्तान के खिलाफ़ एयर स्ट्राइक के बाद दिया गया।

आरोपों-प्रत्यारोपों और व्यक्तिगत आक्षेपों से भरे इस चुनाव में एक कमी दिखी,वो है अच्छे नारों और मुहावरों की। नए और प्रभावशाली वाक्यांश हमारे लोकतंत्र के गहने रहे हैं। इस बार अच्छे नारों और स्लोगनों की कमी अखरी तो जरूर है।चुनावी नारे या काव्यांश राजनीतिक माहौल को हमेशा सरस और चुटीले बनाते रहे हैं। जनता की कल्पना को मूर्त रूप देने में भी ये नारे बड़े प्रभावशाली होते हैं। जैसे कभी जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मोहर लगेगी हाथ पर लोगों ने विश्वास किया था उसी तरह अबकी बारी, अटल बिहारी पर भी लोगों ने यकीन जताया था। 2014 में खुद भाजपा ने अबकी बार, मोदी सरकार पर वोट की फसल काटी थी।चुनावी नारे पूरे देश में गूंजते रहे हैं और चुनावी अभियानों को मजबूती देते रहे हैं। नारे लोकतंत्र की जान हैं। वे माहौल बनाते हैं, मतदाताओं और राजनीतिक दलों के बीच संबंध बनाते हैं और चुनावी रैलियों में जोश भरते हैं। उनके बिना चुनाव अधूरा लगता है। कभी नारों से दीवारें पटी होती थीं पर अब नये चुनावी नियमों के कारण यह चलन खत्म सा हो गया है।चुनाव में नारे लोगों को इसलिए भाते हैं, क्योंकि हम भारतीय हमेशा से भावनाओं को असरदार तरीके से लोगों तक पहुंचाने के लिए लोकोक्तियों और मुहावरों का उपयोग करते रहे हैं। राजनीतिक क्षेत्र के लोग भी नारों और हुंकारों के जरिए परिवर्तन की बात करते रहे हैं।अभी से नहीं बल्कि आजादी की लड़ाई के समय से ही काव्यांश और नारे ज्यादा असरदार साबित हुए। कुछ नारे तो इतने चर्चित और लोकप्रिय हुए कि उन्हीं से नेताओं की अलग पहचान बन गई। जैसे जय हिंद के घोष से आज भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की छवि जुड़ी हुई है। उसी तरह से वंदे मातरम् गान के लिए बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जाने जाते हैं। लाला लाजपत राय का नाम साइमन गो बैक के नारे के साथ अमर हो गया, तो अंग्रेजों भारत छोड़ों के नारे के कारण बापू सहज याद आ जाते हैं। स्वराज हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है का नारा बाल गंगाधर तिलक के साथ हमेशा के लिए जुड़ गया। आजाद भारत में जब से चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई, तभी से नारों का उपयोग शुरू हो गया। भारत में पहला आम चुनाव 1951 में हुआ। अपने पहले चुनाव में प्रधानमंत्री नेहरू ने सांप्रदायिकता के खिलाफ कई नारे उछाले। जैसे किसी एक धर्म द्वारा दूसरे धर्म के लोगों को दबाने का सवाल ही उत्पन्न नहीं होता। बाद में 1962 के चीन के साथ युद्ध में भारत की हार के कारण नेहरू के खिलाफ यह नारा काफी लोकप्रिय हुआ कि ÷वाह रे नेहरू तेरी मौज, घर में हमला बाहर फौज।÷इस नारे के जरिए विपक्ष ने नेहरू द्वारा भारतीय सेना के कुछ जवानों को देश के बाहर भेजने के फैसले पर सवाल उठाया था। नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रधानमंत्री बने और उनका दिया हुआ नारा जय जवान जय किसान आज भी बड़े शान से लिया जाता है।

# अंतिम चरण में पूर्वांचल में जुटे बीजेपी के लीडर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- आज शाह बनायेंगे पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल,मुख्यमंत्री भी करेंगे जनसभाएं

अंतिम चरण में कोई कोर कसर बाकी न रह जाये, इसलिए बीजेपी के बड़े लीडर पूर्वांचल की गलियों में घूम रहे हैं। पीएम आये, दूसरे सूबों के सीएम आये,केंद्रीय मंत्री आये ,राज्य सरकार के मंत्री बराबर लगे हैं।कल गृह मंत्री अमित शाह पूर्वांचल में पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी हवा बनायेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो एक एक दिन में आधा आधा दर्जन मीटिंग कर रहे हैं।बीजेपी के चाणक्य कहे जाने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह कल आयेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ भी पूर्वांचल में ही रहेंगे। पार्टी संगठन के बड़े ओहदेदार बराबर लगे हैं। बूथ लेबल तक जोर लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 मई मऊ, गाजीपुर, सोनभद्र व वाराणसी में रहेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11:25 बजे जनता इंटर कॉलेज के सामने मैदान, रानीपुर, मुहम्मदाबाद, गोहाना, मऊ में आयोजित घोसी लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:35 बजे महादेवा मंदिर प्रांगण के सामने श्री हरिद्वार गिरीजी का खेत, बैजलपुर, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर में आयोजित बलिया लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 02:10 बजे रामलीला मैदान, दुद्धी, सोनभद्र में आयोजित रॉबर्ट्सगंज लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 03:40 बजे सर्वोदय इंटर कॉलेज का मैदान, सेवापुरी, वाराणसी में जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 04:45 बजे रामआसरे वाटिका, कचहरी के पास, वाराणसी में आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वही दूसरी ओर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 12:30 बजे उदित नारायण डिग्री कॉलेज, कुशीनगर मे जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे लालमणि ऋषि इंटर कॉलेज मैदान, हल्दीरामपुर, बेल्थरा रोड, बलिया में सलेमपुर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे। सायं 04 बजे ब्रह्म बाबा मंदिर के पास, गोसांईपुर पलही पट्टी चौराहे से बाबतपुर रोड की तरफ, बाबतपुर, बलुआ रोड वाराणसी में चंदौली लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे।उधर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभाओं में सम्मिलित रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 12:30 बजे उदित नारायण डिग्री कॉलेज, कुशीनगर तथा दोपहर 02 बजे लालमणि ऋषि इंटर कॉलेज मैदान, हल्दीरामपुर, बेल्थरा रोड, बलिया में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभाओं में सम्मिलित रहेंगे। सायं 04 बजे ब्रह्म बाबा मंदिर के पास, गोसांईपुर पलही पट्टी चौराहे से बाबतपुर रोड की तरफ, बाबतपुर, बलुआ रोड वाराणसी में आयोजित माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की चंदौली लोकसभा की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जीवन की जय-मृत्यु का क्षय

**जल प्रदूषण और अभाव के रूप में दूसरी बड़ी समस्या पेश हो रही है। मल-जल और औद्योगिक प्रदूषित जल नदियों में डालने के कारण देश की अधिकांश नदियां प्रदूषित हो गई हैं। जिनका जल पीने और अन्य उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं बचा है। भू-जल भी प्रदूषित हो गया है जिसमें संखिया और अन्य धातु जनित प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित स्तर से ज्यादा हो गई है। भू-जल अन्यधिक दोहन के कारण संकट में आ गया है। कई शहरों में स्थानीय आबादी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इस सूची में बेंगलुरु पहले स्थान पर है।**

*वैयक्तिक स्तर पर तो मृत्यु अपरिहार्य सत्य है, किन्तु प्रवाह रूप में जीवन धारा का सातत्य ही संसार को चलाये रखने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान विकास यात्रा में प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है। जिसने सतत जीवन धारा को ही खंडित करना आरंभ कर दिया है। इस संस्कृति का आधार विज्ञान, तकनीक का गुलाम होकर भेदवादी शक्तियों की ताकत बनता जा रहा है। समग्रतावादी आध्यात्मिक चिंतन, जो विश्व समाज को जोड़ने का काम करता है, हाशिए पर जा रहा है। जिसकी परिणति आत्ममुग्धता और अहंकार जनित युद्धों और पर्यावरण विध्वंस के रूप में हो रही है। यूनेस्को के संविधान की घोषणा के ये शब्द इस विषय में प्रासंगिक हैं युद्ध मनुष्यों के मन में आरंभ होते हैं, पर्यावरण संबंधी समस्याएं भी मनुष्य के मन में ही आरंभ होती हैं। इसलिए वास्तविक रूप में मानवीय, बौद्धिक नैतिक पर्यावरण की नींव मानव मन में ही डालनी होगी। वर्तमान विश्व समाज, विशेषज्ञ संचालित है। विशेषज्ञ चीजों को टुकड़ों में विश्लेषण द्वारा समझते हैं। जिससे समग्र हित साधन की समझ गायब हो जाति है। जैसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक शरीर का इलाज करेगा तो आंख, कान, नाक, गुर्दा, हृदय, के अनुसार करेगा। यदि गुर्दे का इलाज करते हृदय को हानि पंहुच जाए जिससे सारा शरीर दुष्प्रभावित हो जाए तो उस पर चिकित्सक का वश नहीं रहता। औद्योगिक विशेषज्ञता ने प्रकृति के मूल जीवनदायी तत्वों हवा, पानी, मिट्टी (भोजन) को ही संकट ग्रस्त कर दिया है। वायु प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव के चलते वैश्विक तापमान में अभूत पूर्व वृद्धि हो रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से हो रही तापमान वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया भर में बे-मौसमी और भारी बारिश, भयंकर समुद्री तूफान, बाढ़- सूखा- चक्र, भूस्खलन, और बर्फीले तूफानों का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेंटीग्रेट के भीतर नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन के परिणाम कितने भयंकर होंगे इस बात का अनुमान लगाना भी कठिन है। तापमान में 1 डिग्री वृद्धि तो हो ही चुकी है। इसी मई में ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ये सब असामन्य घटनाएं हैं। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव ग्लेशियर पिघलने के रूप में सामने आ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर के अधिकांश ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। इससे समुद्र की सतह ऊपर उठ जाएगी और समुद्र किनारे के कई देश, द्वीप और इलाके पानी में डूब जाएंगे। वेनजुएला ग्लेशियर समाप्त होने वाला पहला देश बनने जा रहा है। हिमालय और ध्रुवीय ग्लेशियर भी इसी परिणाम को प्राप्त होने वाले हैं। ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों के अचानक फट जाने का खतरा बना रहता है। जिससे भयानक बाढ़ें अचानक आने के चलते भारी जन-धन की हानि हो जाति है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम आदि राज्य पहले ही इस कारण आने वाली त्रासदियों को झेल चुके हैं। अभी सतलुज के पनढल में पिछ्ले एक वर्ष में ही ग्लेशियर पिघलने से 52 नई झील निर्मित हो चुकी हैं। सैटेलाइट अनुदर्शन से खुलासा हुआ है कि यहां 2022 में 414 ग्लेशियल झीलें थीं अब यहां 466 झीलें हैं। वायु प्रदूषण से त्रस्त शहरों में वायु की गुणवत्ता सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं बची है। जिससे सांस की बीमारियों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। छोटे बच्चे तक इनका शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का भी वायु प्रदूषण कारक बन रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली प्रथम स्थान पर है जहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 483 है दूसरे स्थान पर लाहौर 371 अंकों के साथ और कोलकाता 206 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जाएगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगों के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा जुटाए डाटा में दर्शाया गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें पायदान पर है। नीति आयोग ने कहा है, 'अभी 60 करोड़ भारतीय गंभीर से गंभीरतम जल संकट का सामना कर रहे हैं और दो लाख लोग स्वच्छ पानी तक पर्याप्त पहुंच न होने के चलते हर साल अपनी जान गंवा देते हैं।' इन जटिल एवं विकराल स्थितियों एवं डरावने तथ्यों के बावजूद हम पानी का इस्तेमाल करते हुए पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते।**

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने



ललित गर्ग

**भारत के गांवों में रहने वाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं।**

देश के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर ज़िले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। महर-खुवा गांव की ही तरह अलवर जिले के कई गांव में लोग किसी एक मौसम में नहीं, बल्कि 12 महीनें भीषण जल संकट का सामना कर रहें है। इन गांवो में पानी का स्त्रोत है ही नहीं। इन इलाकों में पानी की इतनी कमी है कि लोग उसे अपने घरों में टैंकर में छिपाकर और ताला लगाकर सुरक्षित रखने लगे हैं। भारत के गांवों में रहने वाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया? गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले? सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। राजस्थान में जल-संकट की संभावनाओं को देखते हुए आम नागरिक खुद के स्तर पर व्यापक प्रयत्न करता है। रेगिस्तान से जुड़े अनेक गांवों एवं शहरों में बने या बनने वाले मकानों में कुआ जरूर होता है, जहां बरसात के पानी को एकत्र किया जाता है, जो संकट के समय काम आता है। इसलिये गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि एवं जल-संकट का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह, वाटर-पार्कों एवं होटलों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिये जन-चेतना जागृत करने की अपेक्षा है। हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थों के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली के साथ-साथ जल-संरक्षण का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है। एक व्यक्ति के रूप में हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जिससे जल-संकट से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं। सरकार व समाज मिलकर जल-संकट का मुकाबला कर सकते हैं। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमाल में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 16:53 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाषाढा 10:13 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | शुक्ल, 28:27 |
| सूर्योदय: | 05:26 |
| सूर्यास्त: | 19:10 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 07:09-08:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### जाएंगे वो जेल !

*हुआ तीखा हमला ।*
*जाएंगे वो जेल ।।*
*होते ख़त्म चुनाव ।*
*तय कसनी नकेल ।।*
*है मिला भरोसा ।*
*शुरू हुआ है काम ।।*
*उड़ लो अभी विमान में ।*
*जानते सब नाम ।।*
*मिल गई गारंटी ।*
*बात है अटल ।।*
*कर लो आज मौज ।*
*जाना अंदर कल ।।*
*गड़गड़ाहट तालियों की ।*
*मुंह है लगाया ।।*
*लिखवाई ज़मीन है ।*
*फिर से याद दिलाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*परछाइयों में तेरी रंग मिलाता हूं,*
*तेरे एहसासों के संग बहा जाता हूं।*
*तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,*
*तेरे ख्यालो में भिखर बिखर जाता हूँ।।*
*तेरे सांसों की खुशबू से इतर,*
*कोई और महक नहीं सह पाता हूं।*

*न जाने कितने गुलशनों में भटका हूँ,*
*हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।*
*महकती आ जाओ कभी हमारे पहलू में,*
*सारी सारी रतिया आंखों में ही गुजार जाता हूं।*
*तेरी तस्सवुर से भीगा भीगा हूँ अभी तक,*
*तेरे ख्यालों से ही शर्मा शर्मा जाता हूं।।*
*बंदीशें तो तुझ पर भी है बहुत, संजीव,*
*हवाओं में ही तेरे नाम पैगाम लिख जाता हूं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन में बहुत सारे उतार-चढ़ाव आते हैं आपको मजबूती से पकड़ कर चलना होगा और आगे बढ़ना होगा*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहतमंद रहने के लिए डाइट में शामिल करें खपली गेहूं

**आपकी** डाइट का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। उत्तर भारत के अधिकतर घरों में आटे का उपयोग किया जाता है। सब्जियों के साथ रोटी खाने का प्रचलन सालों से चला आ रहा है। यहीं वजह है कि रोटियां हमारी थाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को बढ़ावा देता है। लेकिन, आज के समय में डाइटिशियन गेहू के ही एक प्रकार खपली को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। यहीं वजह है कि खपली का गेहू सामान्य गेहूं की तुलना में अधिक महंगा होता है। दिल्ली की एसेंट्रिक डाइट्स क्लीनिक की डायटीशियन शिवाली गुप्ता के अनुसार खपली गेहूं में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो आपके सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।



**खापली गेहूं क्या है?:** खपली गेहू , सामान्य गेहूं की सबसे शुरुआती घरेलू प्रजातियों में से एक है। इसे एम्मर गेंहू के नाम से भी जाना जाता है। आधुनिक गेहूं की तुलना में खपली गेहूं की कटाई के दौरान इसमें छिलका बरकरार रखता है, जो इसकी लंबी शेल्फ लाइफ के लिए महत्पूर्ण होता है। खपली गेहूं में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स सहित आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह गेहूं की सामान्य किस्मों की तुलना में ज्यादा पौष्टिक और फायदेमंद माना जाता है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। इस वजह से इसे पचाना बेहद आसान होता है और यह ब्लड शुगर के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है।

**पोषण से भरपूर:** खपली गेहूं पोषण से भरपूर होता है। इसमें सामान्य गेहूं की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है। साथ ही, एसेंशियल अमीनो एसिड भी होते हैं, जो सामान्य गेहूं में नहीं पाए जाते हैं। इसके अलावा, खपली गेंहू में नियासिन या विटामिन बी 3 के साथ अन्य मिनरल्स भी पाए जाते हैं। खपली गेहूं से तैयार रोटियों का सेवन करने सेल्स फंक्शनिंग बूस्ट होती है। साथ ही, बोन डेंसिटी बेहतर होती है।

**पाचन के लिए आवश्यक:** खपली गेहूं में हाई फाइबर पाया जाता है, जो पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। डाइट्री फाइबर बॉवल मूवमेंट को बेहतर करता है। इसको डाइट में शामिल करने से कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही, पाचन तंत्र बेहतर होता है। इससे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर होने की संभावना कम होती है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करना:** खपली गेहूं में ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) कम होता है। कम जीआई वाले आहार धीरे-धीरे पचते हैं, ऐसे में ब्लड शुगर में वृद्धि नहीं होती है। इस गेहूं को डाइट में शामिल करने से डायबिटीज की समस्या में आराम मिलता है। साथ ही, डायबिटीज के कारण होने वाली अन्य समस्याओं का जोखिम होता है।

**मोटापा कंट्रोल करें:** खपली गेहूं मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर करता है। इससे आपको बार-बार खाने की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे में आपका वजन बढ़ने की संभावना कम होती है। साथ ही, वजन और मोटापा कंट्रोल में रहता है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक:** खपली गेहूं में पाए जाने वाले पोषक तत्व जैसे फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और एसेंशियल फैटी एसिड व्यक्ति की हार्ट हेल्थ के लिए आवश्यक होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र में कोलेस्ट्रॉल से जुड़कर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है।

**इम्यूनिटी को बढ़ाएं:** खपली गेहूं में मौजूद विटामिन और मिनरल्स रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को मजबूत करने में मदद करते हैं। इससे व्यक्ति का संक्रमण और एलर्जी से बचाव होता है। साथ ही, रोग से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था ही उत्सव है



हृदयनारायण दीक्षित

**सनत कुमार ने बताया, जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है। ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है।**

**आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत कुमार के पास गए। सनत कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है?**

**सत्य,** शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं। लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है। लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनकिता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं। जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं। लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुन्दर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया। आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, %%पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहमस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया। इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते। वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लम्बे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था। लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीनकाल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सच्यता इसे अंधविश्वास कहती है। लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परम्परा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता- धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं। चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत। इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है।

# रोडवेज बस और मैजिक में भीषण टक्कर

## हृदय विदारक दुर्घटना हुई, जिसमें 05 लोगों की मृत्यु, 08 लोग घायल

**❋ धौरहरा रोड पर नकहा क्षेत्र के चहमलपुर में भीषण हादसा हो गया मैजिक और रोडवेज बस की भीषण भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए**







जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे रविवार को एक बार फिर खून से लाल हो गया। थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर के पास लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस और मैजिक में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मैजिक सवार चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि सात यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद बस सड़क से उतरकर खाई में पहुंच गई। घायलों को लखीमपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर बचाव एवं राहत कार्य देखा। हादसे के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया।रोडवेज की अनुबंधित बस बहराइच की तरफ से लखीमपुर की तरफ आ रही थी।हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। इस हाईवे पर पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें एक साथ कई लोगों की जानें जा चुकी है। मौके पर भीषण जाम लग गया है। मैजिक लखीमपुर से जा रहा था जबकि रोडवेज बस धौरहरा क्षेत्र से आ रही थी। पुलिस जाम खुलवाने में जुटी है। मौके पर अव्यवस्था के चलते हालात खराब हो रहे हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ रमेश तिवारी ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

अभी तक घायलों व मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। मरने वालों में मोनिस 30 वर्षीय पुत्र अच्छन निवासी बिरुआई थाना ईसानगर खीरी। अमन सात वर्षीय पुत्र जितेंद्र जसवंतनगर थाना खमरिया। रिजवान 30 वर्षीय पुत्र सुभान निवासी सिसैया थाना धौरहरा और बुद्धराम पुत्र रामधन निवासी राजजापुर बनकटवा थााना मोतीपुर जिला बहराइच शामिल हैं। इस हादसे में कुल पांच की मृत्यु हो गई, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है।

पांच घायल जिला चिकित्सालय ओयल में भर्ती है, जिनका चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा।

वही गंभीर रूप से तीन घायलों को राजधानी लखनऊ के लिए रेफर किया गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दुर्घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अफसर ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचे,जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों से इमरजेंसी वार्ड में देखा। चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी लेकर समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि चहमलपुर- नकहा में हैं।

सभी अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है।

घटना में गंभीर रूप से 03 घायलों को प्राथमिक उपचार देने के उपरांत डीएम-एसपी ने जिला चिकित्सालय से एएलएस एंबुलेंस के जरिए लखनऊ भिजवाया।

इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, उप जिलाधिकारी (सदर) श्रद्धा सिंह ने भी जिला अस्पताल में मुस्तैद रहकर मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) रमेश चंद्र तिवारी, नायब तहसीलदार अश्विनी सिंह सुनील कुमार, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, शहर कोतवाल अंबर सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस के अफसर मौजूद रहे।

## लूट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं का हुआ खुलासा

**❋ करीब 2.5 लाख रुपये के जेवरात सहित 25 हजार रुपये का शातिर इनामिया पुलिस के हत्थे चढ़ा**



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में लूट व चोरी की घटनाओ को गंभीरतापूर्वक लेते हुए टीमें गठित कर घटनाओं के शीघ्रातिशीघ्र खुलासा व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु सख्त आदेश दिए गए हैं। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एसओजी व थाना महमूदाबाद की पुलिस टीम द्वारा जनपद में हुयी लूट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए प्राप्त सूचनाओं के आधार पर शातिर अपराधी असलम टाडा पुत्र रफीक निवासी मो0 बखेरिया टोला कस्बा बलेहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा 25000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित 3 सोने की चैन वजन करीब 25 ग्राम (अनुमानित कीमत करीब 2,50,000/- रुपये), 2500 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त 1 तमंचा व 1 जिंदा कारतूस 303 बोर बरामद हुयी है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा थाना महमूदाबाद क्षेत्रांतर्गत जैन मंदिर के पास से एक महिला के गले से सोने की चैन छीनने, 06 मई को कस्बा बिसंवा में दो महिलाओं के गले से सोने की चैन छीनने, दिनांक 8 मई को कस्बा फतेहपुर जनपद बाराबंकी में एक महिला के गले से चैन छीनने का प्रयास करने तथा दिनांक 9 मई को शहर बाराबंकी में बड़ेल चौराहा के पास से एक महिला के गले से चैन छीनना स्वीकार किया गया है जिसके संबंध में थाना महमूदाबाद, थाना बिसवां, थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी पर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी पर मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये उसके द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना, साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही शीघ्र ही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता असलम टाडा पुत्र रफीक निवासी मो0 बखेरिया टोला कस्बा बलेहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी है।

## 90 हजार की नगदी और पांच लाख के जेवर चोरी, क्षेत्र में दहशत

**❋ करीब पांच लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।**



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना फरधान क्षेत्र में चोरों के आगे पुलिस बेबस दिख रही है। 25 दिन में चोरों ने आठ घर खंगाल लिए।शनिवार की रात थाने से एक किलोमीटर दूर फरधान गांव में एक घर में घुसे चोर 90 हजार रुपये की नगदी और करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।लगातार चोरी की वारदातों से पूरे क्षेत्र में चोरों की दहशत है। फरधान गांव निवासी मनोहर लाल ने बताया कि उनका मकान कैमहरा मार्ग पर है। पीछे की दीवार के सहारे चोर घर में घुस आए।तीन कमरों का ताला तोड़ दिया। उसमे रखे बक्से के ताला और अलमारी का लाकर तोड़कर 90 हजार रुपये नगद और करीब पांच लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मनोहर लाल ने बताया वह घर के बाहर सो रहे थे, जबकि पुत्र तीर्थराज,अरुण कुमार व हरेराम परिवार सहित छत पर सोये हुए थे। रात करीब तीन बजे उनकी पत्नी धन देवी छत से उतर कर नीचे आयी तो कमरों के गेट खुले देखा।तब चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ता की।

पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

एसओ कौशल किशोर ने बताया कि चोरी सूचना मिली थी। हल्का दरोगा को मौके पर भेजा गया है, घटना संदिग्ध लग रही है।जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## विधवा पीड़िता की शिकायत पर दर्ज हुई एफ.आई.आर

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
लखीमपुर खीरी


नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप
जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी
❋ पीड़िता विधवा महिला ने एसपी डीएम को दिया प्रार्थना पत्र रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

24 मई 2024 को जन एक्सप्रेस समाचार पत्र मे नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप,की हेडिंग नाम से खबर छपी खबर का हुआ असर

पीड़िता विधवा महिला ने एसपी डीएम को दिया प्रार्थना पत्र रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई खबर का असर खीरी पुलिस ने संज्ञान लेकर पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है और थाना खीरी में मुक़दमा दर्ज किया है।आपको बता दें कि थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव की नाबालिक लड़की को थाना लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्र के एक गाँव निवासी लड़के के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया था जिसको लेकर रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़िता विधवा महिला ने 17 मई 24 को थाना खीरी पुलिस को शिकायत पत्र दिया था लेकिन पुलिस पीड़िता से नाबालिक होने का प्रमाण मांग रही थी और मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था जिसके बाद जन एक्सप्रेस अखबार में छपी खबर को लेकर एसपी ने आदेश दिया और पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हो गई है। इस सम्बन्ध में 24 मई 2024 को पीड़िता विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा से मिलकर शिकायत पत्र सौंपा था और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी, वहीं एसपी खीरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खीरी पुलिस को मामले में जांच के आदेश दिए थे और एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।पीड़िता की तहरीर के आधार पर खरी पुलिस ने मुकदमा संख्या 0256/24 मई 2024 भदसं 1860 धारा 363, 366 बनाम सूरज पुत्र सुरेश ग्राम नीबौरी थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, अनिल पुत्र ढ़ोड़े ग्राम नीबौरी थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, दिनेश पुत्र सुरेश थाना क्षेत्र खीरी, काजल पत्नी दिनेश थाना क्षेत्र खीरी जनपद लखीमपुर के नाम मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी खीरी अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है शीघ्र ही उनको गिरफ्तार किया जाएगा।

## नहल के व्यक्ति का पहाड़गढ़ी में मिला शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नहल के निवासी व्यक्ति का शव गांव पहाड़गढ़ी के निकट नलकूप के पास पड़ा मिला है।

गांव नहल निवासी 45 वर्षीय मनीराम अहेरिया पुत्र कुमरजी मजदूरी पर बाग की रखवाली का काम करते थे। मनीराम की पत्नी श्याम कुमारी ने बताया कि गांव नौरथा के दो लोग शनिवार की सुबह उनके घर आए और आम के बाग की रखवाली करने की बात कहकर उनके पति को अपने साथ ले गए। परिवार के लोगों ने कहा था कि जो भी बात करनी है यहीं कर लो, लेकिन वह लोग बाग देखने की बात कहकर साथ लिवा ले गए। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे खबर मिली कि मनीराम का शव नौरथा से पिलखुनी की ओर जा रहे कच्चे रास्ते पर गांव पहाड़गढ़ी निवासी संजू के खेत पर मौजूद नलकूप के पास पड़ा है। परिजन पहुंचे तो मनीराम के शरीर पर चोट के निशान थे। शरीर मिट्टी से सना था। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रीतेश कुमार, नहल हल्का प्रभारी सुभाष मलिक मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर ने बताया कि यह हादसा है या हत्या इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली गई है।

## सीएचसी में डॉक्टर नहीं, इलाज करते बाहरी



जन एक्सप्रेस । बहराइच

### ऐसे मरीजों का दलाल कर रहें इलाज

अस्पताल में मौजूद एक महिला मरीज का ब्लड सैंपल बाहरी व्यक्ति निकाल रहा है। यही नहीं अपराह्न दो बजे के बाद पेट दर्द सहित कई समस्याओं से पीड़ित एक किशोरी व लखैया निवासिनी बुजुर्ग महिला को वार्ड के बाहर बेंच पर बैठाकर दोनों को बाहरी व्यक्तियों द्वारा ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। इस बाबत जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

सीएचसी चर्दा अराजकता का माहौल है। यहां दलाल स्वास्थ्य विभाग को चुनौती देते हुए अस्पताल में पहुंचकर मरीजों का खुद ब्लड सैंपल लेते हैं। इसके बाद प्राइवेट पैथालॉजी में जांच करा रहे हैं। यही नहीं अपराह्न दो बजे ओपीडी बंद होने के बाद बाहरी व्यक्ति पहुंचकर वार्ड से बाहर बरामदे में मरीजों को बेंच पर बैठाकर ग्लूकोज चढ़ा रहे हैं। हालांकि इस ओर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है। जिले में मेडिकल कॉलेज के साथ ही 15 सामुदायिक व 51 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इसके अलावा 300 से अधिक उपस्वास्थ्य केंद्र हैं, जिन पर जिले की करीब 40 लाख की आबादी के स्वास्थ्य देखभाल का जिम्मा है। मेडिकल कॉलेज में दलालों का रैकेट तो सक्रिय ही है। वहीं नेपाल सीमा से सटे सीएचसी चर्दा में मरीजों के दलाल हावी हैं, जो खुलेआम अस्पताल में रहकर मरीजों का इलाज करने के साथ ही ब्लड सैंपल निकालकर बाहर पैथालॉजी में जांच कराने पहुंच रहे हैं।

## घर के बाहर पड़ा मिला वृद्धा का शव, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामपुरकलां। रामपुरकलां के कैथा गांव में घर से बाहर वृद्धा का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। एक दिन पूर्व पड़ोसियों से आबादी की जमीन को लेकर झगड़ा हुआ था, और बीती रात थानाध्यक्ष मौके ओर गए और मौका मुआयना कर दोनों पक्षों को मामले के समाधान के लिए सुबह थाने बुलाया था। मृतक की बेटी ने रंजिश में मां की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच मुआयना किया। रामपुरकलां के कैथा सरैंया शंकरबक्श में बने घर में मैना देवी (85) पत्नी पत्नी स्व बैजनाथ अपने बेटे विनोद के साथ रहती थीं। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने मैना देवी का शव घर से बाहर करीब 50 मीटर दूर खड़ंजे के किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसओ रामपुरकलां ने पुलिस टीम के साथ जांच पड़ताल करते हुए उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य संकलन किए। बताया जाता है कि मैना देवी का विवाद पड़ोसियों से आबादी की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके संबंध थाने पर शिकायत की गई थी। एसओ नवनीत मिश्र शनिवार की रात मयफोर्स मौके पर पहुंचे थे और मौका मुआयना कर सुबह दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया था।

किंतु सुबह गांव से बाहर शव पड़ा मिला।

मृतका की विवाहित बेटी महमूदाबाद के कैथी टोला की किरन शुक्ला पत्नी संतोष शुक्ल ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर गांव के ही शैलेंद्र पुत्र राम गुलाम, पुन्न पुत्र रामपाल, विकास पुत्र ज्ञान चंद्र के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है।

## प्रवक्ता को मिली पी.एच.डी. उपाधि



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज सहरा नानकारी में हिन्दी प्रवक्ता सुनील कुमार मिश्र को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा उनके काव्य मुक्ति बोध की लंबी कविताओं में संवेदना और शिल्प पर हुए शोध कार्य के विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

उनकी इस सफलता पर कॉलेज के शिक्षक शैलेंद्र वर्मा, प्रदीपकांत वाजपेयी, आशीष मिश्र, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।

## खड़ी बस में जा घुसा बजरी भरा डंपर, 11 श्रद्धालुओं की मौत और 25 घायल



जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

### डंपर के चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

भीषण हादसे के पीछे की वजह डंपर के चालक को झपकी आना माना जा रहा है। हादसे के बाद डंपर चालक का पता नहीं चल पाया। उसकी तलाश की जा रही है। बस में सवार अनिल कुमार ने बताया कि वे लोग गांव से सीतापुर के सिधौली कस्बे तक अपने साधनों से आए थे। सिधौली से लगभग 75 से 80 यात्रियों को लेकर बस पूर्णागिरि के लिए रवाना हुई थी। गांव का रूपेश कुमार हर वर्ष एक बस पूर्णागिरि ले जाता है। यात्री उससे ही बुकिंग कर लेते हैं। इस बार भी रूपेश ने ही बस बुक की थी। रात लगभग दस बजे बस खुटार के एक ढाबे पर रुकी। बस सवार लोगों में कुछ लोग नीचे उतर आए और कुछ लोग बसों में ही बैठे रहे। इस बीच खुटार की ओर से तेज रफ्तार बजरी भरा डंपर आया। डंपर अचानक रोड के बायीं ओर उतरता चला गया और बस की बीच के हिस्से को चीरता हुआ घुस गया। अनिल के अनुसार डंपर चालक शायद सो गया। इस कारण बड़ा हादसा हो गया।

### इन लोगों की हुई मौत

डंपर की टक्कर से बस सवार यात्रियों में सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव बड़ा जटहा निवासी केदारी की पत्नी 45 वर्षीय सोमवती, छोटेलाल की पत्नी छुटकी, रूपेश का 16 वर्षीय पुत्र अजीत, प्रमोद कुमार, शिवशंकर, रामदास की पत्नी 30 वर्षीय मीना देवी, थाना मछरेहटा के गांव घुरेनी निवासी गंगाराम की पत्नी 36 वर्षीय सुमन, पुत्र आठ वर्षीय आदित्य सहित दस लोगों की मौत हुई है।

### ये लोग हुए हैं घायल

बस यात्रियों में गांव बड़ा जटहा की सोनावती, रितिक पुत्र अनिल , वीरेंद्र, अवंतिका, सुशील, अमित, अजय, शिवरानी, बालकिशन, बिट्ठू, आदित्य, विजय कुमार, रामू, विजय, महारानी, विकास आदि को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

खुटार में खुटार-गोला रोड पर शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे में ढाबे के बाहर खड़ी वाल्वो बस से बजरी लदा डंपर टकरा कर बस के ऊपर ही पलट गया। हादसे में बस में बैठे 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से 25 के बीच लोग घायल हो गये। घायलों को खुटार सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। कई घायलों की हालत काफी गंभीर है। देर रात तक पुलिस बचाव कार्य में लगी रही। शाहजहांपुर के एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रात करीब 11 बजे हमें सूचना मिली थी कि खुटार थाना क्षेत्र में एक खड़ी बस से एक ट्रक भिड़ गया है। बस पूर्णागिरि जा रही थी। कुछ श्रद्धालु बस के अंदर बैठे थे और कुछ श्रद्धालु एक ढाबे पर खाना खा रहे थे। तभी एक ट्रक अनियंत्रित होकर बस के ऊपर पलट गया। हादसे में कुल 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र के गांव बड़ा जटहा और छोटा जटहा के रहने वाले करीब 80 लोग पूर्णागिरी दर्शन के लिए वॉल्वो बस से शनिवार रात निकले थे। खुटार-गोला मार्ग पर कस्बे के पास एक ढाबे में खाना खाने के लिए बस रुकी। बस से उतरकर कुछ लोग खाना खाने चले गए जबकि कई लोग अंदर बैठे रहे। रात करीब 10:30 बजे खुटार से गोला की ओर जा रहे बजरी लदे डंपर ने किनारे खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दी और बस के ऊपर ही पलट गया। डंपर में भरी बजरी भी बस के अंदर भर गई। हादसे के बाद अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किए। क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। बस से बजरी हटाते हुए घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। दो दर्जन के आसपास लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। सूचना पर डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा रात करीब 12:45 पर मौके पर पहुंच गए। बचाव कार्य का जायजा लिया। अजय, छुटकी सहित सात शव सीएचसी पर लाए गए हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाई जा रहीं केदारी की पत्नी सोमवती की रास्ते में मौत हो गई है। दो शव मौके पर रखे थे। अन्य कई घायलों की हालत भी काफी गंभीर है।

## थाना धौरहरा व थाना खमरिया का एसपी खीरी ने औचक निरीक्षण किया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना धौरहरा व थाना खमरिया का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों को कायदे से रख-रखाव देखरेख के लिए निर्देशित किया थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देश दिए गए।समस्त पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के कायदे से रख-रखाव तथा निर्णय के बाद माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना धौरहरा व खमरिया पर मिशन शक्ति के सुदृढ क्रियान्वन हेतु महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया, जहाँ ड्यूटी पर उपस्थित महिला आरक्षियों से प्रतिदिन प्राप्त हेने वाली शिकायतों तथा उनके निस्तारण के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। वीट आरक्षियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# 'घोटालेबाजों की जमात है इंडी गठबंधन'

## ✻ यूपी का सांसद होने पर है मुझे गर्व: मोदी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बांसगांव व देवरिया लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशीयों के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन की जीत के लिए पाकिस्तान में दुआ हो रही है। इंडी गठबंधन कह रहा है कि हम सरकार में आएंगे तो धारा 370 वापस लाएंगे। सीएए कानून रद्द करेंगे। भारत विरोधी ताकतें भी यही चाहती हैं। कांग्रेस ने देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। जिस ब्रह्मोस मिसाइल की दुनिया भर में मांग है। बहुत जल्द ही यूपी में उसका निर्माण होगा। मगर इंडी जमात के लोग नहीं चाहते हैं कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। पीएम नरेंद्र मोदी जिले के रुद्रपुर में बांसगांव व देवरिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।




### 'मुझे यूपी का सांसद होने पर है गर्व'

उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं यूपी का सांसद हूं। भीड़ से गदगद युवकों को अपने जिगर का टुकड़ा बताते हुए उन्होंने उत्साह बढ़ाया और कहा कि अपने-अपने गांव के देवस्थल पर मत्था टेककर देश के विकास के लिए दुआ मांगें। उन्होंने राम-जानकी मार्ग का निर्माण, कॉरिडोर का निर्माण, वंदे भारत ट्रेन का संचालन समेत अन्य विकास कार्यों का बखान करते हुए कहा कि अभी तो ट्रेलर है। अगले 5 सालों में पूरी पिक्चर सामने आएगी। अपने संबोधन की शुरुआत में मोदी ने भोजपुरी में कहा कि देवराहा बाबा की धरती पर हमर रऊआ सबके प्रणाम करत बानी। भोजपुरी में उनका संबोधन सुनकर भीड़ से तालियां गूंज उठी। सभा को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, देवरिया के विधायक शलभ मणि, सुरेंद्र चौरसिया, देवरिया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी शशांक मणि, बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कमलेश पासवान ने भी संबोधित किया।

### देवरिया-बांसगांव में 1 जून को होगा मतदान

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन करोड़ गरीबों को आने वाले दिनों में पक्का घर मिलेगा, उन्हें चार जून का इंतजार है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग जिन्हें पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलेगा, उन्हें चार जून का इंतजार है। करोड़ों युवाओं को मुद्रा योजना से मदद मिलेगी, उन्हें भी चार जून का इंतजार है और तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनने के लिए चार जून का ही इंतजार है। पीएम मोदी ने कहा, देश को पता है कि चार जून से ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की गिनती शुरू हो जाएगी और हर भारतवासी को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। पीएम मोदी ने कहा, चार जून को बुढ़वा मंगल के दिन हनुमान जी के आशीर्वाद से भारत की मंगल यात्रा की नई शुरुआत होगी। बांसगांव और देवरिया लोकसभा क्षेत्रों में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### सीएम योगी माफियाओं की गर्मी उतारने में माहिर

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन का मुख्य मकसद तुष्टीकरण की राजनीति है। कांग्रेस राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराती है और समाजवादी पार्टी राम मंदिर को पाखंड बताती है। इनका अगला निशाना अब बाबा साहेब के संविधान को बदलना है। कांग्रेस धार्मिक आधार पर आरक्षण का बंटवारा करना चाहती है, परंतु हम यह होने नहीं देंगे। मोदी ने कहा कि यूपी में पहले माफिया जमीनों पर कब्जा करते थे लेकिन अब माफियाओं की जमीन पर गरीबों का महल तैयार हो रहा है। हमारे योगी जी माफियाओं की गर्मी उतारने में महारत हासिल है।

### पूर्ववर्ती सरकारों के घोटालों का किए जिक्र

नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रम्होस मिसाइल की दुनिया के कई देशों में मांग है लेकिन कांग्रेस को यह भी पसंद नहीं आया। दुनिया के कई देश ब्रह्मोस खरीदना चाहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार ने रोड़े अटकाए क्योंकि 'इंडी वाले चाहते हैं कि भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने, न भारत में हथियार निर्यात करने की क्षमता पैदा हो। उन्होंने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबधन में शामिल दल हथियारों के सौदे में दलाली खाना चाहते हैं और घोटाले करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने बोफोर्स और अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले का भी जिक्र किया।

### पूर्वांचल का प्रहार मैदान से बाहर निकाल देता है

मोदी ने कहा, आज हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इसके पहले प्रधानमंत्री ने दावा किया, छठे चरण का मतदान खत्म हो चुका है। छठे चरण ने 'इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब सातवें चरण में इंडिया गठबंधन वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का जिस पर प्रहार हुआ वह मैदान से बाहर जाकर गिरता है। मतगणना वाले दिन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जून 2024 की तारीख भारत का भविष्य तय करने जा रही है तथा उस दिन देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा जिसके लिए देश के करोड़ो लोग चार जून का इंतजार कर रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### इंडिया गठबंधन सरकार सर्वसमाज का करेगी विकास: अखिलेश प्रताप सिंह



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** लोकसभा क्षेत्र देवरिया से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ,पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू आज तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के हरिहरपुर,अहिरौली मिश्र,भटवलिया,रामपुर पट्टी,रामपुर बरहन, अमवा खास, बासगांव,गढ़हिया,गोपालपुर, जवही नरेन्द्र सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण,जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि देवरिया के सांसद सदन में पहुंचने के बाद तमकुहीराज को भूल जाते हैं, जिससे यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है, ना कृषि के संसाधन जिस कारण युवा,किसान सहित आमजन हताश और परेशान है इस क्षेत्र के बांधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते है और जनप्रतिनिधि हर बार झूठ पर झूठ बोल कर वोट लेकर चले जाते है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष,पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा की यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह देश की एकता,अखंडता,और संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा की सरकार और इनके नेता झूठ की पराकाष्ठा पार कर दिए है और झूठे विकास की बात कर अपनी पीठ थपथपाते है अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है आने वाला समय इण्डिया गठबंधन का है। इस दौरान मुकेश चौहान पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखनऊ पूर्वी अमरनाथ अग्रवाल प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस, द्विजेंद्र त्रिपाठी, अमरनाथ अग्रवाल, ओंकारनाथ सिंह, वेदप्रकाश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष लखनऊ, संपूर्णानंद मिश्र, विरेंद्र प्रताप नारायण पाण्डेय, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुश्याम राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय नारायण गुप्ता, संजय गुप्ता, धुआं सिंह, शांतनु जायसवाल, राजन यादव, बी एन सिंह कुशवाहा, अरविन्द यादव, लालमन यादव, मान सिंह चौहान आदिलोग उपस्थित रहे।

### निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने मतदाता वोटर गाईड पर्ची का वितरण किया

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश के क्रम में समस्त विधान सभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी गण, तहसीलदार गण, नायब तहसीलदार, बूथ लेवल अधिकारी गण आदि के द्वारा मतदाता पर्ची, वोटर गाइड वितरण कर 01 जून को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में सम्मिलित होने हेतु मतदाता गणों से अधिक से अधिक अपील की गई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनावें।इस लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओ से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाह्न किया गया।

### करंट की चपेट में आने से एक महिला की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिले के सुकरौली नगर पंचायत के बढया बुजुर्ग मोहल्ले में पंखा चालू करने गई महिला करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार हाटा कोतवाली के बढ़या बुजुर्ग निवासी 55 वर्षीय मसीहन खातून रविवार की दोपहर में गर्मी से राहत पाने के लिए घर के बरामदे में लगे टेबल फैन को चालू करने गई। टेबल फैन में करंट आ रहा था। जैसे ही मसीहन ने पंखा को हाथ लगाया। वह करंट की चपेट में आ गई। जिससे वह झुलस गई। परिजन महिला को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली ले गए। जहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और पोस्टमार्टम कराने की बात कही लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इंस्पेक्टर राजप्रकाश सिंह ने बताया कि घर वाले पोस्टमार्टम कराने को राजी नहीं हुए।

# कुछ ताकतों को देश की प्रगति से हो रहा पेटदर्द और सीमापार से उन्हें समर्थन: प्रधानमंत्री मोदी

**जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर, देवरिया**



प्रधानमंत्री रविवार को रुद्रपुर-पिड़रा मार्ग पर समधवा घाट के समीप बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान व देवरिया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि एक और चौकाने वाले खुलासा हुआ है। आपको पता है हमारा देश ब्रह्मोस मिसाइल बनाता है। वह दिन दूर नहीं जब यूपी में भी ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। इस मिसाइल का खौफ दूर-दूर तक है। इसकी कई देशों में मांग रही है। कई देश भारत से ब्रह्मोस खरीदना चाहते थे। अब पता चला है कि कांग्रेस सरकार ने उनके आगे रोड़े अटकाए। इंडी वाले चाहते हैं कि विदेशी हथियारों की डील होती रहे इनकी दलाली आती रहे। देश में बोफोर्स जैसे घोटाले होते रहे। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। देश का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ से उपर हो पहुंच गया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश प्रगति कर रहा है। इससे जनता में उत्साह है। लेकिन कुछ ताकतें ऐसी हैं जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द हो रहा है। इन्हें सीमापार से समर्थन मिल रहा है। इनका मुद्दा भारत का विकास नहीं है। ये देश को पीछे ले जाना चाहते हैं। ये सरकार में आएंगे तो कश्मीर में फिर से 370 लगाएंगे। सीएए कानून रद्द करेंगे। इंडी गठबंधन और भारत विरोधी ताकतों का एजेंडा एक ही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा के जंगलराज में बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता था।
सपा सरकार में कब किसका प्लाट कब्जा हो जाए कुछ तय नहीं था। माफिया सरकार की जमीन पर भी कब्जा कर लेते थे। जबसे योगी जी आए हैं माहौल भी बदल गया मौसम भी बदल गया। हमारे योगी जी अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में माहिर हैं। मंच पर देवरिया लोकसभा सीट के प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी, बासगांव लोकसभा सीट के प्रत्याशी कमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, बरहज के विधायक दीपक मिश्रा शाका बाबा, देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी, विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

## युवक का अपहरण कर मांगी जा रही फिरौती, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सहित दो को लखनऊ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

कसया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि और उनके छोटे भाई को लखनऊ की क्राइम ब्रांच और गोमतीनगर थाने की पुलिस टीम ने कसया पुलिस के सहयोग राष्ट्रीय राजमार्ग -28 स्थित हिरन्नापुर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।मामला गोमतीनगर लखनऊ के विराट खंड के रहने वाले विनय सिंह का अपहरण कर फिरौती मांगने से जुड़ा हुआ है। अपहरण के बाद युवक के परिजनों से 61 लाख रुपये फिरौती मांगी जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद दोनों को कसया थाने लाया गया जहां जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस टीम अपने साथ लखनऊ लेकर चली गई।
मिली जानकारी के अनुसार मामले में अपहृत युवक के परिजनों ने गोमतीनगर थाने में पूरे मामले का हवाला देते हुए अपहरण और फिरौती का केस दर्ज कराया था। पुलिस फिरौती मांगने वाले मोबाइल नंबर से ट्रेस करते हुए यहां पहुंची थी। शनिवार की सुबह करीब 6.30 बजे लखनऊ क्राइम ब्रांच और गोमतीनगर थाने की पुलिस कुशीनगर चौकी पुलिस के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-28 स्थित भैंसहा गांव के हिरन्नापुर पहुंची, जहां कसया ब्लाक प्रमुख रीना यादव के पति मंदीप यादव व उनके छोटे भाई संदीप यादव को उनके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। प्रमुख पति के घर से अपहृत विनय सिंह भी मिले। मामले में तीन से चार अन्य को भी पुलिस संभावित ठिकानों पर तलाश रही है लेकिन वह नहीं मिले। बता दें कि ब्लाक प्रमुख पति मंदीप यादव वर्तमान में पीडब्ल्यूडी कसया में मेठ पद पर तैनात हैं। इस संबंध में कसया थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि गोमतीनगर थाने में इनके खिलाफ अपहरण कर फिरौती मांगने का केस दर्ज है। लखनऊ क्राइम ब्रांच व गोमतीनगर थाने की पुलिस ने फिरौती मांगने वाले मोबाइल नंबर को ट्रेस करते हुए कुशीनगर पहुंची थी।

## पीएम ड्यूटी में आए सिपाही को इनोवा ने मारी टक्कर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**जन एक्सप्रेस। खुखुन्दू देवरिया**

प्रधानमंत्री की रुद्रपुर रैली में ड्यूटी करने आए सिपाही को इनोवा ने टक्कर मारते हुए सड़क किनारे एक फल के दुकान में घुस गई। इस घटना में सिपाही समेत दो लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा। जहां सिपाही की नाजुक हालत देखते हुए उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।खुखुंदू थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी हृदयानंद यादव (50) पुत्र स्व. हरी लाल यादव आर्मी से रिटायर्ड जवान है। आर्मी सेवानिवृत्ति के बाद वह उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में महाराजगंज जिले के चौक थाना में सिपाही पद पर तैनाती है। जिले में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सिपाही की ड्यूटी लगी हुई है। खुखुन्दू चौराहे पर दुर्गा मंदिर के समीप बाइक से सड़क क्रॉस करते समय शनिवार की देर रात सलेमपुर से तेज गति से आ रही इनोवा गाड़ी सिपाही की बाइक में टक्कर मारने के बाद खुखुन्दू गांव निवासी चुम्मन प्रसाद पुत्र बंसी प्रसाद के फल के ठेले में एवं एक दुकान के कटरैन में घुस गई। इस हादसे में सिपाही हृदयानंद यादव के अलावा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रामनिवास यादव (55) पुत्र स्व. गोदा यादव भी घायल हो गए। आसपास के लोगों के सहयोग से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से इलाज करने के बाद रामनिवास यादव अपने घर चले गए जबकि सिपाही हृदयानंद यादव की स्थिति गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

### व्यय प्रेक्षक ने उड़नदस्ता दलों के कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 को स्वतंत्र , निष्पक्ष पारदर्शी, विश्वसनीय एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र कुशीनगर के अंतर्गत पनियहवा क्षेत्र में कार्यरत फ्लाइंग स्क्वायड टीम (उड़नदस्ता टीम) के कार्यों का निरीक्षण किया। टीमें अपने अपने कार्य क्षेत्रों में मुस्तैदी से कार्य करते पाई गई। व्यय प्रेक्षक ने उड़नदस्ता टीमों/ एफएसटी टीमों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में सावधानी व सजगता से अपना कार्य सम्पादित करते रहें। एफएसटी टीम के सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से करें। निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जायेगी। हम सभी को मिलकर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराना है।

## आज पड़रौना में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह

### ✻ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



लोकसभा चुनाव का अंतिम किला फतह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जनसभा और जन सम्पर्क के जरिए भाजपा मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।इसी क्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को जिले में आएंगे। वह उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना के खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को करीब दस बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पडरौना आएंगे और उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि जनसभा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की अध्यक्षता में शनिवार देर रात होटल शिवराम पैलेस में बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम प्रभारी और संतकबीरनगर के जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम जनसभा को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए आवश्यक प्रत्येक विन्दु पर चर्चा किया। कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक हो इसके लिए युद्धस्तर पर लगकर अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उसके बाद जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय , सांसद विजय कुमार दूबे,सदर विधायक मनीष जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल अन्य पदाधिकारीयों के साथ शनिवार को देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर जमे रहे और तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह,खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, अखिलेश मिश्र, पडरौना विधानसभा प्रभारी डॉ निलेश मिश्र,पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप, विधानसभा संयोजक मार्कण्डेय शाही, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, विशुनपुरा ब्लाक प्रमुख विन्ध्वासिनी श्रीवास्तव,मोतीचक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह,नौरंगिया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव,खड्डा नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश्वर वर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुलाब का फूल भेंट कर कांग्रेसियों ने मांगा वोट

**जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर**



बांसगांव लोकसभा क्षेत्र की बहुचर्चित विधानसभा चिल्लूपार के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपनगर गोला के विभिन्न चौराहों पर मतदाताओं को गुलाब का फूल भेंट कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगकर सम्मानित जनता से अधिक से अधिक मतदान करने की किया अपील। उपनगर के बेवरी चौराहा सहित क्षेत्र के चौराहो पर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्र के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों व राहगीरों ऑटो चालकों बाइक वालों से मिलकर पार्टी द्वारा दिये गये घोषणापत्र पर प्रकाश डालते हुए गुलाब का फूल भेंट किया और साथ ही आगामी 1 जून को इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सदल प्रसाद के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे वाले निशान पर बटन दबाकर मतदान की भी अपील किया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष श्री मिश्र ने सारे गिले शिकवे भूलाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए सम्मानित मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूती से देश में चुनाव लड़ रहा है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को सम्मानित जनता पसंद कर रही है। हम सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता गण सम्मानित जनता से अपील करते है कि कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर कांग्रेस के हाथों को मजबूत करें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जयप्रकाश तिवारी गणेश मिश्रा राम हरि राय मधुकर हरिशंकर गुप्ता श्रवण यादव उदयभान मिश्रा फिरोज खान विनीत शर्मा हाफिज बिस्मिल्लाह खान आदि शामिल रहे।

### देवरिया में कल दहाड़ेंगे अखिलेश एवं राहुल

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आगमन 28 मई मंगलवार को मदनपुर के बरांव चौराहे पर हो रहा है । नेता द्वय लोकसभा क्षेत्र 67 बांसगांव से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सदल प्रसाद के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश महासचिव व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अवनीश यादव ने बताया कि सपा सुप्रीमो एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को मिल रहे भारी जनसमर्थन से एनडीए की मोदी सरकार अपनी विदाई की तैयारी में है।भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां संविधान से खिलवाड़ करने वाले को जनता सबक सिखाना जानती है।

## पूर्व प्रेमी के संग मिलकर प्रेमिका ने घटना को दिया अंजाम

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर/महराजगंज**




पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ताल्ही में 20 मई को गाँव के बाहर सूखे कुंए में करीब 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। जिसको लेकर परिजनों ने गाँव के ही कुछ लोगो पर हत्या का आरोप लगाया था। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के गाँव ताल्ही निवासी मृतक सुटटूर कन्नौजिया उर्फ सोखा पुत्र दूबर उम्र करीब 45 वर्ष गाँव के टोला बहरामपुर की एक महिला पूनम उम्र करीब 40 वर्ष को भूत प्रेत का साया था। जिसको लेकर पूनम मृतक सुद्दुर उर्फ सोखा के पास गई हुई थी।झाड़ फूंक से लाभ होने पर अक्सर पूनम का सोखा के पास आना जाना लगा हुआ था।इसी बीच मृतक सुद्दुर और पूनम में नजदीकियां बढ़ाने लगी। धीरे-धीरे नजदीकियां प्यार में बदल गई। इधर जब इस बात की जानकारी पूनम के पूर्व प्रेमी गुलाम नबी पुत्र एजाज अहमद उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम ताल्ही को लगा तो तिलमिला उठा। गुलाम नबी ने कई बार मृतक सोखा को मना किया लेकिन सोखा गुलाम नबी की बात को नजरअंदाज कर देता था। गुलाम नबी ने पूनम को भी मना किया गया। पूनम से कहा की सुद्दुर मान नही रहा है। पुनम और गुलाम नबी ने मृतक सुद्दुर को जान से खत्म करने की योजना बनाया और 20 मई 2024 को सुद्दुर पुनम से मिलकर पगडण्डी के रास्ते से अपने घर आ रहा था कि रास्ते में एक बाग पड़ी थी जहा पर पूनम व गुलाम नबी ने मिलकर सुद्दुर उर्फ सोखा की हत्या कर दिये तथा हत्या करने के बाद शव को छुपाने के लिए शव को बाग में स्थित एक सूखे कुए मे फेंक दिया। मृतक सुद्दुर जब रात घर नही लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। 22 मई को गाँव के बाग में कुछ लोग बकरी चारा रहे थे। कि कुएं से बदबू आ रही थी। लोगो ने जब कुएं में देखा तो सुद्दुर कन्नौजिया का शव व एक साइकिल गिरा पड़ा था। शव देख लोगों ने शोर मचाया और धीरे-धीरे गाँव के लोग इकट्ठा होने लगे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर फरेंदा सीओ फरेंदा अनुरुद्ध कुमार व पुरन्दरपुर थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम राव व पुलिस टीम पहुँचा गई। पुलिस ने शव व साइकिल को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर आधुनिक चीर घर महराजगंज के लिए भेज दिया। बेटे के तहरीर पर पुलिस जाँच में जुट गई थी। चार दिन बाद 26 मई को पुरन्दरपुर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया। मुखबिर खास की सूचना पर पूर्व प्रेमी गुलाम नबी को समरधीरा से सुबह नौ बजे व साढ़े नौ बजे ग्राम ताल्ही टोला बहरामपुर से प्रेमिका पूनम को उसी के घर से आलाकत्ल समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम राव, एसआई संदीप कुमार यादव, एसआई सुनील कुमार वर्मा,एसआई नेहा कुमारी, कांस्टेबल हरिप्रताप यादव, राजेश यादव, व महिला कांस्टेबल प्रीति सिंह मौजूद रहें।

## भाजपा एनडीए 450 सीट तक पहुंच सकता है यह देश की जनता ने अनुमान दिया है हर समाज ने खुला समर्थन मोदी को दिया है: ठाकुर राकेश कुमार सिंह



जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनकर आ रही है जनता ने हर समाज ने मोदी जी को खुला समर्थन दिया है विरोधी दलों को चैलेंज करके मोदी जी को समर्थन दिया सातवां चरण 1 जून को मतदान होना है 1 जून को भी देश की जनता ने मोदी जी को खुला समर्थन देने का ऐलान किया है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि देश के अंदर कोई समाज अछूता नहीं रहा है जिसने मोदी जी को वोट में दिया हो भाजपा एनडीए 450 सीट तक पहुंच सकता है यह देश की जनता ने अनुमान दिया है भ्रष्टाचारी अत्याचारी जेल जाने के लिए तैयार हो जाएं मोदी जी फिर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर आ रहे हैं।

# कलंकित हुए रिश्ते, बड़ी बहन ने छोटी बहन को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना क्वार्सी क्षेत्र नगला तिकौना रोड, निधिवन में बडी बहन ने छोटी बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार पंकज शर्मा की 16 वर्षीय बेटी टिंवकल का शव घर के अन्दर पडा मिला।

रविवार सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो उनकी दूसरे नंबर की बेटी ट्विंकल शर्मा (16) बेड पर बेसुध पड़ी थी। घरवालों ने उसे जगाने की कोशिश की, मगर कोई जबाव नहीं मिला। सभी घबरा गए और डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर ने ट्विंकल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घरवालों ने सूचना दी। क्वार्सी पुलिस के साथ एएसपी अमृत जैन मौके पर पहुंचे।

परिजनों ने पुलिस को बताया- ट्विंकल का 2 साल पहले एक युवक ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया था। वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा था।



ट्विंकल ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वह युवक कुछ महीने पहले भी घर में घुस आया था और ट्विंकल को जान से मारने की धमकी दी थी। ट्विंकल टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज में 10 वीं की परीक्षा पास करके 11 वीं में गई थी। युवक आए दिन उसका पीछा करके परेशान करता था। बड़ी बहन की गतिविधियां संदिग्ध लगीं नाबालिग छात्रा की हत्या के बाद फील्ड यूनिट समेत 3 टीमें बनाई गईं। परिजनों ने जिस युवक पर हत्या का आरोप लगाया, पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। इस दौरान अधिकारियों को मृतका की बड़ी बहन गार्गी की गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। वह परिवार से अलग दिख रही थी। इस पर पुलिस ने बड़ी बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। सख्ती से पूछताछ करने पर गार्गी ने बताया कि मैंने ही ट्विंकल की हत्या की है। ट्विंकल घर पर शिकायत करती थी, इसलिए मार डाला गार्गी ग्रेजुएशन कर रही है। पुलिस ने बताया कि गार्गी की संगत गलत थी। जिसकी शिकायत ट्विंकल आए दिन माता-पिता से कर देती थी। इससे उसे घर में डांट पड़ती थी। शिकायतों से ही परेशान होकर छोटी बहन की हत्या का मन बना लिया।

शनिवार की रात को ट्विंकल की हत्या करने की प्लानिंग की। वह भागना चाहती थी, लेकिन फिर लौट आई गार्गी ने बताया कि शनिवार शाम को ही मैंने मेडिकल स्टोर से नींद की गोलियां खरीद लीं। घर आई तो उन गोलियों को खाने में मिला दिया। नशीला खाना खाने से पूरा घर गहरी नींद में सो गया। छोटी बहन और दादी एक कमरे में ही दवा के नशे में सो रही थीं। फिर मैंने छोटी बहन ट्विंकल का गला दबा दिया। इससे उसकी मौत हो गई। बहन को मारने के बाद मैं घर से स्टेशन तक गई, लेकिन यह सोचकर वापस आ गई कि अगर वह गायब हुई, तो पुलिस को उसके ऊपर शक हो जाएगा। पुलिस को नाबालिग छात्रा की हत्या में बड़ी बहन के साथ और लोगों के शामिल होने की भी आशंका है। पुलिस सारे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है। आरोपी बड़ी बहन से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिससे घटना से जुड़े सारे तथ्य बाहर आ सकें। एएसपी अमृत जैन ने बताया गार्गी ने पूछताछ में नाबालिग की हत्या का जुर्म कबूला है।

## संदिग्ध हालत में 22वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की चार्म्स कैसल सोसायटी में शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे 22वीं मंजिल से गिरकर सुदेश देवी (58) की मौत हो गई। पुलिस को परिजनों ने बताया कि उनका मानसिक इलाज चल रहा था। पुलिस को प्रारंभिक जांच में मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की बात सामने आई है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि सोसायटी के टावर-बी के गार्ड ने पुलिस को सूचना दी कि एक महिला ने कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने टावर-बी में सभी फ्लैटों में जाकर पूछताछ की उनकी पहचान सुदेश देवी के रूप में हुई। वह मूलरूप से बागपात के ढाकोली की रहने वाली थीं। यहां परिवार के साथ रहती थीं।

## पुलिस से नहीं मिला ठोस आश्वासन तो मंत्री के पास पहुंचे पार्षद

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

वार्ड-28 के भाजपा पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में लगातार चौथे दिन भी सियासी गहमागहमी जारी रही। नगर निगम मुख्यालय पर एकत्र होने के बाद पार्षदों का दल शनिवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त से मिलने पहुंचा, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद पार्षद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिलने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री के हस्तक्षेप से पुलिस और पार्षदों के बीच गहरा रहे विवाद को सुलझाने का प्रयास देर रात तक जारी रहा। हालांकि, गिरफ्तार पार्षद की पत्नी की तहरीर पर पुलिस की तरफ से शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम मुख्यालय में जुटे करीब 70-80 पार्षदों ने पहले सभागार में बैठक की, इसके बाद वीरेंद्र त्यागी, यशपाल पहलवान, विनील दत्त, प्रदीप चौहान, शीतल चौधरी, पूनम सिंह सहित लगभग आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था से मिलने पहुंचा। पार्षद दल के सचेतक अमित त्यागी ने बताया कि पार्षदों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष एक बार फिर अपनी बात रखी।

गिरफ्तार पार्षद पर गलत धाराएं लगाकर जेल भेजने को अनुचित बताया। उसके परिवार की तरफ से दी गई शिकायत पर जांच की कार्रवाई में देरी पर नाराजगी भी जताई। हालांकि, पुलिस अधिकारियों की तरफ से कोई ठोस आश्वासन पार्षदों को नहीं मिला, जिसके बाद कुछ पार्षद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिलने उनके आवास पहुंचे।

# रोडवेज बस में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



खैर थाना अंतर्गत अलीगढ़-पलवल-खैर हाईवे स्थित गांव सुजानपुर और गौमत चौराहे के बीच 26 मई दोपहर शॉर्ट सर्किट से एक रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख बस में बैठी 60-70 सवारियों में अफरा-तफरी मच गई।

यात्रियों ने राहगीरों की मदद से खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। पुलिस कंट्रोल रूम को बस में आग लगने की सूचना दी गई, जिस पर फायर ब्रिगेड कर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे। बस में आग पर काबू पा लिया गया।

बुद्ध विहार डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 87 टी 1966 नोएडा से 60-70 सवारियां लेकर अलीगढ़ की तरफ जा रही थी। जैसे ही बस गांव सुजानपुर और गौमत चौराहे के बीच पहुंची, तभी अचानक बस में आग की लपटें उठने लगीं। हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने आग लगने की जानकारी रोडवेज बस चालक को दी।

चालक ने बस को सड़क किनारे लगा दिया। बस में आग लगने की जानकारी होते ही सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में से निकलने के लिए यात्रियों ने राहगीरों की मदद ली और शीशे की खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। रोडवेज बस में लगता देख ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करने लगे, पर आग नहीं बुझी। सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड के कर्मी पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। रोडवेज के चालक-परिचालक ने बताया कि चलती रोडवेज बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

## आबकारी टीम ने डीएम को सौंपी शीरे की जांच रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ स्थित दि किसान साथा चीनी मिल प्रा. लि. में करीब 35 लाख रुपये की चीनी गायब हो जाने के बाद मिल से शीरा के उत्पादन एवं बिक्री में अनियमितताएं की जांच रिपोर्ट आबकारी विभाग ने डीएम को सौंप दी है।डीएम के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी नरेंद्र सोनकर के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने शीरे की जांच की। टीम ने चीनी मिल पहुंचकर पूरी जांच-पड़ताल की।

जिला आबकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि जांच में शीरा का टैंक खाली व बिल्कुल सूखा मिला है। उन्होंने बताया कि मिल वर्ष 2021 में बंद हो चुकी है एवं शीरे का अंतिम वितरण 07 जुलाई 2022 को किया गया है। मिल में मिले अभिलेखों का भौतिक सत्यापन करने पर शीरे के उत्पादन व वितरण का रिकार्ड सही मिला है। शीरे का भी नियमानुसार ही वितरण किया गया है। जांच में किसी प्रकार की अनियमिता नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल में शीरे से जुड़ी संपूर्ण जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है।शीरे का भी नियमानुसार ही वितरण किया गया है। जांच में किसी प्रकार की अनियमिता नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल में शीरे से जुड़ी संपूर्ण जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है। उधर, चीनी गायब हो जाने के प्रकरण में चीनी मिल प्रबंधन पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। यहां तक कि संबंधित अधिकारियों के मोबाइल फोन भी लगातार बंद जा रहे हैं।

# अब लोगों को सस्ते में मिलेगा राशन, खुलेंगी फेयर प्राइस शॉप

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

सभी लोगों तक सस्ते दामों में घरेलू उपयोग की वस्तुएं और राशन मुहैया कराने के लिए जिले में स्मार्ट फेयर प्राइस शॉप खोली जाएंगी। खाद्य एवं रसद विभाग ने प्रदेश भर से गाजियाबाद को पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए चुना है। अच्छा फीडबैक मिलने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसको शुरू किया जाएगा। इसके तहत 15 कोटेदार का चयन किया गया है, जिनका जल्द ही नोएडा में प्रशिक्षण शुरु होगा।

इन दुकानों में परचून के सामान से लेकर उस क्षेत्र में जिनकी सामग्रियों की मांग अधिक होगी उसके आधार पर बाजार मूल्य से कम दामों में सामान मिलेगा। इच्छुक कोटेदार इस योजना के तहत पंजीकरण करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान ने बताया कि अभी तक 15 कोटेदारों ने इच्छा जताई है। इनका प्रशिक्षण 27 मई से 31 मई तक नोएडा स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास



> कोटेदारों की आय बढ़ाने के लिए और लोगों को सस्ती दरों पर राशन और अन्य सामग्री मुहैया कराने के लिए सरकार यह योजना शुरू कर रही है। प्रशिक्षण के बाद कोटेदार अपने-अपने यहां इस दुकान को संचालित कर सकते हैं।
> **डॉ. सीमा बालियान, जिला आपूर्ति अधिकारी**

संस्थान में होगा जहां अन्य कई राज्यों के कोटेदार भी मौजूद रहेंगे।

इसमें राजस्थान, हरियाणा, यूपी सहित कई राज्य शामिल हैं। इस योजना के तहत कोटेदारों को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) की तरफ से अनाज पर सब्सिडी भी दी जाएगी। इसके अलावा उनको कम ब्याज दरों पर लोन भी मिलेगा।

उचित दर दुकानों को पोषण केंद्र की तरह भी संचालित किया जाएगा। इसमें आटा, चावल, दाल, तेल सहित श्रीम अन्न भी मिलेगा। इसके लिए किसान उत्पादक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा जनसुविधा केंद्र भी होगा और वाईफाई की भी सुविधा होगी। इस पर कम दरों पर मोबाइल डाटा भी मिलेगा।

जिले में खुले हैं चार अन्नपूर्णा भवन अन्नपूर्णा योजना के तहत जिले में चार अन्नपूर्णा भवन या मॉडल शॉप खोली गई हैं। शुरुआत में चारों ब्लॉक में एक-एक दुकानें खोली गई हैं। इन दुकानों पर सस्ती जेनेरिक दवाओं सहित अन्य जरूरत के सामान, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने की भी सुविधा है। जिले में हकीकतपुर उर्फ खुदावास, दूसरा इलायचीपुर, तीसरा टीला शाहबाजपुर और चौथा सरफुद्दीन जावली में बनाई गई हैं।

## सह-संबंध में रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

नगर की जगतपुरी कॉलोनी में रिश्ते के जीजा के साथ सह-संबंध में रह रही 27 वर्षीय राखी की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थित में मौत हो गई। महिला के शरीर पर चोट और जले के निशान मिले हैं। परिजनों ने रिश्ते की बहन और जीजा व उसके पिता सहित पांच के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर दी है। पुलिस मामले को प्रथमदृष्टया खुदकुशी का मान रही है। निवाड़ी थाना क्षेत्र के कस्बा पतला निवासी अमित ने बताया कि उनकी 27 वर्षीय बहन राखी तलाकशुदा थी। राखी गाजियाबाद स्थित एक मॉल में जॉब करती थी। अमित ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले एक ताऊ के दामाद ने उनकी बहन राखी को गुमराह किया हुआ था। राखी करीब एक महीने से उसके पास रह रही थी। अमित के अनुसार शनिवार सुबह उसे सूचना मिली की उसकी बहन राखी की मौत हो गई है। अमित परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो राखी का शव जमीन पर पड़ा था। अमित ने बताया राखी के शरीर पर कई जगह चोट और जलने के निशान थे। अमित ने जीजा और बहन सहित पांच लोगों पर गला दबाकर राखी की हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मोदीनगर पुलिस ने मामले की जांच कर साक्ष्य जुटाए।

राखी ने एक सप्ताह पहले फोन कर बताया था जान का खतरा

अमित ने बताया कि आरोपी की शादी उनके पड़ोस में हुई है। इस नाते वह उनका जीजा लगता है। आरोपी जीजा बिजली मैकेनिक है और जल्दी-जल्दी ठिकाने बदलता रहता है। अमित ने बताया कि पहले उसने 2021 में राखी की शादी मुरादनगर के एक गांव में की थी, मगर आरोपी जीजा ने वह शादी तुड़वा दी।

# अब मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन में बढ़ेगी बेटियों की भागीदारी

जन एक्सप्रेस। नोएडा

इंजीनियरिंग के बाद अब मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में भी बेटियों की भागीदारी बढ़ेगी। तकनीकी कॉलेजों में अब इन क्षेत्रों में बेटियों की संख्या बढ़ाने के लिए आगामी शैक्षणिक सत्र 2024 से विशेष स्कॉलरशिप योजना शुरू की जा रही है। बीबीए, बीसीए और बीएमएस प्रोग्राम की मेधावी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को स्कॉलरशिप के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इस योजना पर करीब 7.5 करोड़ रुपये सालाना खर्च होंगे। ढ्ढएआईसीटीई के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंजीनियरिंग में अतिरिक्त सीट और स्कॉलरशिप के कारण बेटियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसी कारण अब प्रबंधन और कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में बेटियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर होगा। बेटियों को इन क्षेत्रों में उच्च शिक्षा से जोड़े रखने के लिए स्कॉलरशिप सबसे बेहतर माध्यम है। इसीलिए आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीबीए, बीसीए और बीएमएस की छात्राओं को यह नई स्कॉलरशिप मिलेगी। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 3000 से अधिक मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप मिलेगी। इसमें उन्हें सालाना 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस स्कॉलरशिप योजना का मकसद तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा में बेटियों की क्षमता को निखारना है। अभी तक इंजीनियरिंग क्षेत्र में बेटियों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रगति योजना में स्कॉलरशिप दी जाती है। इसमें 50 हजार रुपये सालाना स्कॉलरशिप दी जाती है।

ढ्ढदरअसल, एआईसीटीई पहली बार आगामी सत्र से बीबीए, बीसीए और बीएमएस प्रोग्राम को पढ़ाने की मंजूरी दे रहा है। अभी तक यह तीनों प्रोग्राम को पढ़ाने की मंजूरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मिलती थी। इसीलिए एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त कॉलेजों की छात्राओं को इस स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा। ढ्ढ विज्ञापन

इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के कारण बेटियों की संख्या में लगातार सुधार हो रहा है। वर्ष 2019 में बेटियों की संख्या 29 फीसदी थी। 2020 में 30 फीसदी और 2021 में यह आंकड़ा 36 फीसदी तक पहुंच गया। पिछले दो वर्षों में बेटियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वर्ष 2022 में इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 29 फीसदी और इंजीनियरिंग यूजी इंजीनियरिंग प्रोग्राम में 40 फीसदी पहुंच गया है। पिछले दो वर्षों में बेटियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वर्ष 2022 में इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 29 फीसदी और इंजीनियरिंग यूजी इंजीनियरिंग प्रोग्राम में 40 फीसदी पहुंच गया है।

## 162 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में बंद, चार जून को फैसला

जन एक्सप्रेस। नोएडा

राजधानी में सातों लोकसभा सीटों के लिए मतदान के साथ ही 162 का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया है। अब चार जून को मतगणना के दिन हार-जीत का फैसला होगा। दिल्ली मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने सभी सातों सीटों की ईवीएम सात जगहों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रख दी हैं। यहीं मतगणना होगी। चांदनी चौक क्षेत्र की ईवीएम एसकेवी भारत नगर, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र की आईटीआई नंद नगरी, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र की सीडब्ल्यूजी विलेज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, नई दिल्ली क्षेत्र की अटल आदर्श बंगाली बालिका प्रा. स्कूल, गोल मार्केट, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र की दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेन रोड बवाना, शाहबाद दौलतपुर, पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र की एनएसयूटी, सेक्टर-3, द्वारका और दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र की ईवीएम जीजाबाई महिला आईटीआई, सिरीफोर्ट में रखी गई हैं।

## छात्रों को कुचलने का प्रयास करने वाला थार चालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। नोएडा

नोएडा। छात्रों को कुचलने का प्रयास करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस हरकत में आई और थार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं इसी मामले में यातायात विभाग द्वारा थार चालक पर 35 हजार रुपये का चालान भी किया गया है। आरोपी की पहचान हरी नगर एक्सटेंशन निवासी प्रिंस मावी के रूप में हुई है। उसके पास से थार भी पुलिस ने बरामद की है, जिसे सीज कर दिया गया।

बता दें कि सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के सामने सड़क पर थार से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति काली फिल्म लगी थार से छात्रों को कुचलने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। सात सेकंड के इस वीडियो को देखकर लोग थार चालक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। वीडियो में तेज आवाज में अपशब्द भी बोले जा रहे हैं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि थार के सामने से आ रही युवती अगर सही समय पर आगे से नहीं हटती तो चालक उसे कुचल देता। सेक्टर-126 थाने में दर्ज हुई एफआईआर के अनुसार, हरियाणा नंबर की थार का वीडियो वायरल हुआ है। स्टंट की वजह से सड़क पर चल रहे लोगों की सुरक्षा को भी खतरे में डाला गया है। पुलिस ने वाहन को लापरवाही से चलाने, दूसरों की सुरक्षा खतरे में डालने, शांति भंग करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। केस ओखला बैराज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने दर्ज कराया है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर सात सेकंड का एक वीडियो वायरल हुआ। निजी विश्वविद्यालय के आसपास लगातार स्टंट और मारपीट की घटनाएं सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने इस क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया है।

## राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी युवा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया शरबत वितरण




जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रुद्रा पंडित व उनकी टीम द्वारा सासनी गेट के पला रोड पर शरबत वितरण किया गया रुद्रा पंडित द्वारा बताया गया की इस तपती धूप में लोगो को ठंडे पानी की जरूरत है एवं संगठन समाज के कार्य में हमेशा आगे रहेगा एवं जीतना ज्यादा प्रयास किया जायेगा उतना प्रयास करेंगे गौ माता की सेवा में एवं व्यापारीयों के हित में पहले भी आवाज उठाते रहे हैं और आवाज उठाते रहेंगे बहुत जल्द संगठन 10,000 कार्यकर्त्ता जोड़ेगा इस मौके पर साहिल भारद्वाज, बाबू, प्रशांत पंडित, नितिन कुमार, विपिन यादव, पवन गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली कटौती के मामले में नोएडा जोन के मुख्य अभियंता को नोटिस

जन एक्सप्रेस/नोएडा। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के नोएडा जोन में करीब दस दिनों से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। आम दिनों में करीब 1600 मेगावाट के आसपास रहने वाली बिजली की मांग 2300 मेगावाट से अधिक पहुंच गई है। इस कारण यहां की लाइनें, ट्रांसफार्मर और केबल अधिक लोड के कारण खराब होने लगे हैं। अमर उजाला ने इन्हीं समस्याओं को उठाते हुए 20 मई के अंक में बिजली की मांग बढ़ते ही लगे कटौती के झटके शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए निगम की प्रबंधक निदेशक ईशा दुहन ने नोएडा जोन के मुख्य अभियंता राजीव मोहन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नोएडा जोन में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की सुविधा देने के लिए मुख्यालय ने करीब एक साल पहले यहां के लिए भारी भरकम बजट जारी किया है।

## 1550 में से 1300 बिल्डरों ने नहीं माना यूपी रेरा का आदेश

जन एक्सप्रेस। नोएडा

ग्रेटर प्रदेश के 1300 बिल्डरों ने उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के साथ पत्राचार करने के लिए अब तक अपना प्रशासनिक और कानूनी प्रतिनिधि अधिकृत नहीं किया है, जबकि प्राधिकरण ने पांच माह पहले आदेश जारी किया था। अब तक केवल 250 बिल्डरों ने कानूनी प्रतिनिधि की जानकारी दी है। वहीं, यूपी रेरा ने बिल्डरों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तत्काल अधिकारी अधिकृत नहीं करने पर यूपी रेरा के साथ पत्राचार रोक दिया जाएगा। यूपी रेरा में इस समय 1550 बिल्डर पंजीकृत है। इनके 3633 प्रोजेक्ट हैं। इन प्रोजेक्टों के खरीदार लगातार यूपी रेरा में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनका समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण बिल्डरों की तरफ से जिम्मेदार अधिकारी की कमी होना है। इस पर यूपी रेरा ने जनवरी में एक आदेश जारी किया था।

प्रदेश के सभी बिल्डरों को कानूनी और प्रशासनिक अधिकारी अधिकृत करने का आदेश दिया। इसकी जानकारी बिल्डरों को यूपी रेरा के पोर्टल पर देनी थी, लेकिन पांच माह बीतने के बाद भी केवल 250 बिल्डरों ने जानकारी दी है। इन 250 बिल्डर ने भी केवल कानूनी अधिकारी अधिकृत करने की जानकारी दी है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी की जानकारी नहीं दी है।

# सबसे पहले डाक मतपत्रों की होगी गिनती

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट में प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

जन एक्सप्रेस। नोएडा

चार जून को आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, हॉल में मोबाइल के प्रयोग पर रोक तीन स्तर की होगी सुरक्षा व्यवस्था, पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी व पुलिस रहेगी तैनात गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की मतगणना नोएडा स्थित फूल मंडी में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। मतगणना हॉल में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तर की होगी। यहां करीब पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्रत्याशी और उनके एजेंट को ही मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। शाम पांच बजे तक परिणाम आने की उम्मीद है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की तीन विधानसभा की मतगणना नोएडा स्थित फूलमंडी में होगी, जबकि सिकंदराबाद और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना बुलंदशहर स्थित नवीन मंडी अनूप शहर रोड में होगी। फूलमंडी में मतगणना तीन हॉल में होगी।

हर विधानसभा की मतों की गिनती 14-14 टेबल पर होगी। नोएडा विधानसभा के 747 बूथों की मतगणना 54 राउंड तक चलेगी, जबकि दादरी विधानसभा की मतगणना 51 राउंड में पूरी होगी। वहां 707 बूथ हैं। जेवर विधानसभा में 398 बूथ हैं। यहां वोटों की गिनती 29 राउंड में पूरी हो जाएगी। जेवर विधानसभा में मतों की गिनती सबसे पहले पूरी होगी। खुर्जा और सिकंदराबाद विधानसभा की मतगणना 31-31 राउंड चलेगी। वहां के सहायक रिटर्निंग अफसर हर राउंड की मतगणना का परिणाम गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को भेजेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे पहले पांचों विधानसभा के ईटीपीबी और डाक मतपत्रों की मतगणना होगी। जिसकी संख्या अब करीब 5000 हैं, हालांकि इनकी संख्या बढ़ सकती है। मतगणना शुरू होने से एक मिनट पहले तक मिलने वाले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। इसके लिए 13 और 10 टेबल लगाई गई है। जिसकी संख्या अब करीब 5000 हैं, हालांकि इनकी संख्या बढ़ सकती है। मतगणना शुरू होने से एक मिनट पहले तक मिलने वाले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। इसके लिए 13 और 10 टेबल लगाई गई है।

# सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट मतलब आतंकवाद को फिर से आमंत्रित करना : सीएम

## मुख्यमंत्री ने की भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को चंदौली लोकसभा सीट से जिताने की अपील

*** मोदी सरकार बनाना है, महेंद्र नाथ पांडेय को चंदौली से फिर जिताना है: सीएम योगी**

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



चंदौली लोकसभा सीट के चुनाव प्रचार में पहुंचे सीएम योगी कांग्रेस व सपा पर खूब बरसे। बोले कि कांग्रेस-सपा के लोग सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण नहीं कर सकते। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण नहीं कर सकते। आराध्यों के पवित्र स्थलों का सुंदरीकरण भी नहीं कर सकते तो इन समस्याओं को सिर पर ढोने की आवश्यकता नहीं है। सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। इनको वोट देने का मतलब माफियाराज को हावी करना, हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़, गरीबों के हकों में डकैती और विकास कार्यों में बैरियर लगाना। हमें बाधाएं दूर करके भाजपा को फिर लाना है, क्योंकि दस वर्ष में भाजपा ने इस कार्य को बखूबी किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कच्चा बाबा इंटर कॉलेज शिवपुर वाराणसी में जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को चंदौली लोकसभा सीट से पुनः जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने यहां कच्चा बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। सीएम ने कहा कि वॉटरवे का लाभ भी काशी और चंदौलीवासियों को प्राप्त हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने भगवान बुद्ध के उपदेश की भूमि सारनाथ के सुंदरीकरण, संत कबीर दास के लहरतारा को भव्य स्वरूप और संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन को दिव्य-भव्य रूप दिया है। काशी के मंदिरों, घाटों, विकास को देख सबकी आंखें चकरा जाती हैं। लोग आश्चर्य करते हैं कि यह वही काशी है, जो दस साल पहले थी।

### अपील: गोहत्यारों को मत देने वोट, राम मंदिर से मिला पुण्य पाप में बदल जाएगा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करती है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। हम भारत में किसी को जजिया कर नहीं देने देंगे। इनका घोषणा पत्र अल्पसंख्यकों को मनमर्जी के हिसाब से खानपान की स्वतंत्रता देंगे, लेकिन हम गोमांस खाने की छूट नहीं देंगे। इन गोहत्यारों को वोट देने से राम मंदिर का मिला पुण्य पाप में बदल जाएगा।

### पांच दिन दो से तीन घंटे देश के लिए दें

सीएम ने अपील की कि पांच दिन में प्रतिदिन दो से तीन घंटे देश के लिए दें। प्रतिदिन पांच से छह परिवारों में जाकर मतदाताओं से संपर्क साध कमल के फूल पर वोट देने का अनुरोध करें। ऐसे में पांच दिन में 25 परिवारों से संपर्क होगा यानी पहली जून को 100-125 लोगों को पोलिंग बूथ तक ले जाकर कमल के फूल पर वोट दिलाना है और डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को जिताना है।

### विश्वास: अबकी बार-400 पार में फिर रहेगा चंदौली

सीएम ने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। अबकी बार 400 पार में फिर से चंदौली भी है। नए भारत के शिल्पी पीएम मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में भारत का सम्मान बढ़ा है। आतंकवाद-नक्सलवाद समाप्त हुआ है। गरीबों को फ्री में राशन, अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि, पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर, पीएम आवास योजना का लाभ मिला। मोदी हैं तो विकास, गरीब कल्याण, सुरक्षा, सम्मान और भारत के विरासत का संरक्षण है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर, विंध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर, मारकंडेय धाम भी भव्यता हमें आकर्षित कर रही है। कच्चा बाबा के सैकड़ों वर्ष पुरानी समाधि का स्वरूप भी अब भव्य हो गया है। जो समाज विरासत पर गौरव की अनुभूति करता है, दुनिया की कोई ताकत उसे झुका या परास्त नहीं कर सकती। भाजपा ने विरासत के संरक्षण का कार्य किया है।

### मोदी सरकार बनानी है, महेंद्र नाथ पांडेय को जिताना है

सीएम ने अपील की कि मोदी सरकार बनाने के साथ ही तीसरी बार महेंद्र नाथ पांडेय को चंदौली से जिताना है। चंदौली के विकास के लिए उन्होंने सांसदों, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों संग मिलकर निरंतर कार्य किया है। यहां बाबा कीनाराम के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है तो वहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में काशी का चतुर्दिक विकास हो रहा है। चारों ओर से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नमो भारत, अमृत भारत, वंदे भारत ट्रेन चल रही है।

### पाकिस्तान परस्त लगता है कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र

सीएम ने कहा कि काशी व चंदौली में विकास बुलेट की स्पीड से आता दिख रहा है। हमारी सरकार बाबा कीनाराम की जन्मभूमि पर उनके मंदिर को दिव्य-भव्य रूप देने के लिए कार्य करा रही है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का गठबंधन अनर्थकारी है। दो लड़कों की जोड़ी जब भी मिली है तो अनर्थ की है। कांग्रेस व सपा के घोषणा पत्र को देखकर आप कहेंगे कि यह पाकिस्तान परस्त घोषणा पत्र है। यह सत्ता में आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण को मुसलमानों को दे देंगे, लेकिन मोदी जी ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत इस पर सेंध नहीं लगा पाएगी।



## जौनपुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मतगणना स्थल के पास मिनी ट्रक में खाली ईवीएम मिलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा मल्हनी विधायक लकी यादव मुंगरा बादशाहपुर विधायक पंकज पटेल सहित तमाम समाजवादी पार्टी के समर्थक पहुंचे पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मतगणना स्थल पर वहीं जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गलती से वहां पर ईवीएम मशीन से भरी हुई मिनी ट्रक पहुंच गई वहीं समाजवादी पार्टी के समर्थकों के सामने एवं को चेक कराया गया ईवीएम मशीन पूरी तरह से खाली था उसने किसी भी तरह का मतदान नहीं हुआ था तब जाकर समाजवादी पार्टी के नेता पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मतगणना स्थल से हटे वहीं सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईवीएम मशीन से भरी हुई मिनी ट्रक को कलेक्ट्रेट के निर्वाचन कार्यालय ले आया गया।

## सत्य और धर्म की रक्षा के लिए परमात्मा लेते हैं अवतार: पं. अखिलेश मिश्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बीरमपुर गाँव मे आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यास पीठ से पं. अखिलेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर धर्म की हानि हुई, अधर्म बढ़ा, देव,गौ,विप्र एवं दीनों पर अत्याचार बढ़ता है तो सबका दुःख दूर करने के लिए प्रभु विभिन्न स्वरूप धारण कर अधर्मियों का नाश करते हैं। रावण के अत्याचार से जब जनता त्राहि त्राहि करने लगी तो प्रभु ने राम रूप धारण करके रावण का संहार कर लोगों को सुखी किया। कंस के त्रास से दुःखी देव,धेनु एवं ब्राह्मणों की रक्षा के लिए कृष्ण रूप धारण किया। श्री मिश्र ने कहा कि यद्यपि परमात्मा किसी को मारने के लिए अवतार नही लेते, वे तो अपने भक्तों को दर्शन देने ही आते हैं। जब भक्तो को दुःखी देखते है तो विभिन्न रूप धारण करके भक्तों की रक्षा करते है।प्रह्लाद जी की रक्षा के लिए प्रभु ने नृसिंह रूप धारण किया।होलिका दहन के बिषय में विस्तार से बताते हुए व्यास जी ने कहा कि होलिका अहंकार की प्रतीक है। प्रभु अहंकार का विनाश सबसे पहले करते है। प्रह्लाद को जलाने के चक्कर में होलिका स्वयं ही भस्म हो गयी। वामन चरित्र,सूर्य चंद्र वंश वर्णन के उपरान्त बड़े धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य यजमान राम अछैबर तिवारी ने पूजन अर्चन किया।केशव प्रसाद तिवारी नेआगन्तुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर ज्योतिष तिवारी,भानु प्रताप तिवारी,अच्छेलाल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका की बैठक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रविवार को नगर पालिका परिषद में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर की जनता को जागरूक करने एवं कूडे को गीला व सूखा कूड़ा पृथक-पृथक कर कम्पोस्ट तैयार करने हेतु एक बैठक आहूत की गयी। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर की जनता को जागरूक करने एवं कूडे को गीला व सूखा कूड़ा पृथक-पृथक कर कम्पोस्ट तैयार करने को दृष्टिगत रखते अनिल मैनी, डा0 लक्ष्मी कान्त, मेघा अग्रवाल व संजय अग्रवाल को नगर पालिका परिषद पीलीभीत में प्रमाण पत्र प्रदान करते हुये स्वच्छता का ब्राउन्ड एंबेसडर नियुक्त किया गया। बैठक में नगर के लगभग सभी सम्मानित व्यापारीगण एवं सभासदगण उपस्थित रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवक की ससुराल में शराब के नशे में बवाल मचाने पर हुई पिटाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज गांव में रविवार की सुबह एक 29 वर्षीय युवक की ससुराल में जमकर पिटाई की गई।वह शराब पीकर बवाल मचा रहा था।पड़ोसियों ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। ऊक्त युवक की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी।युवक मडियाहू का निवासी है।वह शादी के बाद से ही शराब पीकर कई बार पत्नी से मारपीट कर चुका है।मारपीट से दु:खी होकर उसकी पत्नी को मायके वाले आठ माह पहले लिवा आये।रविवार को उसका पति नशे के हाल में ससुराल आ गया।वह पत्नी को विदा करने को कहने लगा।जब ससुराल के लोगों ने विदाई से इंकार किया तो वह गाली गलौज तथा बवाल मचाने लगा।उसकी दोनों सालों तथा सरहजों ने उसे डंडे तथा थप्पड़ व चप्पल से जमकर पीटना शुरू कर दिया।अगल बगल के लोगो ने किसी प्रकार उसे छुड़ाया।

### किशोरी को भगाने के आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपी के विरुद्ध मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता के द्वारा दी गई तहरीर में पुलिस को बताया है कि उसकी किशोरी को बीते बुधवार को एक गांव निवासी इसरार पुत्र असगर अली बहला फुसलाकर कर कही भगा ले गया है। उसे बहुत खोजा गया किंतु कुछ पता नहीं चल सका।उसकी नाबालिक किशोरी अभी तक घर वापस नहीं आई है। मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से किशोरी की तलाश कर रही है। इस संबंध मे मुंगरा बादशाहपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि जल्द ही किशोरी को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराने का प्रयास जारी है। और उसे जल्द ही उसके चंगुल से मुक्त करा लिया जाएगा।

### फर्जी मतदान के प्रयास में युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विकास खण्ड सुईथाकला के शेखाही मतदान केंद्र पर शनिवार को सम्पन्न लोकसभा चुनाव में फर्जी मतदान करने के प्रयास में पकड़े गए युवक को पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कटघर निवासी रोहित यादव पड़ोसी गांव करीमपुर बिन्द अंतर्गत शेखाही मतदान केन्द्र पर कथित तौर पर शनिवार शाम फर्जी मतदान करने का प्रयास कर रहा था। मतदान केंद्र पर तैनात भाजपा एजेंटों ने देखा कि उक्त युवक इस गांव का निवासी नहीं है तो उसे पकड़कर पुलिस क्या सौंप दिया। मामले में स्थानीय एक व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171डी, 504, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को चालान न्यायालय भेज दिया।

### गोमती नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर तहसील क्षेत्र के छंगापुर गांव में शनिवार की दोपहर अपने साथियों संग गोमती नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।बताते चले कि छंगापुर गांव निवासी कल्लू विश्वकर्मा के 19 वर्षीय पुत्र शिवशंकर विश्वकर्मा शनिवार को गांव के कुछ साथियों के साथ गोमती नदी में नहाने गया था। नहाते समय नदी में डूब गया। शिवशंकर के साथ नहा रहे अन्य साथियों ने परिजनों के साथ ग्रामीणों को दी। नदी किनारे गांव के लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गोमती नदी से शिवशंकर के शव को बाहर निकाला गया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### दबंगों ने विकलांग समेत पत्नी और पुत्री के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। कस्बा के मोहल्ला गोपी कॉलोनी निवासी डोरी लाल भारती ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि पीड़ित अपने परिवार के लोगो के साथ घर के बहार गेट पर बैठा हुआ था।पीड़ित अनुसूचित जाति का है और एक पैर कटा हुआ है तथा पूरे शरीर से विकलांग है।पीड़ित के पास आय का कोई साधन नही है।वही पीड़ित डोरी लाल के पास के ही सोनू ,गौरव,सूरज मौर्य पुत्रगण रामऔतार ने पुरानी रंजिश मानते हुए और उक्त लोगो ने मौके का फायदा उठाकर व जानबूझकर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 26-एपी- 3715 से सोनू ने टक्कर मार दी।जिससे पीड़ित के हाथ-पैर मे गुम चोटे आई है।तभी पीड़ित के द्वारा उन लोगो से टक्कर मारने की बात कही तो सोनू के दोनो भाई भी आ गए। और गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करने लगे।पीड़ित के द्वारा मना करने पर पत्नी और पुत्री के साथ मारपीट करने लगे।वही लडाई झगड़ा देख रहे पड़ोसी भी आ गए और बीच बचाव करने लगे।और जाते समय पूरे परिवार को जान से मारने दी है।इधर थाना पुलिस ने पीड़ित विकलांग के शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज लिया है।

### एक चक्कर में ही डिस्चार्ज हो रही हैं ई-बसें

जन एक्सप्रेस। वाराणसी। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की अधिकतर ई-बसों की बैटरी जवाब दे रही है। साल भर पुरानी और एसी चलने से एक ही चक्कर बैटरी डिस्चार्ज हो जा रही है। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के बेड़े में 50 ई-बसें हैं। डिपो से एक बार फुल चार्ज होकर 160 किमी बसों का संचालन होता है। इस समय तापमान इतना अधिक है कि गर्मी में वातानुकूलित बसें ज्यादा देर तक चलने के दौरान बंद हो जा रही हैं।

## बाबा तुम्हारे नाम को मैंने दिल में बसा लिया देखा जो तेरा दरबार वहां सर को झुका लिया: सेवक विशाल

*** महंत विशाल सेवक के भजनों पर झूमे सैकड़ों श्रद्धालु**

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार





पीलीभीत। बांसुरी नगरी तराई के जनपद टाईगर रिजर्व पीलीभीत के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी पत्रकार मुकेश कुमार के आवास पर सवामनी प्रसाद का भोग लगाकर हवन अनुष्ठान के साथ श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार बालाजी के परम भक्त जनपद के प्रख्यात भजन गायक महंत विशाल सेवक द्वारा पुष्पों से सुसज्जित भव्य सिंहासन पर श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। बालाजी दरबार भजन संध्या के आयोजक पत्रकार मुकेश कुमार, सहयोगी शिवम कुमार, केशव प्रजापति ने अरुण भारद्वाज एडवोकेट एवं मोहल्ला वासियों के साथ श्री बालाजी महाराज का पूजन बंधन दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में महंत सेवक विशाल द्वारा अमृत में भजन अमृत गंगा की मंदाकिनी में भक्तों को गोते लगवाए उन्होंने अपने मधुर सुरीले कंठ से आरगन, हारमोनियम, ढोलक, नाल, मजीरे आदि संगीत की आरोह अवरोह के बीच भक्तों की मीठी-मीठी तालिया के बीच भजन सुनते बालाजी भगवान का गुणगान करते हुए कहा निराली बाबा की नगरी निराला बाबा मेरा है उमड़ता प्यार का सागर जहां बाबा का डेरा हैं। एक अन्य भजन में किस्मत का ताला खोलने की बात करते हुए विशाल महाराज ने कहा किस्मत का खोल दे जो ताला जी मेंहदीपुर वाले मेरे बालाजी अन्य दूसरे भजन में महंत विशाल सेवक ने कहा बाबा तुम्हारा नाम को मैंने दिल में बसा लिया देखा जो तेरा दरबार वहां सर को झुका लिया। उन्होंने बालाजी के नाम की महिमा का बखान करते हुए भजन में कहा बालाजी के नाम की भक्त करें जयकार मेहंदीपुर में प्रकटे ये कलयुग अवतार भक्तों की फरमाइश पर महंत विशाल सेवक ने कहा है दयालु बाबा मेरा भी भंडार भर देना आपका सेवक हूं बेड़ा पार कर देना। उन्होंने गोलोक बिहारी योगीराज भगवान श्री कृष्ण की प्रिया राधे रानी का भजन जब अपने मधुर कंठ से गाया बरसाने में हुकुम चले बरसाने वाली का तो उस भजन पर भक्तों की ताली के बीच राधे रानी के भक्त अरुण भारद्वाज झूम झूम कर नाच उठे। बालाजी भगवान के परम भक्त सभासद महंत विशाल सेवक ने दरबार में भजन सुनने के उपरांत विशाल हवन अनुष्ठान, वैदिक मंत्रों चारण के बीच कराया हवन में देसी घी, हवन सामग्री तथा गोले की आहुतियां दी गई हवन अनुष्ठान के उपरांत श्री बालाजी भगवान की आरती पूजन वंदन किया गया तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। सभी भक्तों ने बालाजी के दरबार में शीश नवाकर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की गुहार बालाजी भगवान से लगाई।

समारोह में समस्त मोहल्ले वासियों के साथ वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता सुकवि अरुण भारद्वाज, पत्रकार सौरभ सिंह, बॉबी चौधरी, हर्ष तिवारी, रवि रत्नाकर, ऋषभ सक्सेना, सौरभ, अंशु, चिराग सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थित रहीं।

## सफेद हाथी बना... 32 लाख रुपए से कूड़ा निस्तारण केंद्र

*** नगर पंचायत की लापरवाही के कारण बरखेड़ा मे जगह जगह लगे मिल जाएगे कूड़े के ढेर**

जन एक्सप्रेस । हरिओम वर्मा



बरखेड़ा। नगर पंचायत की ओर से भारी-भरकम बजट से 32 लाख रुपए से बनाया गया दो वर्ष पहले कूड़ा निस्तारण केंद्र अब बना सफेद हाथी।वही ऐसे में कूड़े-करकट नगर पंचायत के वार्डों में इधर-उधर फेंका जा रहा है जो नगर मे छुट्टा घूम रहे आवारा गौवंश पशुओ का आहार बन रहा है।जिससे नगर मे संक्रमण रोग फैल ने की आशंका बनी हुई है।और लोग कूड़े-करकट की बदबू से भी परेशान है।सरकार के द्वारा कूड़े-करकट के निस्तारण पर विशेष जोर दिया रहा है।यही वजह है की नगर पंचायत बरखेडा की ओर से 2022 मे नगर से 3 किलोमीटर दूर एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया गया ,लेकिन बाबजूद इसके दो साल बीत जाने के बाद भी कूड़े-करकट निस्तारण केंद्र तक नही पहुंचने के कारण नगर पंचायत की लापरवाही देखी जा सकती है। और कोई रास्ता भी नही बना हुआ है और बरसात के दिनो एमआरएफ सेंटर तक पहुंच पाना बहुत मुश्किल है।

## वॉइस ऑफ़ मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष चुने गए डॉक्टर इसरार अहमद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




बॉईस आफ मीडिया संगठन की मासिक बैठक जिला कार्यालय नगर पंचायत पकड़िया नौगवा में शुरू हुई यहां बॉईस आफ मीडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप काले और संगठन के संरक्षक पं0 रामशिरोमणि शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देशन में रविवार को बॉइस आफ मीडिया संगठन के जिला कार्यालय नगर पंचायत पकड़िया नौगवा में जिला अध्यक्ष का चुनाव किया गया सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से संगठन के सदस्य डाक्टर इसरार अहमद को बॉइस आफ मीडिया संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा इस पर प्रदेश अध्यक्ष प्रेम पाठक ने डॉ इसरार अहमद को बॉइस आफ मीडिया संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया और प्रदेश अध्यक्ष ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया इसके बाद नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ इसरार अहमद ने संगठन के दो उपाध्यक्षो के नाम की घोषणा की इसमें पहले उपाध्यक्ष ऋषि पाल मौर्य और दूसरी श्रीमती राजेन्द्र कौर को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा सभी सदस्यों ने दोनों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया बाकी की जिला कार्यकारिणी जल्दी घोषित की जायेगी ऐसा जिला अध्यक्ष डॉ इसरार अहमद ने बताया इस अवसर पर बॉईस आफ मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम पाठक और प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप त्रिवेदी, सुनील शर्मा, जयपाल वर्मा, नन्हे लाल कश्यप, सर्वेश कुमार सहित कई पत्रकार साथी मौजूद रहे मीटिंग की अध्यक्षता प्रेम पाठक ने की और आभार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बॉईस आफ मीडिया संगठन पीलीभीत डॉ इसरार अहमद ने जताया।

## नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में ठेकेदारों के साथ बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

*** सभी नालो का निर्माण 10 जून तक पूर्ण हो: आस्था अग्रवाल**



रविवार को नगर पालिका परिषद मे निर्माण कार्य कर रहे सभी ठेकेदारो की बैठक की गयी। जिसे पालिका अध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल सभी ठेकेदारो से इस स्पष्ट रूप से कहा की नालो के निर्माण को पूरी गुणवत्ता एवं मानाकों के अनरूप समय सीमा को दृष्टिगत रखते हुये अबिलम्ब पूर्ण कराये। ताकि जल निकासी एवं जल भराव की स्थिति से नगर वासियों को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े। पालिकाध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल ने समस्त पालिका कर्मचारी को यह निर्देश जारी किया। पालिका अध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल ने सभी ठेकेदारो को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 10 जून तक निर्माण पूर्ण करें। बैठक में अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र भारती, अवर अभियन्ता सिविल एवं अन्य पालिका कर्मी उपस्थित रहें।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की गजरौला इकाई का गठन

*** जिलाध्यक्ष हरि पाल सिंह ने सर्वेश शर्मा को सौंपी कमान, महामंत्री बने योगेश**

*** जिले में युवाओं के हाथ संगठन की कमान एकजुटता का संदेश**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गजरौला। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी. का बीसलपुर, पूरनपुर, बिलसंडा के बाद आज गजरौला में इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से सर्वेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया व योगेश को महामंत्री साथ ही सर्वेश शर्मा को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है । जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने सभी पत्रकार साथियों को पत्रकारो के हितो में मजबूती में कार्य करने और आपस में एकजुट होकर जिले एकता के संदेश को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में गजरौला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के इकाई का गठन कार्यक्रम किया गया। पत्रकारों ने जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी करन सिंह चौहान को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने कहा पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण पेशा है जिसमें सभी को संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है। हरिपाल सिंह ने कहा पत्रकारों की एकजुटता के संदेश के साथ वह जिले के आखिरी छोर तक संगठन को मजबूत करेंगे ताकि एकता की मजबूत शक्ति के सामने किसी पत्रकार के उत्पीड़न की किसी की हिम्मत न पड़ सके । जिलाध्यक्ष ने कहा संगठन का मकसद पत्रकारों के हितों की रक्षा और आपसी मतभेद खत्म कर सभी को एक धागे में पोने के लिए लगातार सभी प्रयासरत रहेंगे । पत्रकारिता के क्षेत्र में आज युवाओं की काफी मांग और युवा पत्रकारिता की कमान संभाले हुए है मौका है सभी युवा पत्रकारों को साथ आना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि अगर हमारे किसी पत्रकार भाई का उत्पीड़न या कोई कठिनाइ आयेगी तो सब मिलकर उसका मुकाबला करेगे। इस दौरान कार्यक्रम में महेंद्रपाल शर्मा बंटी, इंद्रजीत, सर्वेश कुमार, अवधेश वर्मा, राही मोहम्मद रजा, राकेश बाबू समेत कई पत्रकार साथी मौजूद रहें।

### बंगाल में 40.85 लाख रुपये की चोरी, वाराणसी में छिपा था शातिर

जन एक्सप्रेस। वाराणसी। पश्चिम बंगाल में 40.85 लाख की नकदी, जेवर और अन्य कीमती सामान चुराकर आरोपी नेवादा सुंदरपुर में अपनी बहन के घर छिपकर रह रहा था। आरोपी को शनिवार को एसटीएफ की वाराणसी इकाई और पश्चिम बंगाल व चितईपुर थाने की पुलिस ने 10 लाख 50 हजार रुपये और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। एसटीएफ की वाराणसी इकाई के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को नेताजी पल्ली निवासी पेपर के थोक व्यापारी सुभाशीष कुंडू के घर चोरी हुई थी। कुंडू के अनुसार चोर घर से 25 लाख के गहने, 10 लाख के कांसा के बर्तन और पांच लाख 85 हजार रुपये नकद चुरा ले गए थे। रायगंज थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू की। सीसी फुटेज से अर्जुन पासवान चिह्नित हुआ। अर्जुन की खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि वह वाराणसी में छिपकर रह रहा है। पश्चिम बंगाल की पुलिस ने अर्जुन की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से मदद मांगी।

# शिवराजपुर कस्बे में हजरत बाबा बल्की शाह की दरगाह पर सालाना उर्स कुल शरीफ के साथ समापन

**एकता का संदेश देकर हुआ उर्स का समापन**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में हजरत बाबा बल्की शाह रहमतुल्लह अलैह की दरगाह पर सालाना तीन रोजा उर्स का आयोजन किया। सौहार्द की अनोखी मिशाल हजरत बल्कि शाह र.अ.46वे उर्स का समापन बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। उर्स को लेकर खुशी का माहौल रहा। कस्बे के पकरा गांव स्थित दरगाह शरीफ का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी ही शानोशौकत के साथ क्षेत्र वासियों ने पुरखुलूस अंदाज में मनाया गया। आसपास से दुकानदार व जायरीनों के आने का सिलसिला बना रहा ।शिवराजपुर कस्बे में अपने रुहानी फैज से आबाद करने वाले हजरत बाबा बल्कि शाह रहमतुल्लह अलैह की याद में सालाना तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया और इशा की नमाज के कस्बे के चेयरमैन प्रतिनिधि कैलाश नारायण, रियाज खान द्वारा कव्वालों को स्वागत कर उर्स का आगाज कराया। शानो शौकत के कव्वालों द्वारा कलाम पेश किए जाएंगे उर्स मुबारक पर अरसद कामली तथा सनम वारसी जवाबी कव्वाली पेश किया।26 मई इतवार को कुल शरीफ के साथ ही उर्स का समापन होगा। इस मौके पर आये कव्वालों ने ÷ना मिलती हो शिफा जिसको किसी आस्ताने से उठा कर खाक ले जाये दरे बल्कि शाह बाबा के आस्ताने से÷जैसी कई बेहतरीन कलाम पढ़ महफ़िल में समां बांधा।हर वर्ष की भांति शिवराजपुर क्षेत्र में हजरत बल्कि शाह आस्ताने रोजा जश्ने उर्स का इल्जास हुआ।अकीदतमंदों ने जश्ने मुबारक में शिरकत की हिन्दू मुस्लिम एकता कमेटी के सरपरस्ती में हुए जश्ने उर्स में फनकारों ने एक से बढ़ कर कलाम पेश किये बहार से आये कव्वाल अरसद कामली और सनम वारसी के बीच जबरदस्त जबावी कव्वाली में बेहतरीन अंदाज ए कलाम पेश कर अकीदतमंदो में तालिया से मज़मा झूम उठा वही चारो ओर बच्चों खेल खिलौने ,मनोरंजन की दुकाने व छबील के पंडालो से तकसीम किया गया जिसमे जायरीनों ने जश्ने उर्स का लुफ्त उठाया थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी टीम को सक्रिय रहा।मौके पर नौशाद अली, नसीम, हनीफ सभासद, जमील, समी, सलमान, तौसीफ, लल्ला, नसीम, रियाज, जमील, कर्मेन्द्र त्रिपाठी, दिलशाद साहिल, निसार, जमीर, शमशाद, तौशीफ पल्लू शहजल आदि मौके पर उपस्थित रहे।

# हाईवे के ढाबों पर सूत्रों के मुताबिक अवैध गतिविधियां बढ़ी, नियमों को ताख पर रखकर संचालित हो रहे ढाबे

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जनपद से सटे हाईवे पर होटल और ढाबों की बाढ आई हुई है । हर सौ मीटर पर कोई न कोई ढाबा संचालित हो ही रहा है। इन ढाबों पर खुलेआम अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। अधिकतर ढाबों पर अपराधी और नशेड़ी काम कर रहे हैं। ढाबों की जांच संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार करना चाहिए । इनको ढील देना लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। हाईवे पर अधिकांश जगह जगह न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही अन्य कोई सुरक्षा का इंतजाम है। जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं वह भी बंद रहते है। होटल ढाबों पर कार्य करने वालों का पुलिस सत्यापन तक नहीं कराया जाता है। होटल ढाबा पर सूत्रों के मुताबिक बाहरी चोर उचक्के टाइप के लोगों को संरक्षण भी आसानी से प्राप्त हो जाता है। कई बार होटल ढाबे पर हो रही घटनाओं के बावजूद भी होटल संचालक अपनी आमदनी में मस्त रहते है। इधर स्वास्थ्य विभाग से भी फूड सेफ्टी लाइसेंस कम ही लोगों ने ले रखे हैं। ढाबो पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी उदासीन है। जिले में विभिन्न हाईवे पर सैकड़ो होटल ढाबे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग यहां परोसी जाने वाली खाद्य सामग्री के नमूने नहीं ले रहा है । ऐसे में इनके खाने की गुणवत्ता कैसी है इसका पता नहीं चलता है। असल में होटल ढाबों के लिए संचालक सरकारी स्तर पर कोई भी प्रक्रिया नहीं अपना रहे हैं। अपनी मर्जी से स्थान चयन कर सड़क किनारे ढाबे खोल देते हैं । अधिकांश होटल ढाबा संचालक इनकी आड़ में अवैध रूप से कई अवैध चीजों की भी बिक्री कर रहे हैं।

**ढाबा संचालक ने पत्रकार को जमकर पीटा**

सफीपुर थाना क्षेत्र में संचालित प्रधान ढाबा के संचालक ने एक चैनल के पत्रकार को जमकर पीटा। हरदोई से लौटते समय पत्रकार संकल्प दीक्षित अपने दोस्तो संग प्रधान ढाबा पर खाना खाने गए। पनीर की सब्जी में खराबी की शिकायत ढाबा संचालक से करने पर संचालक ने ढाबे के कर्मचारियों के साथ मिलकर पत्रकार को जमकर पीटा जिसमे दो व्यक्ति घायल हो गए। पत्रकार ने ढाबा संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

# बिल्हौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइकों में मारी टक्कर, दो की मौत, तीन घायल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के थाना चौबेपुर क्षेत्र में रविवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनो बाइकों पर सवार पांच लोगों में दो की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौबेपुर बेला रोड पर बिरोहा गांव के सामने रविवार दोपहर शिवली से चौबेपुर की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में दोनो बाइकों पर सवार कानपुर देहात जनपद में डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव गांव निवासी 38 वर्षीय मुकेश चंद्र पुत्र जय नारायण शर्मा , 42 वर्षीय छोटे लाल पुत्र भिखारी 45 वर्षीय मंगली पुत्र नंदू और उन्नाव जनपद व कोतवाली क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव निवासी सगे भाई कांति एवं बलराम पुत्र प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कानपुर इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में घायल छोटे लाल और मंगली की मौत हुई और तीन की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# तालाबों पर कब्जा करके भूमाफिया कर रहे अवैध प्लॉटिंग

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

भारत सरकार पड़ रही भीषण गर्मी में आम जनमानस , पशु पक्षियों को गर्मी और प्यास से बचाने तथा किसानों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाने के लिए पूरे देश भर में तालाब बनवाने की महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। जिस पर सरकार का करोड़ों और अरबों रुपया बहा रही है। लेकिन उन्नाव जनपद में भूमाफिया सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे है। कुछ समय पूर्व जनपद में सैकड़ों तालाब नगर पालिका में दर्ज थे लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत के चलते भूमाफिया तालाबों को पाटकर अवैध प्लॉटिंग करने से नहीं चूक रहे है। एक तरफ जहां सरकार तालाबों के सुंदरीकरण में करोड़ों रुपए फूंक रही है वहीं जनपद के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि भूमाफियाओं को अपना संरक्षण प्रदान कर रहे है। शहर के मध्य में स्थित केवटा तालाब तो इतिहास का पन्ना बन चुका है। इस तालाब को लेखपालों की मदद से पाटकर बहुमंजिली इमारतों का निर्माण किया जा चुका है। गदन खेड़ा में तालाब , चांदमारी तालाब , केवटा तालाब जिनका अलग ही महत्व था लेकिन लेखपालों, तहसील कर्मचारियों, अधिकारियों, और जनप्रतिनिधियों के संरक्षण के चलते इतिहास में खो चुके है।

# चौकी प्रभारी का वीडियो हुआ सोशल मीडिया में वायरल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अचलगंज थाना क्षेत्र में कोलुहा गाढ़ा पुलिस चौकी में तैनात उप निरिक्षिक राम निवास यादव का एक वीडियो तेज़ी से सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है। हालांकि जन एक्सप्रेस समाचारपत्र प्रसारित होने वाले वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो मे कोलुहा गाढ़ा पुलिस चौकी में तैनात उपनिरीक्षक राम निवास यादव गांव की कुल देवी पौराणिक चंद्रिका माता मंदिर में चल रही भागवत कथा में महिलाओं के सामने ही अर्धनग्न अवस्था मे बैठे हुए दिखाई दे रहे है। मंदिर परिसर में पुलिस चौकी बनी है जिसमे तैनात उपनिरीक्षक की अभद्रता साफ साफ दिखाई दे रही है। वह महिलाओं के सामने कुर्सी पर अर्ध नग्न अवस्था मे बैठे है जिनको देख कथा में बैठी महिलाएं मुंह घुमा लेती है।बताया जा रहा है कि आयोजक ने दरोगा से तौलिया लपेट लेने को कहा लेकिन वह नही माने।जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

# 178 ट्रांसफार्मर अत्याधिक ओवरलोड, अन्य 816 में बांटा जाएगा लोड, हर दिन कराई जा रही है रीडिंग




जन एक्सप्रेस । कानपुर

कानपुर में भीषण गर्मी में बढ़े लोड की वजह से ट्रांसफार्मरों का दम निकल रहा है। कहीं जंपर, फ्यूज उड़ने की समस्या आ रही है तो कहीं लंबा फॉल्ट हो रहा है। केस्को की जांच में शहर के 178 ट्रांसफार्मर ओवरलोड मिले हैं, जबकि 816 पर आधे से भी कम का भार है। इस काम में कोताही बरतने वाले जेई और अन्य अधिकारियों से जवाब तलब किया जा रहा है। वहीं ओवरलोड ट्रांसफार्मरों का लोड कम लोड वाले ट्रांसफार्मरों में शिफ्ट किया जाएगा। बिजली सप्लाई बाधित होने की मुख्य वजह ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड होना है। तापमान बढ़ने के साथ ही फॉल्ट भी बढ़ गए हैं। कई क्षेत्रों में बिजली तो आती रही, लेकिन एक फेज न आने की दिक्कतें शुरू हो गईं। केस्को के हेल्पलाइन नंबर 1912 में शिकायतों का अंबार लग गया। नौबस्ता, हंसपुरम, दहेली सुजानपुर, कल्याणपुर, बर्रा, सर्वोदयनगर, रतनपुर विद्युत खंड में ट्रिपिंग तेज हो गई। यहां ओवरलोड ट्रांसफार्मर की संख्या सबसे अधिक है। इन्हीं खंड में काफी संख्या में ऐसे ट्रांसफार्मर भी हैं, जिन पर लोड कम है।

> शहर में ओवरलोड ट्रांसफार्मर पर से लोड कम करने से लिए कम भार ट्रांसफार्मर से उन्हें जोड़ा जाएगा। हर दिन ट्रांसफार्मर की रीडिंग कराई जा रही है, जिससे उनके फुंकने का खतरा कम से कम हो सके।
> –श्रीकांत रंगीला, मीडिया प्रभारी केस्को

**ऐसे बिगड़ता है ट्रांसफार्मरों का संतुलन और होते फॉल्ट**

केस्को के तकनीकी अधिकारी के मुताबिक ट्रांसफार्मर में तीन फेज और एक न्यूट्रल रहता है। तीनों फेज में बराबर करंट और न्यूट्रल में 30 से 40 एंपियर तक का करंट होना ट्रांसफार्मर की संतुलित स्थिति कहलाती है। तीनों फेज में किसी एक या दो में लोड इयादा आ गया तो ट्रांसफार्मर असंतुलित स्थिति में पहुंच जाता है। तीनों फेज में अलग-अलग करंट का बहाव और लोड रहता है। न्यूट्रल में 100 एंपियर तक करंट पहुंच जाता है। इस स्थिति में ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ना शुरू हो जाता है। सुबह 11 से दोपहर दो और रात 11 से तीन बजे के बीच लोड पीक प्वाइंट पर पहुंच जाता है।

**हर ट्रांसफार्मर की चेकिंग कर पाना मुश्किल**

शहर में लगभग 7300 ट्रांसफार्मर हैं। कई ट्रांसफार्मर असंतुलित स्थिति में पहुंच रहे हैं। इनमें सुबह, दोपहर और रात के समय करंट और लोड की स्थिति का आकलन जरूरी है। बिजलीकर्मियों को लोड बैलेंस करने के लिए खंभे का लोड ठीक करना पड़ता है। इस कार्य में कई बार दो घंटे तक का समय लग जाता है। दूसरी ओर फॉल्ट भी बढ़ गए हैं। केस्को की गैंग, लाइनमैन और जेई पर चेकिंग का संकट गहरा गया है।

**बिजली अधिकारियों से वसूला जा सकता है फुंके 19 ट्रांसफार्मरों का खर्च**

मई में अब तक 19 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं। पिछले माह 16 ट्रांसफार्मर फुंके थे। केस्को की ओर से जेई समेत अन्य बिजली अधिकारियों को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण दिया गया है। साथ ही ट्रांसफार्मर की जांच कराई जा रही है। उसमें गलती और चूक मिलने पर बिजली अधिकारियों से ट्रांसफार्मर का खर्च वसूला जा सकता है।

# उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज ने लापरवाही से चलाने वाले वाहनों के किए चालान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज ने दिन पर दिन बढ़ती वाहन दुर्घनाओं को देखते हुए पुलिस के तेवर हुए तेज़ जिसको लेकर उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र सब चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र सिंह यूटी उपनिरीक्षक देव सिंह यूटी उपनिरीक्षक संजय सिंह पुलिस फोर्स के साथ नेशनल हाईवे 34 की सर्विस लाइन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी एक पिकअप लोडर पर सवारी लादे आठ से दस सवारियों को लेकर कानपुर से बिल्हौर की ओर जा रहा था जिसका पीछा करते हुए पुलिस कर्मियों ने पकड़कर पूछताछ करने के उपरांत विधिक पूर्वक पुलिस ने चलान करते हुए कारवाई की एवं सतरह मोटरसाइकिल सवारों पर पुलिस ने 34 एक्ट की कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवारों को हिदायत दी।

# आसमान से बरस रही आग रुला रही बिजली कटौती

**मैनपुरी।** गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया है। एक तरफ आसमान से जहां आग बरस रही है तो वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती लोगों को रुला रही है। हाल ये है कि विद्युत उपकेंद्रों की 33 केवीए मुख्य आपूर्ति ही फेल हो जा रही है। शनिवार रात को भी ओवरलोडिंग के चलते ये समस्या बनी रही। वहीं दिन में फॉल्ट और मरम्मत के नाम पर बिजली कटौती का खेल जारी रहा।

# अनियंत्रित कार नहर में गिरी, चाचा-भतीजे की मौत रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अरुहो-सकतपुर मार्ग स्थित कंसुआ पुल के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार के पानी में डूबने के कारण उसमें सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने जेसीबी की मदद से कार को पानी से बाहर निकलवाया। हादसे की जानकारी से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। छिबरामऊ देहात के दीपकपुर गांव निवासी राहुल शाक्य (30) पुत्र लंकुश लाल फोटोग्राफर था। शनिवार को अपनी बुआ की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए फूलराजपुर जाने के लिए कार से निकले थे। साथ में पारिवारिक भतीजा अवनीश शाक्य (26) पुत्र भोजपाल भी था। शादी में पहुंचने से पहले राहुल अरुहो में रहने वाली अपनी बहन संगीता से मिलने भी गया। वहां से रात लगभग 11 बजे फूलराजपुर के लिए दोनों निकले। कंसुआ नहर पुल के समीप सकतपुर मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में चली गई। सुबह पांच बजे ग्रामीण टहलने के लिए निकले तो सड़क पर किसी कार के पहियों के काफी दूर तक घिसटते हुए नहर में गिरने के निशान दिखाई दिए। गांव के युवकों ने नहर में घुस कर देखा तो पानी के अंदर एक कार थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जेसीबी और गोताखोर की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद कार को बाहर निकलवाया। कार के अंदर दो युवकों के शव मिले। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

# किशोरी को बहलाकर ले गया, किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। किशोरी को बहला फुसलाकर युवक अपने साथ ले गया। इसके बाद दोस्त के साथ मिलकर किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया। पुलिस आरोपित के साथी की तलाश कर रही है। तालग्राम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 14 मई को थाना सौरिख के गांव उदारा निवासी प्रमोद सिंह व अवनीश के खिलाफ 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चौकी प्रभारी बेहटा किशन वीर सिंह ने 20 मई को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकवा कट के पास से किशोरी को बरामद कर लिया था। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि होने पर अपहरण और दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट की धाराएं बढ़ाई थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित प्रमोद को ईशन नदी खिरिया घाट पुल से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि दूसरे आरोपित अवनीश की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट जेईई की निशुल्क कोचिंग शुरू

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अच्युदय योजना के तहत शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए यूपीएसएसी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसके लिए स्नातक उत्तीर्ण छात्र अपना आवेदन भरकर निशुल्क कोचिंग कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अच्युदय योजना के तहत यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई की कक्षाएं शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में संचालित हो रही है। इसके साथ ही तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और छिबरामऊ के प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज शिक्षण केंद्रों पर संचालन हो रहा है। प्रवेश के लिए पात्रता सिविल सेवा एवं पीसीएस की परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होंगे। जेईई, नीट के लिए कक्षा 11 व 12 में अध्यनरत अथवा विज्ञान वर्ग के छात्र अर्ह होंगें। छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए निशुल्क कोचिंग का लाभ लें सकते हैं। इसके लिए विभाग के विकास भवन कार्यालय के कक्ष संख्या नौ से आवेदन पत्र प्राप्त कर 15 जून तक जमा करें।

# भीषण गर्मी में 150 गांवों की 10 घंटे गुल रही बिजली

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**चपुन्ना।** भीषण गर्मी में बिजली गुल रहने से आम जनमानस परेशान है। पूरे दिन में महज चार से पांच घंटे ही बिजली सप्लाई हो रही है। शनिवार को सौरिख उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग के चलते मशीन फुंक गई, जिससे 10 घंटे बिजली गुल रही। बिजली न आने से भीषण गमी में लोग बेहाल हो रहे हैं। सौरिख उपकेंद्र से चपुन्ना, नगला चौधरी, नगला धरमाई, खड़िनी, खटकारी, पिपरिया, नगला मक्क, उद्दैतपुर, आदमपुर, रेरीरामपुर, जारिहापुर, तुर्कपुर, कपूरपुर, कुंअरपुर सहित 150 गांव जुड़े हुए हैं। पिछले दो माह से उपकेंद्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। शनिवार को उपकेंद्र पर मशीन फुंकने से 150 गांवों की बिजली गुल हो गई। उपकेंद्र कर्मी उसे सही नहीं कर सके तो छिबरामऊ से टीम को बुलाया गया। टीम ने करीब 10 घंटे बाद बिजली सप्लाई शुरू कराई। बिजली न आने से किसानों की मक्का, मूंगफली, ऊर्दू, मूंग की फसल सिंचाई के अभाव नष्ट हो रही हैं।

**ओवरलोडिंग के चलते लाइन हो रही शिफ्ट**

सौरिख उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग के चलते लाइन शिफ्ट का कार्य भी किया जा रहा है। जगदीशपुर उपकेंद्र से करीब 15 गांव जोड़ा जाएगा। हसेरन उपकेंद्र से करीब 34 पोल की लाइन बनाकर 13 गांव जोड़े जाएंगे, जिससे ओवर लोडिंग कम हो जाएगी। दो दिनों में लाइन शिफ्ट का कार्य पूरा हो जाएगा।

**ऊर्जा मंत्री से एक्स पर की गई थी शिकायत**

20 दिन पहले ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री से एक्स (ट्विटर) पर शिकायत की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अफसरों के जल्द समस्या के समाधान करने की बात कही गई, लेकिन इसके बाद भी बिजली समस्या जस की तस बनी हुई है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**सौरिख।** परौर गांव के करीब शनिवार देर शाम ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में साले की मौत हो गई और जीजा व उसकी बहन घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मैनपुरी के गांव खरपरी निवासी अभिनव (15) पुत्र धर्मेंद्र चौहान शनिवार देर शाम सौरिख थाना क्षेत्र के गांव बेहटा रामपुर निवासी बहनोई आदित्य और उनकी बहन अनुजा के साथ बाइक से उनके घर आ रहे थे। बाइक आदित्य चला रहे थे। सौरिख के ग्राम परौर के निकट सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सीएचसी ले गए, जहां पर डॉक्टर ने अभिनव को मृत घोषित कर दिया। आदित्य की बहन अनुजा की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पर अभिनव के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कूड़े में लगी आग बुझाने के दौरान झुलसे वृद्ध की मौत**

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। गांव मधन में कूड़े में लगी आग को बुझाने के दौरान एक 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गए। कुछ ही देर में मौके पर तड़प कर दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे में वृद्ध की मौत के बाद घर में चीख पुकार मची है। थाना औंछा क्षेत्र के गांव मधन निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक दलवीर कठेरिया (80) ने गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर एक मंदिर का निर्माण कराया है। वह अधिकतर समय मंदिर पर ही साफ सफाई आदि कार्य में बिता रहे थे। रविवार दोपहर करीब एक बजे साफ-सफाई करने के बाद एकत्र हुए कूड़े में आग लगा दी।

# एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टक्करा कर बस खाई में गिरी, 14 घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आजमगढ़ से दिल्ली जा रही स्लीपर बस एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के आगे चल रहे ट्रक से टकरा कर खाई में जा गिरी। हादसे में स्लीपर बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। आजमगढ़ से स्लीपर बस 40 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। सुबह करीब चार बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर कट 203 पर बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए खाई में चली गई। बताया जा रहा चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। हादसा होते ही बस सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। बस में सवार 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मी व ठठिया पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल इमरजेंसी वार्ड पहुंचे और डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों के इलाज की जानकारी ली।

**हादसे में ये हुए घायल**

गोरखपुर के बड़हलगंज निवासी विक्रांत सोनकर (21), बदायूं के उदयती थाना क्षेत्र के कुंदन रोहनाई गांव निवासी नरेंद्र कुमार, आजमगढ़ के नई सब्जी मंडी बालाइसा निवासी चंद्रकला (34), जानकी विश्वकर्मा (60), अर्जुन विश्वकर्मा (15), अजय विश्वकर्मा (32), रितिका विश्वकर्मा (17), फूलपुर थाना क्षेत्र निवासी यतीश सिंह चौधरी (30), फिरोजाबाद के खैरगढ़ थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी भुवनेश कुमार (30), आगरा के अहिनेरा थाना क्षेत्र के राय गांव निवासी रमेश कुमार (45), पुरानी दिल्ली के तिमहारपुर थाना क्षेत्र के गांधीनगर गांव निवासी सुरेश गुप्ता (49), गांव निवासी हीरावती (50) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 44 डिग्री तापमान के बीच बढ़ रहे मरीज अस्पताल में बिगड़ रहीं व्यवस्थाएं

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

44 डिग्री तापमान के बीच जिले में डायरिया, पेटदर्द और सांस की दिक्कत के मरीजों की संख्या बढ़ चली है। जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को बेड तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। रविवार को एक-एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती देखे गए। डायरिया और सांस की दिक्कत से पीड़ित 27 मरीज भर्ती कराए गए। चार मरीजों को हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज सैफई के लिए रेफर किया गया। रविवार को सुबह आठ बजे से ही जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ दिखाई दी। देर शाम तक यहां एक के बाद एक 27 मरीज डायरिया, पेटदर्द और सांस की समस्या से पीड़ित होने पर भर्ती कराए गए। अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण बेडों की कमी देखी गई। एक-एक बेड पर दो-दो मरीज लिटाए गए। अस्पताल में बेड की कमी की समस्या आज की नहीं है पिछले एक पखवाड़े से लगातार यह समस्या जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बनी हुई है लेकिन जिम्मेदार इस समस्या से निजात के प्रयास नहीं कर रहे हैं। महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण कुछ मरीजों को डेंगू वार्ड में दूसरी मंजिल पर भर्ती कराया गया है। यहां मरीजों के लिए गर्मी से निजात की भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है। यहां भर्ती होने वाले मरीजों के लिए कूलर नहीं लगाया गया है जबकि दूसरी मंजिल पर 44 डिग्री तापमान के बीच मरीज तप रहे हैं। यहां लगे पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। जिम्मेदारों को मरीजों की समस्याऐ दिखाई नहीं दे रही हैं। जिला अस्पताल में अवकाश वाले दिन मरीज रामभरोसे ही रहते हैं। अवकाश वाले दिन इंडोरवार्ड में भर्ती चिकित्सक सुबह-शाम मरीजों को देखने के लिए नहीं पहुंचते हैं।

# बेबी केयर सेंटर में आग, सात नवजात की मौत, पांच गंभीर

## ऑक्सीजन सिलिंडर फटा, हर तरफ फैली आग, खिड़कियां तोड़कर निकाले मासूम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शाहदरा के विवेक विहार स्थित न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में सात नवजात बच्चों की मौत हो गई है। पांच बच्चों का इलाज दूसरे अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल से 12 नवजात बच्चों का रेस्क्यू किया गया था। इनमें से छह बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि एक की पहले ही मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से अस्पताल में आग लगी थी। बेबी केयर सेंटर में आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया। शोर-शराबे के बीच स्थानीय लोग मदद के लिए भागे। देखते ही देखते आग ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग के साथ मिलकर इमारत के पीछे की ओर की खिड़कियां तोड़ीं और किसी तरह वहां से नवजात बच्चों को एक-एक कर निकाला। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने की कोशिश की और एक-एक कर बच्चों को रेस्क्यू करना शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि 12 नवजात बच्चों को इमारत से निकाला गया था। इनमें से छह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि एक बच्चे को मृत निकाला गया था। पांच का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत भी गंभीर बनी हुई है। शनिवार रात करीब 11:32 बजे दिल्ली के शाहदरा इलाके में आईआईटी ब्लॉक बी, विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के मुताबिक, चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चे और स्टाफ मौजूद था।



### गैस रिफिलिंग के दौरान सिलिंडर में हुआ ब्लास्ट

जानकारी के मुताबिक, ऑक्सीजन सिलिंडर रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी इमारत में फंसे स्टाफ और नवजात बच्चों को बचान के लिए जुट गए। देर रात तक सभी का रेस्क्यू कर लिया गया। एक नवजात मृत मिला था। नवजात बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान छह नवजात बच्चों ने दम तोड़ दिया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि भूतल समेत तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से आग की लपटों में घिरी हुई थी। इमारत के बाहर खड़ी एक वैन भी पूरी तरह से जल चुकी थी। मौके पर हाहाकार के बीच दमकल कर्मी तुरंत आग बुझाने में जुट गए।

### राष्ट्रपति ने घटना पर जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि विवेक विहार, दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से अनेक बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति दें। मैं इस घटना में घायल हुए अन्य बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की घटना हृदय विदारक है। इस अविश्वसनीय कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।'

### जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी नवजात बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए पोस्ट की है। उन्होंने लिखा कि बच्चों के अस्पताल में आग की ये घटना हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं। घटनास्थल पर सरकार और प्रशासन के अधिकारी घायलों को इलाज मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जो भी इस लापरवाही का जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा।

### एलजी ने मुख्य सचिव से जांच कराने को कहा

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगने की दुखद घटनाओं की मुख्य सचिव से जांच कराने को कहा है। साथ ही पुलिस कमिश्नर को सभी आवश्यक चीजें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी को राहत का आश्वासन देता हूं और सुनिश्चित करूंगा कि दोषियों को सजा दी जाए।

### दम घुटने से बच्चों की मौत हुई

दमकल अधिकारी ने बताया कि उन्हें रात 11:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की कुल 16 गाड़ियां पहुंचीं। तब तक आग की लपटें ऊपर के फ्लोर और पास की दो बिल्डिंग्स में भी फैल चुकी थी। बेबी केयर सेंटर में ऊपर जाने के लिए बाहर की तरफ से लोहे की एकमात्र घुमावदार सीढ़ी है। उसमें भी आग लग गई थी। बेबी केयर सेंटर में भर्ती 12 बच्चों में से एक की मौत आग लगने से पहले ही हो चुकी थी। धुआं भरने के कारण अन्य 11 बच्चों की हालत गंभीर हो गई। दमकल की टीम और स्थानीय लोगों ने लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़कर खिड़की से अन्य 11 बच्चों को बाहर निकाला। तब तक दम घुटने से 6 बच्चों की मौत हो गई। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। रेस्क्यू किए गए 5 बच्चों को एडवांस अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

### अपने-अपने बच्चे की तलाश में जुटे परिजन

घटना के बाद परिजन अपने-अपने बच्चे की तलाश में जुटे हैं। एक नवजात के रिश्तेदार सुमित ने कहा- 20 मई को मेरे भाई के बच्चे को न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हम पुलिस स्टेशन गए और बच्चे की जानकारी मांगी। उन्होंने हमें अस्पताल जाने का कहा। एक बच्चे की मां ने कहा- मेरा बच्चा पिछले तीन दिनों से यहां भर्ती था। उसे सिर्फ बुखार था। आज सुबह एक रिश्तेदार से आग लगने की खबर मिली। अस्पताल से कोई जानकारी नहीं दी गई। सुबह से इधर-उधर भाग रहे हैं, लेकिन बच्चे की कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य बच्चे के एक रिश्तेदार ने बताया- कल हमने अपने बच्चे को देखा था। वे हमें यहां रहने नहीं दे रहे थे। अब हमें उसकी कोई कोई जानकारी नहीं मिल रही है। डीएनए टेस्ट के बाद पहचान पाएंगे कि मृतकों में हमारा बच्चा था या नहीं।

### अस्पताल हादसे के कुछ घंटों बाद कृष्णा नगर में आग लगी, 3 की मौत

चाइल्ड हॉस्पिटल में आग की घटना के तीन घंटे बाद शाहदरा इलाके के कृष्णा नगर में भी एक रेसिडेंसियल बिल्डिंग में आग लगी। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 महिलाएं भी हैं। फायर ब्रिगेड ने 10 लोगों का रेस्क्यू किया है। इनमें 3 लोग झुलसने से घायल हो गए हैं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि रात 2:35 मिनट पर आग की सूचना मिली। आग इंडियन बैंक के पास की गली नंबर 1 की बिल्डिंग में लगी थी। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर स्थित पार्किंग में 11 दोपहिया वाहनों में आग लगी थी, जो पहली मंजिल तक फैल गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग को बुझाया गया। फिलहाल, आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# जम्मू कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे

## अमित शाह बोले, फिर राज्य का दर्जा देंगे, 5 साल के अंदर सीएए लागू होगा, एक साथ चुनाव भी करवाएंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव हो जाएंगे। फिर इसके बाद सरकार के वादे के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश को राज्य को दर्जा दे दिया जाएगा। गृहमंत्री ने यह बातें एक न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दिया। शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की समस्या से लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड तक बात की। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। देश में एक साथ सभी चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसके साथ ही शाह ने कहा कि देश में अगले 2-3 साल में नक्सलियों की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर को चुनाव के बाद राज्य का दर्जा मिल जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू एवं कश्मीर में सफल मतदान से मोदी सरकार की कश्मीर नीति सही साबित हुई है। इस चुनाव में अलगाववादियों ने भी भारी मतदान किया है। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वहां 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होंगे। शाह ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने कहा कि मैंने संसद में कहा है कि हम विधानसभा चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करेंगे। चुनाव खत्म होने के बाद सरकार केंद्र शासित प्रदेश का राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। शाह ने आगे कहा की जम्मू-कश्मीर में हमने परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, क्योंकि परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आरक्षण दिया जा सकता है। हम सुप्रीम कोर्ट की समयसीमा से पहले विधानसभा चुनाव की प्रोसेस पूरी कर लेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर, 2023 को निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

### अगले 2-3 साल में नक्सल समस्या खत्म हो जाएगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के एक छोटे से क्षेत्र को छोड़कर पूरा देश अब नक्सल की समस्या से मुक्त हो गया है। छत्तीसगढ़ में 5 महीने पहले जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तभी से नक्सलियों से राज्य को मुक्त कराने का काम शुरू हो गया है। अगले 2-3 साल में यह समस्या देश से पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। एक समय कुछ लोग पशुपतिनाथ से तिरुपति तक नक्सल कॉरिडोर के बारे में कहा करते थे। अब झारखंड पूरी तरह से नक्सलियों से मुक्त है। बिहार पूरी तरह से मुक्त है। ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश भी पूरी तरह से मुक्त हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश भी मुक्त हैं। पशुपतिनाथ से तिरुपति तक तथाकथित नक्सली गलियारे में माओवादियों की कोई मौजूदगी नहीं है। वामपंथी उग्रवाद की वजह से सुरक्षा बलों के मौत की संख्या 2004-14 में 1750 से 72 प्रतिशत घटकर 2014-23 के दौरान 485 हो गई। वहीं, नागरिकों के मौत की संख्या 4285 से 68 प्रतिशत घटकर 1383 हो गई।

# पीएम मोदी-शाह ने चुनाव में गडकरी की हार के लिए काम किया: संजय राउत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी की हार के लिए काम किया। राउत ने कहा कि फडणवीस ने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। बता दें कि नितिन गडकरी नागपुर से चुनाव लड़ रहे हैं और यह दोनों भाजपा नेताओं (फडणवीस, गडकरी) का गृहनगर है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में एक लेख में संजय राउत ने लिखा, ÷पीएम मोदी, शाह और फडणवीस ने नागपुर में नितिन गडकरी की हार के लिए काम किया। जब फड़नवीस को एहसास हुआ कि उन्हें हराया नहीं जा सकता, तो उन्होंने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। आरएसएस के लोग कह रहे हैं कि फडणवीस ने विपक्ष के लिए गडकरी को हराने का काम किया।

### मोदी-शाह के सत्ता में लौटने के बाद बदल जाएगा यूपी का सीएम: राउत

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हर निर्वाचन क्षेत्र में 25-30 लाख रुपये बांटे थे। उनकी मशीनरी ने अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के उम्मीदवारों को हराने का काम किया। उन्होंने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के बाद मोदी-शाह सत्ता में लौटते हैं तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदल दिया जाएगा।

### भाजपा नेता ने किया पलटवार

संजय राउत के इन दावों पर पलटवार करते हुए महाराष्ट्र के भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह (राउत) भ्रम में है। उन्होंने कहा, भाजपा एक पार्टी नहीं, बल्कि परिवार है। जो लोग हमेशा गुटबाजी की राजनीति करते आए हैं, वे पारिवारिक बॉन्ड को नहीं समझ सकते। पीएम मोदी, शाह, योगी आदित्यनाथ,गडकरी, फडणवीस ये सभी भाजपा के परिवार का हिस्सा हैं। हम हमेशा राष्ट्र प्रथम की नीति पर काम करते हैं। शिवसेना(यूबीटी) नेता पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संजय राउत के लिए केवल राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार ही पहले आते हैं। इसके बाद उनका हित और आखिर में उद्धव ठाकरे आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राउत चाहते हैं तो हम लेख लिख सकते हैं कि कैसे 2019 में वह मुख्यमंत्री बनने की कोशिश कर रहे थे।

### मुझे रेप-हत्या की धमकियां मिल रही: स्वाति मालीवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार 26 मई को यूट्यूबर ध्रुव राठी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ वीडियो पोस्ट किया। इसके बाद मुझे रेप और हत्या की धमकियां मिल रही हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा, जब से मेरी पार्टी आप के नेताओं और वॉलंटियर्स ने मेरे खिलाफ चरित्र हनन, भावनाएं भड़काने और मुझे शर्मसार करने का अभियान चलाया है, तब से मुझे रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

### बीआरएस ने कांग्रेस सरकार पर 1100 करोड़ रुपये के घोटाले का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना के एक बीआरएस नेता केटी रामा राव ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हम पिछले 15 दिनोंसे धान खरीद में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। कोई कार्रवाई नहीं हुई अब तक, न ही किसी ने इस पर कोई प्रतिक्रिया दी। देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। अब तक छह चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इसी बीच बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव तेलंगाना में धान की बिक्री और बढ़िया चावल की खरीद से संबंधित कांग्रेस सरकार से जुड़े 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले की मांग की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेता जो विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से रिश्वत वसूल रहे थे, उन्होंने कार्यालय और दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं से जुड़े घोटालों का पर्दाफाश किया। रविवार को तेलंगाना भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में रामा राव ने कहा कि पहला घोटाला 35 लाख टन धान की बिक्री के लिए निविदाओं से जुड़ा था, वहीं दूसरा आवासीय कल्याणा छात्रावासों के लिए 2.2 लाख टन बढ़िया चावल की खरीद का है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को एक समिति नियुक्त हुई, इसी दिन दिशा-निर्देश जारी हुए, निविदाएं आमंत्रित हुई। यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है।

# राजकोट में आग से 28 की मौत, हाईकोर्ट ने हादसे को बताया मानव निर्मित आपदा, चार जिलों के नगर निगमों से मांगा जवाब



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात के एक गेम जोन में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर हर कोई सहम जा रहा है। अब तक 28 लोगों की इस घटना में मौत हो चुकी है। इस मामले में प्रशासन लगातार सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। 'गेम जोन' के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने घटना का रविवार को स्वतः संज्ञान लिया। साथ ही हादसे को लेकर कहा कि यह प्रथम दृष्टया 'मानव निर्मित आपदा' है।

### जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए गेम जोन

न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ ने कहा कि इस तरह के गेम जोन अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

### राज्य सरकार और नगर निगमों से मांगा जवाब

अदालत ने राज्य सरकार और नगर निगमों से यह भी जानना चाहा कि क्या इस तरह के लाइसेंस, इसके उपयोग और अग्नि सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लाइसेंस इस गेम जोन को दिए गए थे या नहीं। हाईकोर्ट ने समाचार पत्रों की खबरों का हवाला देते हुए कहा कि राजकोट में टीआरपी गेम जोन में फायर एनओसी और निर्माण अनुमति सहित आवश्यक मंजूरी, अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए अस्थायी ढांचे बनाए गए थे। इसमें कहा गया है कि सिर्फ राजकोट ही नहीं, अहमदाबाद शहर में भी ऐसे गेम जोन बनाए गए हैं। ये सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं, विशेष रूप से मासूम बच्चों के लिए। अदालत ने कहा, समाचार पत्रों की रिपोर्टों के माध्यम से जानकारी मिली है कि इस तरह के गेमिंग जोन बिना अनुमति के बनाए और इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

### हादसा मानव निर्मित आपदा

पीठ ने कहा, शुरुआती चरण में यही लग रहा है कि यह हादसा मानव निर्मित आपदा है। अदालत ने आगे कहा कि राजकोट गेम जोन में पेट्रोल, फाइबर और फाइबर ग्लास शीट जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों का भंडार रखा गया था, जहां आग लगी। अदालत ने स्वतः संज्ञान याचिका को सोमवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### खबरों को पढ़कर हैरान थे जज

अदालत ने कहा, हम अखबारों में उन खबरों को पढ़कर हैरान थे, जिनमें यह संकेत दिया गया था कि राजकोट में गेमिंग जोन गुजरात व्यापक सामान्य विकास नियंत्रण नियमों (जीडीसीआर) में खामियों का फायदा उठाकर बनाया गया है। अखबारों में कहा गया कि यह गेम जोन अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाया गया है।

### मृतकों में 12 साल से कम उम्र के 12 बच्चे शामिल

बता दें कि शनिवार शाम राजकोट के टीआरपी 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से 12 साल की कम आयु के 12 बच्चों समेत कुल 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। शव पूरी तरह से जल चुके हैं। ऐसे में उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस के मुताबिक स्कूलों में छुट्टी होने के कारण टीआरपी गेम जोन में बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मस्ती करने पहुंचे थे। इस हादसे की जांच के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया। उसे पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया।

# हिमाचल की सरकार चोरी नहीं कर पाएंगे मोदी: राहुल गांधी

## कहा, आपदा में 9 हजार करोड़ नहीं दिए, पीएम कहते हैं मेरा भगवान से डायरेक्ट कनेक्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को हिमाचल दौरे पर रहे। सबसे पहले उन्होंने सिरमौर के नाहन में शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में रैली की। इसके बाद वह ऊना पहुंचे। यहां उन्होंने हमीरपुर लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में रैली की। राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने अंबानी-अडाणी जैसे 22 परिवारों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया। हिमाचल को आपदा में हुई तबाही से उभारने के लिए 9 हजार करोड़ रुपए नहीं दिए। 22 हजार परिवार आपदा से प्रभावित हुए। हिमाचल के सेब का पैसा अडाणी को पकड़ा दिया। प्रधानमंत्री ने उनकी परवाह नहीं की। 22 परिवारों को अरबपति जरूर बनाया। 24 साल मनरेगा का पैसा प्रधानमंत्री ने 22 बड़े औद्योगिक घरानों को पकड़ा दिया। प्रधानमंत्री हिमाचल में आकर कह रहे हैं कि यहां भी सरकार चोरी करेंगे। लेकिन वह सरकार चोरी नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हिमाचल की जनता उन्हें पहचान गई। मोदी जी कहते हैं कि उनका भगवान के साथ डायरेक्ट कनेक्शन है। यह बात सुनकर चमचे ताली बजाते हैं और कहते हैं, वाह क्या बात कही है। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। राहुल ने कहा कि भाजपा ने करोड़ों रुपये देकर सरकारों को चोरी कर रहे हैं। लेकिन हिमाचल में भाजपा ऐसा नहीं कर पाएगी। सभी भ्रष्ट लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। राहुल ने कहा कि सारा देश जानता है कि पीएम मोदी भ्रष्टाचारी हैं। राहुल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए घोटाला हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये स्कीम अवैध है। राहुल ने कहा कि मोदी अदाणी और अंबानी के लिए काम कर रहे हैं।



### 'कोरोना आया तो कहते हैं थाली बजाओ'

राहुल गांधी ने कहा कि जब कोरोना आया तो मोदी कहते हैं कि थाली बजाओ। फिर लाइट बंद करो। प्रधानमंत्री का काम अस्पताल चलाने का है, वेटिंलेटर देने का है लेकिन नहीं कहते हैं थाली बजाओ। सारा काम अदाणी और अंबानी का करते हैं, मजदूरों के लिए गरीबों के लिए कुछ नहीं करते हैं। मीडिया सिर्फ अदाणी और अंबानी का है।

### राहुल बोले, मोदी कहते हैं कि मैं बायोलॉजिकल नहीं हूं

राहुल गांधी ने कहा कि पुणे में पोर्श कार हादसे में नाबालिग लड़के कोर्ट कहता है कि निबंध लिखो। राहुल गांधी ने कहा कि अगर युवा कोई बिजनेस शुरू करना चाहता है तो बैंक उसे एक रुपया नहीं देगा। राहुल ने कहा कि मोदी जी ने 700 किसानों को शहीद किया। भाजपा अदाणी और अंबानी के कृषि कानून लेकर आई। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार का वादा किया था लेकिन कुछ नहीं मिला। राहुल ने कहा कि मोदी कहते हैं कि मैं बायोलॉजिकल नहीं हूं। कहते हैं जो होता है मुझे नहीं पता कैसे होता है। मैं परमात्मा के कहने पर चलता हूं। जब अदाणी एयरपोर्ट की जांच होगी तो मोदी कहेंगे कि ये मैंने अदाणी को नहीं दिए ये परमात्मा ने मुझसे दिलाए।

### 'चमचे पूछते हैं मोदी जी आम कैसे खाते हो?'

राहुल गांधी ने कहा कि चार चमचे बैठ जाते हैं और पीएम मोदी से सवाल पूछते हैं कि मोदी जी आप आम कैसे खाते हो? छील कर खाते हो या चूस कर खाते हो। एक चमचे ने पूछा कि मोदी जी देश में 20 से 25 लोग अमीर होते जा रहे हैं और गरीब सिर्फ गरीब होते जा रहे हैं। तो मोदी जी ने कहा कि क्या चाहते हो सबको गरीब बना दूं।

### अग्निवीर योजना को करेंगे बंद: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि हिमाचल के युवा सेना में जाते हैं। बॉर्डर पर खड़े होते हैं। पहले कोई जवान शहीद होता था तो शहीद का दर्जा मिलता था। शहीद के परिवार को पेंशन मिलती थी। मोदी ने अब शहीदों के दो प्रकार बना दिए हैं। मोदी ने अग्निवीर बना दिए जिन्हें न पूरी ट्रेनिंग मिलेगी न पेंशन न पूरी नौकरी। अगर कोई युवा देश के लिए शहीद होने के तैयार है तो उसे पूरा हक मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)